


■ सावधान! आपकी जेब पर चल रही है बैंक की साइलेंट कैंची - 12




■ टैक्स नियम सख्त : अब मकान मालिक से रिश्ते का भी देना होगा हिसाब- 12



■ बच्चों के टीकाकरण दिशा निर्देशों में बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा - 13



■ टी-20 वर्ल्ड कप : भारत -जिम्बाब्वे का मैच आज : करो या मरो की चुनौती - 14


आज का मौसम 28.0° अधिकतम तापमान 13.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.43 सूर्यास्त 06.13

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी 12:33 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 26 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 330, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


प्रेम की लाठी



ब्रज में होली का उल्लास चरम पर पहुंचने लगा है। बुधवार को बरसाना में द्वापरयुगीन लीला एक बार फिर जीवंत हुई जहां विश्वप्रसिद्ध लट्ठमार होली में नंदगांव के हुरियारों और बरसाना की हुरियारिनों के बीच भक्ति, प्रेम और ठिठोली का अनूठा संगम देखने को मिला।

## जापान में यूपी को मिले 11 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वैश्विक कंपनियों के साथ एमओयू, कृषि मशीनरी से लेकर ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स तक विस्तार
- योगी बोले, भारत व जापान के औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने वाले हैं पहले दिन हुए करार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापान के अर्थव्यवस्था के उपमंत्री कोमोरी ताकुओ से मिले।

**अमृत विचार :** सिंगापुर में दो दिन के भीतर एक लाख करोड़ रुपये निवेश प्रस्तावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले ही दिन बुधवार को 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन करारों से प्रदेश में कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक प्रिंटिंग, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जापान दौरे के पहले दिन हुए ये करार भारत-जापान औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने वाले साबित होंगे और उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत करेंगे। जिन कंपनियों के साथ एमओयू हुए, उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी अब भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार ही नहीं, बल्कि हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग और ग्लोबल सप्लाई चेन का केंद्र बन चुका है। सुरक्षित निवेश माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और स्पष्ट नीतियों के कारण जापानी कंपनियां यूपी में निवेश को लेकर उत्साहित हैं। 1890 में स्थापित कुबोता कारपोरेशन कृषि और औद्योगिक मशीनरी क्षेत्र की अग्रणी वैश्विक कंपनी है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और जल-अवसंरचना समाधानों में विशेषज्ञता रखने वाली यह कंपनी भारत में एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ मिलकर फार्म मैकेनाइजेशन और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार पर काम कर रही है। इन समझौतों से प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को तकनीकी बढ़त मिलने की संभावना है।

### ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस कंपोनेंट्स पर फोकस

मिंडा कारपोरेशन और जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री के सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर, कनेक्टर्स और ईवी कंपोनेंट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, नागासे एंड कंपनी के साथ हुए करार से एडवांस्ड मैटेरियल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबिलिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में नई साझेदारी विकसित होगी।

### औद्योगिक प्रिंटिंग, हॉस्पिटैलिटी, रियल एस्टेट में विस्तार

सीको एडवांस द्वारा औद्योगिक प्रिंटिंग और ग्राफिक्स के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की योजना है। इसके साथ ही ओएंडओ ग्रुप ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश को लेकर सहमति जताई है। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से रोजगार सृजन और तकनीकी हस्तांतरण को बल मिलेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### युकां कार्यकर्ताओं की हिरासत चार दिन बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने यहां भारत मंडपम में 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कमीज उतार कर प्रदर्शन करने के मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के पांच कार्यकर्ताओं की पुलिस हिरासत बुधवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने हिरासत में पूछताछ के लिए आरोपियों की पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाई है। आरोपियों को 20 फरवरी को किये गए प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उनमें बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, इसकी बिहार इकाई के सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव शामिल हैं।

### सूरत में दंपती ने बेटी के साथ आत्महत्या की

**सूरत।** शहर के वेसु इलाके में एक दंपती ने अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ आत्महत्या कर ली। दंपती की दूसरी बच्ची को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि बिहार निवासी बालमुकुंद, उनकी पत्नी प्रियंका और उनकी बड़ी बेटी की मंगलवार को घर में जहर खाने से मौत हो गई। दंपती की सात वर्षीय छोटी बेटी बच गई। बालमुकुंद एक शेयर कारोबारी थे और घर से काम करते थे। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें एक व्यक्ति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

### पुंछ में सेना ने बरामद किया गोला-बारूद

**जम्मू।** सेना और पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को संयुक्त अभियान ऑपरेशन गनी के दौरान भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ दो विस्फोटक उपकरण बरामद किए। सेना के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स और एसओजी के जवानों ने पुंछ के गनी वन क्षेत्र में संयुक्त अभियान शुरू किया जहां गुफा के नीचे छिपाए गए हथियारों के जखीरे का पता चला। वहां से 4.5 किग्रा का एक बड़ा विस्फोटक उपकरण, 800 ग्राम का एक छोटा विस्फोटक उपकरण, दो चाइनीज ग्रेनेड, एक 9 एमएम पिस्टल, दो 9 एमएम राउंड और 7.62 गोला-बारूद बरामद किए गए।

## एनसीईआरटी पुस्तक में 'न्याय पालिका में भ्रष्टाचार' खंड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### कहा- ये न्याय पालिका को बदनाम करने का सोचा-समझा कदम, बर्दाश्त नहीं करेंगे

- नाराजगी भरे लहजे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- धरती पर किसी को भी न्याय पालिका को बदनाम नहीं करने देंगे
- बोले- उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश भी हैं चिंतित, हमें एक दिन का समय दीजिए, कानून अपना काम करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के कक्षा आठ के पाठ्यक्रम में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम के अध्याय को शामिल करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस धरती पर किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी शुचिता को धूमिल नहीं करने दिया जाएगा। सीजेआई ने सख्त नाराजगी भरे लहजे में कहा, ऐसा लगता है कि यह सोचा-समझा कदम है। मैं किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। कोई कितना भी बड़े पद या प्रभाव वाला क्यों न हो, कानून अपना काम करेगा।

सीजेआई और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की ओर से मामले को तत्काल विचार के लिए उल्लेखित किए जाने के बाद एनसीईआरटी की पुस्तक में न्याय पालिका के बारे में आपत्तिजनक सामग्री का स्वतः संज्ञान लिया। सिब्बल ने कहा, इस संस्था के सदस्य होने के नाते हमें यह जानकर बहुत दुख हुआ है कि आठवीं के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह अध्याय पूरी तरह से निंदनीय है। सिंघवी ने कहा, एनसीईआरटी ने मान लिया कि अन्यत्र भ्रष्टाचार नहीं है। नौकरशाही, राजनीति, सार्वजनिक जीवन और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार का कोई उल्लेख नहीं है।

सीजेआई ने कहा, मुझे इसकी पूरी जानकारी है। उन्हें कई फोन और संदेश मिले हैं और कई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी चिंतित हैं। जब सिब्बल ने उम्मीद जताई कि पीठ स्वतः संज्ञान लेगी तो सीजेआई ने कहा, एक दिन इंतजार कीजिए। यह निश्चित रूप से पूरी संस्था के लिए चिंता का विषय है। बार और पीठ दोनों परेशान हैं। व्यवस्था से जुड़े हर हितधारक वास्तव में परेशान हैं। उन्होंने सिब्बल को बताया कि उन्होंने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए पहले ही आदेश पारित कर दिया है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह पुस्तक संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है।

### भ्रष्टाचार को बताया है न्याय पालिका की प्रमुख चुनौती

कक्षा आठ के लिए एनसीईआरटी की समाज विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक के इस अध्याय में लंबित मामलों के भारी बोझ और न्यायाधीशों की कमी के साथ भ्रष्टाचार को भी न्यायिक प्रणाली की बड़ी चुनौती बताया गया है। पुस्तक के 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है।

### एनसीईआरटी ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटाया

इस बीच, एनसीईआरटी ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंश को हटाया जा सकता है। एनसीईआरटी ने अध्याय से संबंधित विषय विशेषज्ञों और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की अनुशंसा की समीक्षा के लिए एक आंतरिक बैठक बुलाई है। एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सकलानी ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### संदर्भ से बाहर लिया बयान, पूर्व सीजेआई गवई भी नाराज

पुस्तक में पूर्व सीजेआई बीआर गवई का भी उल्लेख है जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों का लोगों के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सूत्रों ने बताया कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व सीजेआई के बयान को संदर्भ से बाहर लिया गया और बताया जा रहा है कि वह भी इससे नाराज हैं। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, यदि छात्रों को भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना है तो आदर्श रूप से इस अध्याय में उन्हें भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए था न कि किसी संस्था को निशाना बनाया जाना चाहिए था।

## मोदी से मेरी दोस्ती दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों की प्रतीक



हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते नेतन्याहू और उनकी पत्नी।

- नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा के साथ किया प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत
- मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत होने की उम्मीद जताई

"मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और श्रीमती नेतन्याहू ने हवाई अड्डे पर मेरा भव्य स्वागत किया। मैं द्विपक्षीय चर्चाओं और सार्थक परिणामों की आशा करता हूं जो भारत-इजराइल मित्रता को मजबूत करेंगे।

– प्रधानमंत्री मोदी

यरूशलम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को इजराइल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी की नौ वर्षों में इजराइल की यह दूसरी यात्रा है। जुलाई 2017 में इस देश की उनकी पहली यात्रा के दौरान भारत-इजराइल संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया था।

नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से गले लगाकर अभिवादन किया और कहा, इजराइल में आपका स्वागत करना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है, प्रधानमंत्री मोदी। इसके बाद तेल अवीव से 20 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित हवाई अड्डे पर मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। नेतन्याहू ने कहा कि उनका और मोदी का घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध है, हम अक्सर बात करते हैं और मेरा मानना है कि हमारे बीच की गहरी दोस्ती हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को सशक्त रूप से दर्शाती है। नेतन्याहू ने 'एक्स' पर कहा, मेरी पत्नी सारा और मैंने आज अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया, जो इजराइल की ऐतिहासिक यात्रा के लिए पहुंचे हैं।

इजराइल यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच स्थाई संबंधों को और सुदृढ़ करेगी तथा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। मोदी ने कहा, भारत-इजराइल के बीच एक मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार और गतिशीलता देखी गई है।

## बेतुकी फरमाइशों पर बीएसएनएल के निदेशक को नोटिस, दो अफसर हटाए

- प्रयागराज यात्रा के दौरान साबुन-तेल और अंडरवियर तक के इंतजाम के थे निर्देश, 50 अफसरों को सौंपी गई थी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बीएसएनएल के वरिष्ठ निदेशक विवेक बंजल को उनके प्रस्तावित प्रयागराज दौरे के लिए की गई बेतुकी फरमाइशों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इन फरमाइशों को बेतुकी और शर्मनाक करार दिया है। इस मामले से जुड़े दो वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला भी कर दिया गया है।

इन अधिकारियों में से एक बृजेंद्र कुमार सिंह का प्रयागराज से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्थानांतरण किया गया है, जबकि जोगेश्वर वर्मा को राष्ट्रीय दूरसंचार क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। जोगेश्वर ने ही बंजल की यात्रा से संबंधित विवादित कार्यालय आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। प्रयागराज में 25-26 फरवरी को होने वाली बंजल की यात्रा के लिए लगभग 50 अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिसमें बंजल के लिए परिवहन, आवास के अलावा उनके अंडरवियर, तौलिये, कंघी और आईने तक का इंतजाम शामिल था।

## जम्मू: आय से अधिक संपत्ति के मामले में उप मुख्यमंत्री के भाई के घर एसीबी का छापा

**जम्मू।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को जम्मू में उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी के भाई विजय चौधरी के आवास पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में छापा मारकर तलाशी ली।

अधिकारियों के मुताबिक विजय चौधरी जम्मू-कश्मीर पुलिस में निरीक्षक पद पर तैनात हैं। टीम विजय चौधरी के आवास पर तलाशी ले रही है। आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाईकी जा रही है। छापेमारी संतोक विहार-कालोचक क्षेत्र स्थित उनके घर पर तड़के शुरू हुई। निरीक्षक विजय चौधरी का तबादला पिछले वर्ष सितंबर में लद्दाख कर दिया गया था।

## मुंबई के पाली हिल में अनिल अंबानी का 3,716करोड़ रुपये का घर कुर्क



- 17 मंजिल का 66 मीटर ऊंचा है घर, अब तक 15,700 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर ''एबोड'' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) की ओर से कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया गया। ऐसा करने के लिए धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत एक अस्थाई आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है।

इस बीच, बताया गया है कि अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था।

## बसपा के इकलौते विधायक के ठिकानों पर आयकर छापे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी के मंत्री दिनेश सिंह ने की आलोचना, कहा- बीमार विधायक को कुछ हुआ तो संस्था जिम्मेदार

**अमृत विचार :** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ, बलिया, सोनभद्र और कौशांबी के ठिकानों पर आयकर टीमों ने बुधवार को छापेमारी की। प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा है कि यदि बीमार विधायक को कुछ हुआ तो संस्था जिम्मेदार होगी।

बराती बनकर गाड़ियों के काफिलों से पहुंचे 50 से अधिक अधिकारियों ने इन ठिकानों पर तलाशी ली। इस दौरान सभी परिजनों के मोबाइल कब्जे में ले लिए गए। तीन बार बसपा से विधायक उमाशंकर सिंह का लखनऊ के गोमतीनगर के विपुलखंड में आवास है। उनका कंस्ट्रक्शन और खनन का कारोबार है। कंपनियां उनकी पत्नी और भाई के नाम रजिस्टर्ड हैं। दो साल से कैंसर से पीड़ित उमाशंकर आवास पर ही इलाज करा रहे हैं। बुधवार सुबह लखनऊ के साथ पैतृक आवास बलिया, सोनभद्र के राबर्टगंज और कौशांबी में आयकर टीमों ने एक साथ छापेमारी की।

## हरियाणा : सरकारी खातों से 590 करोड़ उड़ाने वाले 4 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** भष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राज्य सरकार के विभागों के खातों से 590 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में बैंक अधिकारियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

आईडीएफसी बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में सरकारी विभागों के खातों से पैसा अवैध रूप से निजी बैंक खातों में भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपियों में आईडीएफसी बैंक के प्रबंधक रिभव ऋषि और रिलेशनशिप मैनेजर अभय हैं, जिन्हें मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है। एक निजी फर्म की मालिक अभय की पत्नी स्वाति और उसके भाई अभिषेक को भी गिरफ्तार किया गया है।

टैरिफ वार | ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाया अनुचित सब्सिडी देने का आरोप, इंडोनेशिया और लाओस पर भी शुल्क लागू

## अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126% प्रतिपूर्ति शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी देशों पर 24 फरवरी से लागू शुल्क से अतिरिक्त होगा यह शुल्क



अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87% का प्रतिपूर्ति शुल्क लगाया है। भारत के साथ अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित 'क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल' पर भी अलग-अलग शुल्क दरों की घोषणा की है। इनमें संयोजित और असंयोजित दोनों मॉड्यूल शामिल हैं।

अमेरिकी आदेश के अनुसार, 24 फरवरी 2026 को अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) से क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल के संबंध में प्रतिपूर्ति शुल्क जांच में अपने प्रारंभिक निष्कर्षों की घोषणा की। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन की ओर से 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त हैं। आदेश के अनुसार, अमेरिका में भारत से सौर आयात 2022 के 8.38 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 79.26 करोड़ डॉलर हो गया। आदेश में कहा गया, यदि इसे स्थगित नहीं किया गया तो इन प्रतिपूर्ति शुल्क जांच के अंतिम निर्णय छह जुलाई, 2026 को जारी किए जाएंगे। वाणिज्य विभाग भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सौर सेल के संबंध में समानांतर रूप से डंपिंग रोधी शुल्क जांच भी कर रहा है। प्रतिपूर्ति शुल्क कंपनियों को सब्सिडी वाले आयात से बचाने में मदद करते हैं।

### आयातित सौर सेल पर 2022 में लगाया था सीमा शुल्क

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के साथ आयात को कम करने, स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करने के लिए भारत ने अप्रैल, 2022 में आयातित सौर सेल और मॉड्यूल पर मूल सीमा शुल्क लगाया था। इसी के साथ लिए सरकार ने ''रूफटॉप सोलर'' कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना और सीपीएसयू योजना (द्वितीय-चरण) जैसी योजनाओं के तहत आने वाली परियोजनाओं में भारत में निर्मित पैनल एवं सेल का उपयोग अनिवार्य किया है।

### लगातार घट रहा है सौर मॉड्यूल का आयात

भारत में सौर मॉड्यूल का आयात 2024-25 में घटकर 2.15 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया जो 2023-24 में 4.35 अरब डॉलर था। चीन से आयात भी पिछले वित्त वर्ष में घटकर 1.7 अरब डॉलर रह गया, जो 2023-24 में 2.85 अरब डॉलर था। भारत जिन अन्य देशों से आयात करता है उनमें वियतनाम, हांगकांग, मलेशिया और सिंगापुर शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेमी ने ससुराल में फोन कर रिश्ता तुड़वाया

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र की ढकिया पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के युवक का दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम प्रसंग था। परिजनों ने युवती की शादी दूसरी जगह तय कर दी थी, इसके बाद प्रेमी ने युवती की ससुराल में फोन कर प्रेम प्रसंग की बात बता दी। ससुरालियों ने शादी से इंकार कर दिया। लोगों ने बताया कि लड़की व लड़के के अलग अलग समुदाय का होने के कारण दोनों के परिजन रिश्ते के लिए राजी नहीं हुए। बेटी का रिश्ता बिरादरी में तय कर दिया। प्रेमिका का रिश्ता तय होने पर प्रेमी ने प्रेमिका की होने वाली ससुराल में फोन कर बताया कि जिस लड़की का रिश्ता उनके यहां तय हुआ है वह उस लड़की से प्रेम करता है और उसी से शादी करेगा। होने वाली बहू का प्रेम प्रसंग का मामला सामने आते ही लड़के वालों ने लड़की के परिजनों से शादी करने से इंकार कर दिया। मंगलवार को युवती के परिजनों ने ढकिया पुलिस चौकी में तहरीर दी।

### दिक्कत: टूटी सड़कों की नहीं हो रही मरम्मत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह टूटी सड़कें लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। गड्ढों से भरी सड़कों पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। दोपहिया चालक अक्सर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण मार्गों पर एंबुलेंस और स्कूल वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद मरम्मत कार्य समय पर शुरू नहीं हो पा रहा। बरसात से पहले सड़कों की स्थिति और खराब होने की आशंका है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से जल्द पैचवर्क और स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

### गर्मी की आहट प्याऊ मरम्मत की उठी मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी का अहसास शुरू होते ही शहर में पेयजल की जरूरत बढ़ने लगी है, लेकिन कई स्थानों पर लगे सार्वजनिक प्याऊ खराब पड़े हैं। कहीं मोटर खराब है तो कहीं टंकी खाली पड़ी है। बाजार, चौराहों और बस अड्डों पर राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी से पहले प्याऊ दुरुस्त करने की बात होती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार नहीं दिखता। लोगों ने मरम्मत और नियमित जलापूर्ति करने की मांग की है।

## ईपीसीएच के चेयरमैन ने मेटल हस्तशिल्प सर्विस सेंटर में किया हस्तशिल्प एक्सपो का उद्घाटन

# मेटल क्राफ्ट इंडस्ट्री दशकों से हस्तशिल्प निर्यात का मजबूत आधार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा हस्तशिल्प एक्सपो मुरादाबाद 25 फरवरी से एक मार्च तक मेटल हस्तशिल्प सर्विस सेंटर में बुधवार से प्रारंभ हुआ। इसमें भारत के मशहूर क्राफ्ट हब की बेहतरीन मेटल हस्तशिल्प को करते हुए विजिटर्स, रिटेलर्स और ट्रेड प्रोफेशनल्स को शानदार और खूबसूरती से बने हाथ से बने उत्पादों को खरीदने का बेहतरीन अवसर साबित होगा।

एक्सपो का उद्घाटन ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज खन्ना ने किया। ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि हस्तशिल्प एक्सपो के माध्यम से हम देश के भीतर हस्तशिल्प कारीगरों के लिए मजबूत मार्केट इकोसिस्टम बनाना चाहते हैं। मुरादाबाद की मेटल क्राफ्ट इंडस्ट्री दशकों से भारत के हस्तशिल्प निर्यात का मजबूत आधार है। इसके माध्यम से हम ऐसा मंच दे रहे हैं, जहां कारीगर और निर्माता सीधे रिटेलर्स और संस्थागत खरीदारों से जुड़ सकें।



स्टॉल पर प्रोडक्ट की जानकारी देते दुकानदार।

- मुरादाबाद, जोधपुर, एमपी का मेटल क्राफ्ट, तमिलनाडु का तंजावुर शील्ड क्राफ्ट प्रदर्शित



पीतल के पॉट पर नक्काशी करती महिला।

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने कहा कि यह यह एक्सपो मुरादाबाद में हाई-पोटेंशियल सोर्सिंग और रिटेल प्लेटफॉर्म लेकर आया है, जहां विजिटर्स एक ही छत के नीचे मेटल क्राफ्ट और लाइफस्टाइल कैटेगरी के अलग-अलग प्रोडक्ट्स देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मेला सुबह 11:00 बजे से रात 9:00 बजे तक विजिटर्स के लिए खुला है। इसका उद्देश्य मौके पर ही बिक्री (ऑन-द-स्पॉट सेल्स) को बढ़ावा देना है। इस दौरान ईपीसीएच की कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के सदस्य सलमान आज़म, रोहित ढल, नावेद उर रहमान, डॉ. रविंदर कुमार के अलावा अन्य निर्यातक व खरीदार मौजूद रहे।



हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ करते चेयरमैन नीरज खन्ना।

### क्षेत्रीय शिल्पों को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने कहा कि ईपीसीएच क्षेत्रीय शिल्पों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी मार्केटिंग प्लेटफॉर्म तैयार करने के निरंतर प्रयास करता रहा है। इस एक्सपो में मुरादाबाद का आर्ट मेटल क्राफ्ट, जोधपुर का मेटल क्राफ्ट, मध्य प्रदेश का बेल मेटल क्राफ्ट, तमिलनाडु का प्रसिद्ध तंजावुर शील्ड क्राफ्ट, छत्तीसगढ़ का ढोकरा क्राफ्ट सहित अनेक अन्य प्रमुख शिल्प शामिल हैं।

### घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी रियासत खां ने बताया कि उनका पुत्र बिलाल वेल्डिंग का काम करता है। वह बात-बात पर घरवालों से झगड़ा करता है। बीते मंगलवार झगड़ा कर घर से कहीं चला गया और फोन रिसीव नहीं किए। शाम के समय उसके एक दोस्त ने फोन कर बताया कि उसने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। परिजन व दोस्त आंबेडकर पार्क पहुंच गए और बिलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

काफी देर हालत में सुधार नहीं होने पर रेफर कर दिया। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. एसके व्यास ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। साथ ही पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली हैं।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक की सेवा खत्म

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर के चिकित्साधीक्षक पर भी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आयुष्मान कार्ड बनवाने में लापरवाही बरतने पर बिलासपुर के संविदाकर्मी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक शहाबुद्दीन की बुधवार को सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर के डॉ. अजीज हसन अंसारी पर भी गाज गिरी है। उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के साथ ही उनका पद छिन गया है। उनके स्थान पर डॉ. माणिक अग्रवाल को कार्यभार सौंपा गया है।

बिलासपुर में पिछले पांच दिन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा पांच दिन में चार परिवारों के 53 सदस्यों के और एक परिवार के 22 सदस्यों के कार्ड बनाए गए थे। बिलासपुर में परिवार लक्ष्य 18,851 के सापेक्ष 16,469 कार्ड बनवाए गए हैं। 62.42 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं जोकि, मानकों के अनुरूप नहीं हैं। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में गंभीर लापरवाही मानते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बुधवार को संविदाकर्मी शहाबुद्दीन की सेवा समाप्त कर दी है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी को प्रतिकूल प्रविष्टी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्साधीक्षक डॉ. माणिक अग्रवाल को बनाया गया है। डॉ. माणिक अग्रवाल बिलासपुर अस्पताल में ही तैनात थे।

**इन ब्लॉकों में लक्ष्य के सापेक्ष बने कार्ड**

| ब्लॉक | लक्ष्य | बने कार्ड | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| स्वार | 35717 | 31644 | 88.6 |
| मिलक | 25513 | 22477 | 88.1 |
| चमरौआ | 20482 | 18010 | 87.93 |
| बिलासपुर | 18851 | 16469 | 87.36 |
| सदर | 79998 | 67459 | 84.33 |
| सैदनगर | 22814 | 18917 | 82.92 |
| शाहबाद | 24807 | 18443 | 74.35 |

- प्रतिकूल प्रविष्टि के अलावा चिकित्साधीक्षक पद छिना

"आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य तेजी से पूरा किया जाए। इस मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम द्वारा आयुष्मान कार्ड की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।
- डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में धरना आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिक्षक फेडरेशन आफ इंडिया तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता का विरोध जारी है। तीसरे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। आज शिक्षक धरना देंगे। बीएसए कार्यालय से डीएम कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक ने अन्य शिक्षकों के साथ इस आदेश का विरोध किया।

महानगर अध्यक्ष ने बताया कि 22 फरवरी से सभी शिक्षक संगठन टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया के बैनर तले एकजुट होकर इस आदेश का विरोध कर रहे हें। इसके क्रम में 26 फरवरी को शिक्षक पहले दोपहर एक बजे से चार बजे तक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचेंगे। वहां प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा जाएगा।

# युवक को थप्पड़ मारने में दरोगा, सिपाही लाइन हाजिर

संवाददाता, मिलक

- मस्जिद पुनर्निर्माण के विवाद के बाद प्रशासन ने हटवाया अवैध निर्माण

**अमृत विचार :** पुरानी मस्जिद के पुनर्निर्माण को लेकर हुए विवाद में बुधवार को प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में निर्धारित दायरे तक मस्जिद की दीवार और मीनार को हटा दिया है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं युवक द्वारा वीडियो बनाने के दौरान थप्पड़ मारने के मामले में दरोगा लाइन हाजिर व सिपाही को निलंबित कर दिया है।

मिलक क्षेत्र के ग्राम निस्वी में मस्जिद पुनर्निर्माण को लेकर दूसरे समुदाय के लोगों ने निर्धारित दायरे से अधिक विस्तार में हो रहे मस्जिद निर्माण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया था कि मस्जिद के ऊपर मीनार बनाई जा रही है, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को सौंपा व विरोध दर्ज कराने के बाद ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने संबंधित लोगों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने एहतियातन निर्माण कार्य रुकवा दिया था। बुधवार को प्रशासन ने गांव पहुंचकर मस्जिद के ऊपर बनाई गई अवैध मीनार को हटवा दिया है। वहीं कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि अवैध रूप से निर्माण की गई मीनार को हटवा दिया गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोतवाली में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक युवक को थप्पड़ मारने के मामले में गांव निवासी अरुण की शिकायत पर कोतवाली में तैनात एक दरोगा सचिन कुमार को लाइन हाजिर और एक सिपाही अंकित चौधरी को निलंबित कर दिया गया है।

# गवर्नमेंट प्रेस के ज्वाइंट डायरेक्टर का गंगा में शव मिला, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बुधवार सुबह गंगा स्नान के लिए निकले थे बच्चू सिंह

**अमृत विचार :** रामपुर जजेज रोड स्थित गवर्नमेंट प्रेस के ज्वाइंट डायरेक्टर का शव बुधवार को हापुड़ के ब्रजघाट से एक नाव में बरामद किया गया। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मंगलवार शाम तक वह ड्यूटी पर मौजूद थे। बुधवार सुबह आवास से गंगा स्नान के लिए निकले थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक बच्चू सिंह।

मूल रूप से प्रयागराज निवासी बच्चू सिंह (55) बुधवार सुबह करीब पांच बजे सरकारी आवास से गंगा स्नान के लिए निकले, लेकिन उसके बाद लौटे नहीं। कुछ घंटों बाद हापुड़ के ब्रजघाट से उनके शव मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल मच गई। आवंटित सरकारी कमरा खुला मिला और ताला अलग कुंडे में लटका हुआ था। निधन की खबर से रामपुर गवर्नमेंट प्रेस में सन्नाटा पसरा हुआ है, स्टाफ चिंतित है। प्रशासनिक अधिकारी राजनाथ सिंह गोस्वामी ने बताया कि वह मंगलवार शाम तक ड्यूटी पर थे, लेकिन बुधवार सुबह कार्यालय नहीं पहुंचे। कुछ ही देर बाद निधन की सूचना मिल गई। उन्होंने 1 नवंबर 2023 को रामपुर में ज्वाइन किया था। उनका बेटा शब्द, बेटी शिवानी और पत्नी प्रयागराज ही रहते हैं। बेटी शिवानी ने पिता की हत्या का आरोप लगाया है। उनका मानना है कि कैसे वा गंगा में पहुंच गए, इसकी विशेष जांच होनी चाहिए।

### अस्पताल पर कार्रवाई के लिए डीएम से मिले

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** महिला की मौत के बाद अस्पताल पर कोई भी कार्रवाई न होने पर परिजनों ने डीएम से मुलाकात की। अस्पताल पर कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र दिया।

मैनाठेर के गांव नरौदा निवासी नन्हें की गर्भवती पत्नी रीना (32) का मीर अस्पताल में इलाज चल रहा था। प्रसव पीड़ा पर पत्नी को 5 फरवरी को मीर अस्पताल में दिखाया। जहां डॉक्टर ने बताया कि उनके अस्पताल की ओटी सील है। नया मुरादाबाद के सेक्टर पांच में स्थित दूसरे निजी अस्पताल में ऑपरेशन करवाने का भरोसा देकर वहां आपरेशन कराया। जहां ऑपरेशन से बेटी के जन्म के बाद हालत बिगड़ने लगी। दूसरे अस्पताल नहीं ले जाने दिया। जिससे रात में ही रीना की मौत हो गई। परिजनों ने रात में ही हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। सुबह शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया लेकिन पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसकी शिकायत परिजनों ने डीएम से मिलकर की है। डीएम ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# तीन क्लीनिकों पर छापा, दवाएं उपकरण जब्त कर किए सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कुंदरकी में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**अमृत विचार :** कुंदरकी क्षेत्र में बुधवार को प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण अभियान चलाकर तीन क्लीनिकों को सील कर दिया। जांच के दौरान इन संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं और योग्य चिकित्सक व प्रशिक्षित स्टाफ की अनुपस्थिति सामने आई।

डिप्टी कलेक्टर (मुख्यालय) माधव उपाध्याय और डिप्टी सीएमओ डॉ. विकास सिंह ने गुलर चौराहा स्थित डॉ. काशिम के क्लीनिक का निरीक्षण किया। मौके पर कोई पंजीकृत चिकित्सक या प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिला। क्लीनिक संचालक भी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान मैनाठेर के नूरपूर निवासी 23 वर्षीय साईबा भर्ती मिलीं, जिन्होंने ऑपरेशन के जरिए एक बच्ची को जन्म दिया था। टीम द्वारा आवश्यक अभिलेख और पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगने पर उन्हें प्रस्तुत नहीं किया जा सका। प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं मिलने पर क्लीनिक में रखी दवाएं और चिकित्सीय उपकरण जब्त कर संस्थान को सील कर दिया गया। जब्त उपकरणों में ओटी टेबल, मॉनिटर और ओटी बेड सहित अन्य सामग्री शामिल है। इसी क्रम में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रिंस वर्मा और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने कुंदरकी थाना क्षेत्र के रॉयल चाइल्ड क्लीनिक व रियाजुल क्लीनिक का निरीक्षण किया। दोनों जगह योग्य चिकित्सक और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद नहीं मिला। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में दोनों क्लीनिकों की दवाएं और उपकरण जब्त कर उन्हें सील कर दिया गया। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बिना वैध पंजीकरण और मानकों के विपरीत स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करना कानूनन अपराध है।

# नारी निकेतन, चाइल्ड लाइन और वन स्टॉप सेंटर में व्यवस्थाएं देखीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महिलाओं, बच्चों और किशोरों को सुरक्षित व सशक्त बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की समिति ने कई संस्थाओं का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर सुधार का निर्देश दिया।

जिला न्यायाधीश सैयद माऊज बिन आसिम के दिशा निर्देशन में बुधवार को अपर जिला जज चंचल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे) सर्वेश कुमार मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय राबिन्स अलका ने संयुक्त रूप से नारी निकेतन, चाइल्ड लाइन एवं वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण किया।

अधीक्षिका से संस्था के कार्यों के विषय पर जानकारी ली। अभिलेखों को मंगाकर देखा। नारी निकेतन में रह रही बालिकाओं से बात कर सुविधाओं के बारे में पूछा। उनके कमरे में जाकर सफाई व्यवस्था भी देखी। वन स्टाप सेंटर के निरीक्षण दौरान सेंटर पर कोई भी बालिका या महिला आवासित नहीं मिली। स्टाफ नर्स ने बताया कि कुल तीन महिलाएं व बच्चियां सेंटर पर आवासित हैं, जो सुबह चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल महिला आरक्षी द्वारा ले जाई गई हैं।

चाइल्ड लाइन के निरीक्षण में संस्था की कोर्डिनेटर तबस्सुम उपस्थित मिली। न्यायिक अधिकारियों ने कोर्डिनेटर को चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के प्रचार प्रसार के संबंध में निर्देश दिया। कहा कि चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार करना जरूरी है। जिससे बच्चों को हर संकट से बचाया जा सके। साथ ही बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी देने और सभी अस्पतालों, विद्यालयों, पंचायत घरों, धार्मिक स्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर 1098 का प्रचार प्रसार अवश्य कराने के लिए कहा।



निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी। ● अमृत विचार

- न्यायिक अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान ली जानकारी

### नये मतदाता फार्म-6 भरते समय रखें विशेष सावधानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया इन दिनों चल रही है। जिसमें नये मतदाताओं को बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ऐसे नागरिक फार्म 6 भरकर नये मतदाता बन सकते हैं। हालांकि इसमें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

डीईओ अनुज सिंह ने बताया कि मतदाता बनने के लिए फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरना है। फार्म-6 में आवेदक का नाम व सही पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो एवं वर्तमान मोबाइल नंबर अंकित करना आवश्यक है। फोटो पहचान पत्र त्रुटिरहित हो और भविष्य में मतदान के समय मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान करने में कोई असुविधा न हो। फोटो साफ और स्पष्ट होना चाहिए।

# चौपाल में किसानों को दी चकबंदी की जानकारी



चौपाल में शिकायतें सुनते विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रनियाठेर व सैजनी में चौपाल

**अमृत विचार :** चकबंदी आयुक्त के निर्देश पर बुधवार को सदर तहसील के रनियाठेर और ठाकुरद्वारा के सैजनी गांव में चौपाल लगाई गई। इसमें अधिकारियों ने किसानों की चकबंदी से संबंधित समस्या और शिकायत सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया।

चकबंदी अधिकारी मुरादाबाद प्रथम योगेंद्र कुमार ने रनियाठेर और चकबंदी अधिकारी तृतीय विनय कुमार श्रीवास्तव ने सैजनी में शिकायतें सुनीं। बताया कि इन गांवों में धारा-9 का प्रकाशन हो चुका है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राजेंद्र राम ने बताया कि चौपाल में अधिकारियों ने सहायक चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिया कि धारा 9 के अन्तर्गत निर्विवाद विरासत, बैनामा का निस्तारण गांव स्तर पर ही किसानों की आपसी सहमति से हल कराएं।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को फंसाकर प्रताड़ित करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को जिले के कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर योगी सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाया। कहा कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ततेश्वरानंद सरस्वती व उनके शिष्यों को परेशान कर यौन शोषण के फर्जी मुकदमें दर्ज कराकर सरकार प्रताड़ित कर रही है। जिला व महानगर के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम को सौंपा।

महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के साथ हुई कथित अभद्रता, प्रताड़ना और उनके विरुद्ध दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच जरूरी है। हम संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता व संत समाज के सम्मान की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने शंख बजाकर सरकार को धर्म और सत्य की रास्ते पर चलने का संदेश दिया। कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अन्याय के विरुद्ध निडरता से खड़ा है। इस दौरान पूर्व विधायक फूलकुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अजय सारस्वत सोनी, अमीरूल हसन जाफरी, अरशद परवेज, अब्बास, मो. शादान, रिज़वान रईस, नदीम उद्दीन, पार्षद मौअज्जम अली, कमर सलीम, फहीम, अफसर अंसारी, फहीम मिर्जा, मुशाहिद चौधरी, जईम चौधरी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में एडीएम प्रशासन को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर व अन्य।

- कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

# परिवार में दखल देती थी नन्ही, इसलिए कर दी हत्या

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- महिला की हत्या का चौथा आरोपी गिरफ्तार, सुपारी लेने वाले शिवा और बिट्टू अभी फरार

**अमृत विचार :** नन्हीं की हत्या के चौथे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। उसने पूछताछ में बताया कि नन्हीं से पारिवारिक रंजिश थी। इरफान के परिवार में बढ़ती दखलंदाजी से परिवार के लोग परेशान थे।

बुधवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि महिला की हत्या में शामिल पांच आरोपियों में से इमरान, सानिब एवं सानिब पुत्र इलियास के बाद चौथे आरोपी इरफान को पकड़ लिया गया है। पकड़े गए चौथे आरोपी इरफान ने पूछताछ में बताया कि नन्ही हेकड़ थी। उसकी चाची की मां होने के कारण उसका परिवार में आना जाना था। इरफान के अनुसार उसकी बहन को एक व्यक्ति द्वारा भगा ले जाने के बाद वापस करने के नाम 50 हजार रुपये ले लिए, लेकिन उसके बाद भी नन्ही ने उसी व्यक्ति से बहन की शादी करने के लिए परिवार को मजबूर कर दिया। परिवार की दादा इलाही जमीन को लेकर चल रहे मुकदमे में उसका दामाद रुचि नहीं ले रहा था। 45 लाख रुपये की जमीन के सौदा के बाद नन्ही ने जबरन दामाद का भी हिस्सा परिवार के लोगों से ले लिया। तब से वह रंजिश रखने लगा और उसकी हत्या कराने के लिए उसने बिट्टू गैंग का सहारा लिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया हत्या की सुपारी लेने वाले शिवा और बिट्टू अभी फरार चल रहा है। पुलिस की कई टीमें बिट्टू को तलाश रही हैं, जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।



**इफ्तार**
26 फरवरी
सुन्नी : 6.16
शिया : 6.26

**सहरी**
27 फरवरी
सुन्नी : 5.19
शिया : 5.15

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## शहर में आज

- टीईटी अनिवार्यता के विरोध में टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया के बैनर तले प्राथमिक शिक्षकों का बीएसए कार्यालय पर धरना दोपहर 1:00 बजे
- हिंदू मंडल किसरौल की धर्मशाला 84 घंटा मंदिर के पास वाली गली में बैठक दोपहर 2:00 बजे

### यूपी बोर्ड दसवीं में 2426 और बारहवीं में 1618 छात्र रहे अनुपस्थित

# विज्ञान व रसायन विज्ञान के पेपर को परीक्षार्थियों ने बताया संतुलित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से बुधवार को जिले के 112 केंद्रों पर परीक्षा हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय की परीक्षा कराई गई। जिसमें पंजीकृत 39,659 में से 37,233 परीक्षार्थी उपस्थित और 2,426 अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट के संगीत विषय की परीक्षा भी हुई।

दूसरी पाली में 12वीं कक्षा के रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की परीक्षा कराई गई। इसमें 28,142 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 26,524 उपस्थित और 1,618 अनुपस्थित रहे। दसवीं के विज्ञान पेपर को लेकर छात्रों की प्रतिक्रिया संतुलित रही। परीक्षा केंद्र से बाहर निकले छात्र विकास ने बताया कि पेपर कुल मिलाकर अच्छा रहा। भौतिक विज्ञान के संख्यात्मक प्रश्न थोड़े कठिन थे, लेकिन जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान के प्रश्न अपेक्षाकृत आसान थे। वहीं शिवानी ने बताया कि लंबे उत्तर वाले प्रश्नों में डायग्राम आधारित सवाल सरल थे। हालांकि, रासायनिक अभिक्रियाओं से जुड़े कुछ प्रश्न सोचने वाले थे। 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए हर्ष पाल ने बताया ऑर्गेनिक के कुछ प्रश्न घुमाकर पूछे गए थे, जिससे थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन इनऑर्गेनिक और फिजिकल के सवाल सीधे थे। समीर ने कहा, संख्यात्मक प्रश्नों के लिए समय जरूरी था। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।


समीर।


शिवानी।


विकास।


हर्ष


सेंट मैरी स्कूल के बाहर परीक्षा के बाद चर्चा करती छात्राएं। ● अमृत विचार

### 18 केंद्रों पर हुई सीबीएसई दसवीं की विज्ञान परीक्षा, 30 छात्र अनुपस्थित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को जिले में सीबीएसई की दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। 18 केंद्रों पर पंजीकृत 5404 में से 5374 ने परीक्षा दी, जबकि 30 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद कई छात्रों ने प्रश्नपत्र को संतुलित बताया। उनका कहना था कि पेपर पाठ्यक्रम आधारित था और तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अधिक कठिन नहीं था। वहीं, 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की कंप्यूटर-टाइपोग्राफी विषय की परीक्षा जिले में केवल एक केंद्र केसीएम स्कूल में हुई। पंजीकृत सभी 99 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहे। सिटी कॉर्डिनेटर शशि शर्मा ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से पहले सीबीएसई के नियमों के अनुसार जांच के बाद परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश दिया गया।

## महिला को घर में घुसकर पीट कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद सादिकपुर निवासी जासमीन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 फरवरी की सुबह 9:00 बजे वह अपने घर में काम कर रही थी। तभी गांव के ही नौसें, जरीना, फिजा उसके घर में घुस आए और गाली गलौज के साथ लाठी डंडों और लोहे की रोड से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी सास को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

महिला ने आरोप लगाया कि सभी ने उसे जमीन पर गिरकर जान से मारने की नीयत से गला दबाने का प्रयास किया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने उसे बचाया। म पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित, पड़ते हैं अशुभ प्रभाव

### फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर चंद्रग्रहण, दो मार्च को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन, चार को मनेगा रंगोत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस बार होलिका दहन पर भद्रा की साया है तो अगले दिन चंद्रग्रहण लगेगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, 2 मार्च 2026 (सोमवार) को चतुर्दशी तिथि शाम 5:18 बजे तक रहेगी, उसके तुरंत बाद पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी। शास्त्रों का नियम है कि होलिका दहन हमेशा पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है, लेकिन इस बार पूर्णिमा के साथ ही 'भद्रा' का आगमन भी हो रहा है। भद्रा का वास पृथ्वी लोक में है।


पंडित केदार मुरारी।

ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि इस बार भद्रा का लंबा साया है। 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से लेकर पूरी रात और अगले दिन 3 मार्च की भोर (सुबह 4:56 बजे) तक भद्रा का वास रहेगा। शास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित माना गया है, क्योंकि इससे राज्य पर अशुभ प्रभाव पड़ते हैं।

ऐसी स्थिति में जब पूरी रात भद्रा हो, तो शास्त्रों में भद्रा पुच्छ (भद्रा का पूंछ वाला भाग) में कार्य करने का विधान है। ज्योतिष शास्त्र व मुहूर्त चिंतामणी के अनुसार, इस साल होलिका दहन का सबसे शुभ समय भद्रा का पुच्छ काल रहेगा। इसलिए शुभ मुहूर्त में रात 12:40 बजे से रात 2:02 बजे तक होलिका दहन करें। जबकि दूसरे दिन प्रातः चंद्रग्रहण 3 मार्च मंगलवार को फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर लगेगा। भारतीय समय अनुसार चंद्र ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर शुरु होगा और शाम को 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। कुल मिलाकर 3 घंटे 27 मिनट तक चंद्र ग्रहण का समय रहेगा ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक लग जाएगा शहर के सभी मंदिरों के कपाट 3 मार्च को प्रातः काल आरती के बाद 6-45 में बंद हो जायेंगें जो शाम 6-47 के बाद खुलेंगें। क्योंकि सूर्योदय के समय 3 मार्च को पूर्णिमा तिथि है जो कि शाम तक रहेगी इस कारण रंगोत्सव 4 मार्च को प्रतिपदा तिथि में बनाना ठीक रहेगा।


होली की तैयारी को लेकर दुकानों पर सजी रंग बिरंगी बिग।


बच्चों को बहुत पसंद आ रही है सुपर हीरो की पिचकारी।

### डिजाइनर व कार्टून कैरेक्टर व पिचकारी गन बच्चों को आकर्षित कर रही

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली करीब आते ही बाजार में त्योहार से संबंधित सामानों की खरीदारी बढ़ गई है। जहां होली पर पकवान बनाने के लिए खाद्य सामग्री व मेवा आदि की खरीदारी की जा रही है। वहीं बच्चे व युवा पिचकारी व मुखौटे आदि भी खरीदने में जुट गए हैं। दुकानों पर डिजाइनर व कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम, डोरेमॉन व अन्य पसंदीदा पिचकारी व गन बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। तो वहीं युवा वर्ग मुखौटे खरीदना पसंद कर रहे हैं। इन मुखौटे में कुछ डरावनी आकृतियां भी शामिल हैं तो कई विभिन्न नेताओं व अभिनेताओं के चेहरे से मिलता जुलता है। वहीं हर्बल रंग, गुलाल व फूलों से होली खेलने की तैयारी में हर आयु वर्ग के लोग जुटे हैं। हालांकि डॉक्टर केमिकल युक्त रंग व गुलाल से बचने की सलाह दे रहे हैं।

### होली में बरतें सावधानी

होली के पर्व के दौरान त्वचा और बालों की विशेष सुरक्षा करें। सुरक्षित रंगों का ही इस्तेमाल करें। आंखों और मुंह को सुरक्षा करें। सेहत और खानपान का विशेष ध्यान रखें। पर्व के दौरान नशे से दूर रहें। होली को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाएं।

### यात्रियों को राहत, मुरादाबाद मंडल से चलने वाली ट्रेनों में सीटें उपलब्ध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मुरादाबाद मंडल से संचालित ट्रेनों में सीट एवं बर्थ की उपलब्धता जारी कर दी गई है। कई प्रमुख रूटों पर अभी भी विभिन्न श्रेणियों में सीटें उपलब्ध हैं। यात्रियों के लिए राहत की बात यह है कि 09610, स्पेशल ट्रेन में चार मार्च से एक अप्रैल तक 3ए और स्लीपर श्रेणी में अच्छी संख्या में सीटें उपलब्ध हैं। स्लीपर क्लास में कई तिथियों पर 100 से अधिक बर्थ खाली हैं। इसी प्रकार 06598, ट्रेन में सात मार्च से चार अप्रैल के बीच स्लीपर श्रेणी में 169 से लेकर 226 तक सीटें उपलब्ध हैं, जबकि 3ए में भी पर्याप्त बर्थ खाली हैं। 09426, ट्रेन में तीन मार्च से 24 मार्च तक स्लीपर श्रेणी में 400 से अधिक सीटें उपलब्ध दर्शाई गई हैं। वहीं 2ए और 3ए में भी सीटें खाली हैं। 04312, ट्रेन में 26 फरवरी और दो मार्च को 2ए, 3ए और स्लीपर श्रेणी में सीमित सीटें उपलब्ध हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता का कहना है कि होली के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए समय रहते आरक्षण करा लें।

### परख कर खरीदें खोवा, नहीं तो हो जाएंगे बीमार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली के मुख्य पकवानों में गुझिया सभी को पसंद है। खोवा व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट के खेल ने इसे सेहत के लिए हानिकारक बना दिया है। दूध, घी, तेल और मिठाई में की जा रही मिलावट से सेहत बिगाड़ सकती है, इसलिए ऐसी चीजों को खरीदने से पहले उसकी जांच परख अवश्य कर लें। मुनाफ के लालच में कारोबारी खोवा में वजन और सफेदी बढ़ाने के लिए मैदा, स्टार्च (अरारोट आलू), सिंथेटिक दूध, वनस्पति तेल, डिटर्जेंट, यूरिया और टेलकम पाउडर जैसे हानिकारक पदार्थों की मिलावट करते हैं। बेसन में केसरी दाल या मक्का का आटा, तेल में पाम ऑयल या मिनरल ऑयल और चिप्स-कचरी में खराब आलू, सड़ा चावल, अखाद्य रंग और कास्टिक सोडा मिलाया जा रहा है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां पैदा कर सकता है। डॉ. आरके मेहरोत्रा ने बताया कि मिलावटी खोवा से पेट में गंभीर इंफेक्शन, दस्त, उल्टी, पेट दर्द और फूड पॉयजनिंग हो सकती है। लंबे समय तक इसके सेवन से लिवर, किडनी डैमेज, एलर्जी, तंत्रिका तंत्र संबंधी रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि केमिकल युक्त रंग से भी दूरी बनाकर रखें। केमिकल युक्त गुलाल और रंग सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। इसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। बताया कि हरा रंग कॉपर सल्फेट से बनता है, जिससे आंखों में एलर्जी हो सकती है।

### खुद करें मिलावट की जांच

**खोवा :** असली खोवा में हल्की मिठास और दूध की खुशबू आती है। नकली खोवा से अक्सर केमिकल या सड़ी दुर्गंध आती है। असली खोवा नरम होता है और उंगलियों से दबाने पर टूटता है, जबकि मिलावटी खोवा चिपचिपा और रबर जैसा हो सकता है।

**पनीर :** पनीर का एक छोटा टुकड़ा लें और उसे उंगलिगों से मसलें। असली पनीर नरम, चिकना और थोड़ा दानेदार होगा, जबकि नकली पनीर रबर जैसा या बहुत मसलने पर सख्त लगेगा। अगर पनीर आसानी से टूट जाए और उसमें चिकनाहट न हो तो मिलावटी हो सकता है।

**स्टार्च :** दूध में आयोडीन की कुछ बूंदे डालें। यदि नीला हो जाए तो स्टार्च है।

## न्यूज ब्रीफ

### अभिव्यक्ति सिन्हा यूथ आइकॉन से सम्मानित



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विकसित भारत युवा संसद एवं युवा कनेक्ट कार्यक्रम के राष्ट्रीय आयोजन में युवाओं के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अभिव्यक्ति सिन्हा को यूथ आइकॉन ऑफ मुरादाबाद सम्मान से सम्मानित किया गया। देशभर के युवाओं को जोड़ने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले पांच प्रतिभागियों को सम्मानित किया, जिनमें उनका नाम भी शामिल है। अभिव्यक्ति अपने मंच अल्फाज अपने फाउंडेशन' के माध्यम से ओपन माइक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। युवाओं को कविता, लेखन, वक्तृत्व और कला के माध्यम से प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। सम्मान मिलने पर अभिव्यक्ति ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गर्व के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ाने वाली है। उन्होंने श्रेय माता-पिता, परिवार और टीम अल्फाज को दिया।

## हीट वेव से बचाव, प्लान पर करें काम

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इस बार गर्मी में हीट वेव (लू) से बचाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ठोस कदम उठा रहा है। इसके संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विषय विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय की अध्यक्षता में हुई बैठक में लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज के प्रो. डा. पवन कुमार सिंह और एसोसिएट प्रोफेसर डा. ऋतु जैन ने बताया कि सिटी हीट एक्शन प्लान त्रिस्तरीय होना चाहिए। शार्ट टर्म प्लान में एक से तीन महीने, मिड टर्म प्लान में 3-12 महीने और लांग टर्म में एक से दो साल या अधिक समयावधि के लिए योजना होनी चाहिए। कार्यशाला में वर्चुअल रूप से जुड़ी यूएनडीपी नागपुर की अरुषा आनंद ने भी विशेष जानकारी साझा की। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग कर करने के लिए ग्रीन बेल्ट बढ़ाने में सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।


कार्यशाला में मौजूद अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय व अन्य।

- **विशेषज्ञों ने दी संभावित लू से बचाव व ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव कम करने की जानकारी**

भीषण गर्मी में आरेंज और रेड अलर्ट के दौरान किए जाने वाले उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों की टीम में आईएमडी लखनऊ के एक नामित अधिकारी भी शामिल हैं। कार्यशाला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने स्थानीय स्तर पर की गई और आगामी तैयारियों की जानकारी सबको दी।

बताया कि सभी विभागों के नामित समिति के सदस्यों के समन्वय से बेहतर तरीके से बचाव की तैयारी की गई है। मार्च तक सभी सरकारी विभागों के रूफ टाप को सफेद रंग में रंग दिया जाएगा। स्कूलों, कालेजों में गोष्ठी व अन्य जागरूकता अभियान चलाकर छात्र छात्राओं, शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों और अन्य लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## एनसीईआरटी पुस्तकें लागू न करने वाले स्कूलों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2026-27 में एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू न करने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग अभिभावकों ने की। बुधवार को मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि डीएम के आदेश के बाद भी अधिकांश निजी विद्यालय आगामी सत्र 2026-27 में एनसीईआरटी पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लागू कर रहे हैं। बोले, इससे न केवल शासन के निर्देशों की अवहेलना हो रही है, बल्कि अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है ऐसे सभी विद्यालयों पर कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित हो कि सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकें ही लागू हों। जिससे शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता रहे और अभिभावकों को अनावश्यक खर्च से राहत मिल सके। इस मौके पर अनुज गुप्ता, अंकित अग्रवाल, राजदीप गोयल आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

## फाल्गुन महोत्सव में भक्ति व होली का संगम

- **दीनदयाल नगर युवा केंद्र में फूलों की होली खेली गई**
- **गोविंद भार्गव के भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्रीहरि विराट संकीर्तन सम्मेलन समिति की ओर से बुधवार को दीनदयाल नगर स्थित युवा केंद्र में फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत संकीर्तन आयोजित किया गया। मंच पर भजन सम्राट गोविंद भार्गव ने अपनी संगीतमयी और रसमयी शैली से समां बांधकर सभी को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य जगदीश प्रसाद कोठारी ने की। इसके बाद गोविंद भार्गव ने लोकप्रिय भजन कन्हैया ले चल परली पार, लाडली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है, हम आपके हैं प्रभु जी, राधारानी हमारी सरकार, आज ब्रज में होली मोरे रसिया, फाग खेलन बरसाने आए हैं नटवर नंद किशोर और मेरा खो गया बाजूबंद रसिया होरी में आदि की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। पूरा वातावरण होली के रंग और भक्ति रस से सराबोर हो गया। अंत में फूलों की होली खेलकर फाल्गुन महोत्सव का आनंद लिया। साज-सज्जा में प्रदीप शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। कल्याणी दरबार सेवा समिति ने पादुका सेवा निभाई, जबकि जलपान की व्यवस्था श्री मनोकामना हनुमान मंदिर समिति के संजय त्यागी और उनके साथियों ने संभाली। इस अवसर पर संरक्षक भोला नाथ खन्ना, अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल, सुरेंद्र वर्मा, उमेश कुमार अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, चक्रेश लोहिया, संजय गोयल, अतुल कपूर, योगेश सहाय अग्रवाल, अरुण कपूर, संजय महरोत्रा, अनुराग अग्रवाल, कान्ती प्रसाद गर्ग और पंकज मेहरोत्रा आदि रहे।


भजन संध्या में भजन गाते भजन गायक गोविंद भार्गव। ● अमृत विचार

## रहमत के अशरे में बढ़ी बंदगी


जिगर कॉलोनी में तरावीह की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रमजान में मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में रौनक बढ़ती जा रही है। पहले अशरे के सातवें रोजे पर बुधवार को मस्जिदों में फज्र की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने अल्लाह तआला से रहमत, बरकत और मगफिरत की दुआ मांगी। रोजेदारों ने कुरआन की तिलावत और नफिल इबादत में वक्त गुजारा।

वहीं शाम को बाजारों में रौनक रही। इफ्तार के लिए खजूर, फलों, शरबत, पकौड़ी, समोसे की खरीदारी की गई। दौलतबाग, डिप्टीगंज, गलशहीद, जिगर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में इफ्तार से पहले खरीदारी के लिए भीड़ रही। मस्जिदों में जोहर, असर और मगरिब की नमाज में रोजेदारों की संख्या रोज बढ़ रही है। शहर इमाम हाकिम सैयद मासूम अली आजाद ने कहा रमजान का पहला अशरा रहमत का होता है। इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। रोजा सब्र, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है।


**समीक्षा** | सीडीओ ने अधिकारियों को दी हिदायत, सोलर रूफटॉप, छात्रवृत्ति, जननी सुरक्षा और पोषण योजनाओं में तेजी लाने को कहा

# सीएम डैशबोर्ड पर कम प्रगति वाले कार्यों को 28 तक पूरा करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बुधवार को सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने जिले में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित कम प्रगति वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रगति पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को 28 फरवरी तक लक्ष्य के सापेक्ष वांछित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पीओ नेडा को आगामी तीन दिनों में 65 प्रतिशत सोलर रूफटॉप स्थापना करने के निर्देश दिए। वहीं, समाज कल्याण विभाग के तहत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और समाज कल्याण अधिकारियों को दशमोत्तर व पूर्व दशम छात्रवृत्ति व सामान्य जाति की छात्रवृत्ति योजनाओं में 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत प्रगति करने को कहा। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह को अवशेष समय में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में मार्जिन मनी वितरण, ओडीओपी टूलकिट योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में टूलकिट का शत-प्रतिशत वितरण कराने पर जोर दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आईसीडीएस पोषण अभियान की समीक्षा में जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रतिमाह विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों को अद्यतन कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पीएम पोषण योजना के अंतर्गत स्कूलों के शत-प्रतिशत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी।


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी।

### राजस्व मामलों में लापरवाही पर डीएम ने दी सख्ती की चेतावनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में राजस्व मामलों में लापरवाही, आख्या भेजने में फर्जी रिपोर्ट देने पर सख्त चेतावनी डीएम ने दी है। धीमरी गांव में लगभग 13 बीघा ग्राम समाज की बेशकीमती सरकारी भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी व्यक्ति के नाम दर्ज कराकर बेचने के मामले में तहसीलदार सदर के खिलाफ कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। वहीं सिविल लाइन में नजूल की भूमि के फर्जी आख्या प्रकरण में लेखपाल को जिलाधिकारी ने मूल वेतन पर रिवर्ट करने का आदेश दिया है। धीमरी गांव में लगभग 13 बीघा ग्राम समाज की बेशकीमती सरकारी भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी व्यक्ति के नाम दर्ज कराकर बेचने के मामले में तहसीलदार सदर की भूमिका संदेह के घेरे में है। वहीं आरोपी खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। जिलाधिकारी की जांच में सदर तहसीलदार की भूमिका संदेहास्पद मिलने पर शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। इस मामले में विवादित खसरा संख्याओं की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक भी लगाई गई है।

### फर्जी आख्या प्रकरण में लेखपाल पर कार्रवाई

सिविल लाइंस क्षेत्र की नजूल भूमि से संबंधित एक संदिग्ध एनओसी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) में दाखिल करने के प्रकरण में लेखपाल के हस्ताक्षर और तहसीलदार के अपठनीय हस्ताक्षर पाए गए थे। हालांकि लेखपाल ने ऐसी एनओसी जारी करने से इनकार किया था। फिलहाल जिलाधिकारी ने लेखपाल को मूल वेतन पर रिवर्ट करने का आदेश दिया है। उप जिलाधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने बताया कि सिविल लाइंस क्षेत्र में नजूल की भूमि मामले में लेखपाल सुनील शर्मा को डीएम के आदेश पर मूल वेतन पर रिवर्ट कर दिया गया है। जांच के आधार पर आगे जो भी आदेश मिलेगा उस अनुसार कार्रवाई होगी।

अमृत विचार



# पिकअप पलटने से युवक की मौत चार मजदूर गंभीर रूप से घायल

## चालक को झपकी आने से सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई पिकअप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- पिकअप से टेंट का सामान पहुंचाकर लौट रहे थे सभी मजदूर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुर–मदारपुर मोड़ पर बुधवार तड़के एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब टेंट का सामान पहुंचाकर लौट रही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई।



मृतक टिंकल।

घटना करीब सुबह 2:45 बजे की बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, गांव बंदे वाली मड़ैया निवासी टिंकल (20) अपने साथियों अजय कुमार, सन्नी तोमर, आदित्य और राजा के साथ पिकअप वाहन में सवार होकर सुल्तानपुर दोस्त गांव से एक शादी समारोह में टेंट का सामान उतारकर वापस लौट रहे थे। वाहन दारापुर–मदारपुर मोड़ के पास पहुंचा, चालक को झंपकी आने से नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।

पिकअप में सवार सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और मजदूरों को निकाला। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां चिकित्सकों नेटिंकल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव बंदे वाली मड़ैया में शोक की लहर है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत, ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मुरादाबाद रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मोहम्मद अजीम पुत्र लियाकत हुसैन ने तहरीर दी कि उसका भाई फईम अहमद 19 फरवरी की शाम घर आने के लिए सड़क किनारे खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान मुरादाबाद की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर संख्या यूपी21सीएस 6894 के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। फईम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनीष कुमार को सौंपी गई है।

### खनन माफियाओं पर कार्रवाई पांच ट्रैक्टर ट्राली सीज

**मूंढापांडे, अमृत विचार:** बुधवार की रात जिला खनन अधिकारी ने रात्रि गश्त के दौरान क्षेत्र में चल रहे अवैध पर छापा मार पांच ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। विभाग की इस कार्यवाही से माफियाओं में खलबली मच गई।

मूंढापांडे की ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा में रात में चल रहे अवैध खनन पर जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने टीम के साथ छापा मारा। वाहन चालकों से खनन अधिकारी ने दस्तावेज मांगे तो वे कोई कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद अवैध खनन से भरी पांच ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर थाना मूंढापांडे परिसर में खड़ा करा दिया। लोगों के मुताबिक यह लोग रात होते ही खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं । इस अवैध कारोबार से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही ळें और पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पांच टैक्टर-ट्रालियों को सीज किया गया है। अवैध खनन करने वालों के ऊपर कार्यवाही जारी है।

## पंचायत चुनाव को लेकर मारपीट प्रधान के पिता समेत तीन घायल

**डिलारी, अमृत विचार:** पंचायत चुनाव में दावेदारी को लेकर प्रधान के पिता और ताऊ में बहस के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और पथराव किया गया। तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार की रात गांव सिहाली खद्दर के राजस्व गांव मुडिया गन्नू निवासी ग्राम प्रधान फिरोज खान के पिता इंतजार हुसैन और ताऊ जैबुल में पंचायत चुनाव में दावेदारी को लेकर बहस हो रही थी। देखते ही देखते बहस ने तूल पकड़ लिया और दोनों भाइयों में जमकर मारपीट होने लगी। झगड़े में दोनों के समर्थक भी आ भिडे और लाठी डंडे चलने लगे। गांव में अफरा तफरी मच गई। पथराव होने से घटना ने हिंसक रूप ले लिया। जिसके हाथ में जो आया वही फेंक कर मार दिया। झगड़े में जैबुल, नफीस, इंतजार घायल हो गए। सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बीच बचाव करने की कोशिश की। पुलिस की मौजूदगी में भी बवाल होता रहा। जिसके ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर प्रसारित कर

### महिला शक्ति संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह

**संभल,अमृत विचार :** महिला शक्ति संगठन के तत्वावधान में कन्या इंटर कॉलेज परिसर में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन से जुड़ी महिलाओं ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान महिलाओं ने मिष्ठान का वितरण किया और होली के पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था समिति की कोषाध्यक्ष कविता गुप्ता ने संभाली, जबकि अध्यक्षता दीपा वाष्णेय ने की। इस अवसर पर रिचा वाष्णेय, उषा आर्य, अंजना गुप्ता, मधु वाष्णेय, नीलम वाष्णेय, शशि वाष्णेय, शशि गंभीर, कुसुम लता आर्य, निशी रानी, छाया वाष्णेय, ममता, विनीता, प्रीति प्रतीक सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। अध्यक्ष दीपा वाष्णेय ने सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि रासायनिक रंगों का उपयोग न करें और प्राकृतिक रंग–गुलाल से प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव सेलाथान निवासी सखावत पुत्र अहमद जान की तहरीर पर दो भाइयों समेत चार युवकों के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में सखावत ने बताया है कि मंगलवार की शाम उसका भाई नईम गांव सिरसवा गौड़ में सुभाष के घर के सामने से गुजर रहा था तभी हरपाल, सुभाष, चरन सिंह व रिंकू आदि ने नईम को गालियां देनी शुरु कर दी। मना करने पर सभी ने लाठी डंडों एंव हथियारों से पीटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों के मौके पर आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गए।

### पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब पकड़ी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली ठाकुरद्वारा पुलिस ने 10 लीटर देशी कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी वीर सिंह पुत्र राजाराम निवासी रतनपुरा को गिरफ्तार कर लिया। थाना ठाकुरद्वारा में धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह शराब कहां से लाता था और किन–किन स्थानों पर सप्लाई करता था।

### किसान की चार भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** किसान की पशु शाला से चार भैंस चुराने के मामले में पुलिस ने पशु चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी । कोतवाली के ग्राम पीलकपुर गुमानी निवासी महिपाल सिंह ने तहरीर में बताया कि 22 फरवरी की रात उसके परिवार के लोग कमालपुरी मंडप में आयोजित एक शादी समारोह में गए थे। उस समय वह घर पर अकेला था। उसके पास कुल 15 पशु हैं। 23 फरवरी की सुबह करीब छह बजे जब वह उठा तो देखा कि उसकी चार भैंसें चोरी हो गई हैं। काफी तलाश के बाद भी भैंसों का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाकों में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### चाचा-भतीजे को मारपीट कर किया घायल

**बिलारी,अमृत विचार :** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के बाजपुर निवासी रोहतास पुत्र वीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसे 24 फरवरी की दोपहर बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव अहरौला निवासी रवि और उसकी बहन के दामाद राजपाल ने उसे और उसके चाचा जयपाल को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### अभिभावक जागरुकता गोष्ठी आयोजित

**कांठ, अमृत विचार :** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को अभिभावक जागरुकता गोष्ठी में प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने कहा कि स्कूल की ब्रांच कुचावली में खुली है जिसमें शिक्षा सत्र 6 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा। हमारा ध्यान सर्वांगीण विकास पर है, जिसमें युवा प्रतिभाओं को शैक्षणिक, रचनात्मक और खेलकूद में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पोषित किया जाएगा। एचआर हेड कमलेश पंत ,एडमिशन इंचार्ज अपूर्वा चौधरी, संदीप जैन, मोहित माहेश्वरी, महेश चंद गुप्ता,मुकेश माहेश्वरी, सुदेश बिश्नोई, ओमवीर सिंह बिश्नोई, अनिल शर्मा, संजय जैन, अभय बिश्नोई, राजीव अग्रवाल, तनवीर आलम, आदि लोग मौजूद रहे।

## विवाहिता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का दौरा किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जाकर जांच की। पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।



परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। • अमृत विचार



मृतका मुस्कान।

- ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया, रिपोर्ट दर्ज की गई

थाना कांठ के मौहल्ला नई बस्ती टिड्डा वाला निवासी नाजिम और उसकी पत्नी मुस्कान (25) में कई दिन से घरेलू कलह चल रही थी। बुधवार को लगभग 11:00 बजे के करीब मुस्कान ने अपने कमरे में लोहे के गार्डर में काली चुन्नी डालकर फंदा लगा जान दे दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी आईपीएस अभिनव द्विवेदी एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। मृतका के मायके वाले भी पहुंच गए। उन्होंने दहेज हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगाया। मृतका के पिता मालवा निवासी ग्राम फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा ने मृतका के पति नदीम शाह, ससुर सलीम शाह, सास ,ननद के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

मुस्कान की शादी ढाई वर्ष पूर्व नदीम शाह के साथ हुई थी। वह पंजाब में बेकरी का काम करता था और तीन-चार दिन पूर्व अपने घर आया था। उनके एक डेढ़ वर्ष की बच्ची है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर कर के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत कर दिया गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### शुक्रवार को निकलेगा रंग एकादशी का जुलूस

**कांठ, अमृत विचार:** रंग एकादशी का जुलूस नगर में पूजा अर्चना के उपरांत शुक्रवार को परंपरागत रीति रिवाज के साथ निकाला जाएगा।

जुलूस स्वर्गीय काबली साहब के आवास (पुरानी सब्जी मंडी) से प्रतिवर्ष रंग एकादशी पर यह जुलूस निकाला जाता है। यहां टेसू का रंग पकाया जाता है। काबली साहब के पौत्र अनिल बिश्नोई ने बताया कि प्रातः 10:00 बजे पंडित सतीश चंद्र शर्मा पूजा अर्चना करेंगे।

इसके बाद जुलूस निकाला जाएगा।आनंद बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, राजन विश्नोई, निरूपम विश्नोई, नवदीप शर्मा, देवेंद्र कश्यप, नरेश यादव, अभय माहेश्वरी, गौरव बिश्नोई, नवनीत पहलवान, अमर सिंह दिवाकर, सनी बिश्नोई, डॉ जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

## प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार



नागरिकों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- थाना छजलैट में अधिकारियों ने नागरिकों के साथ की बैठक

**अमृत विचार:** होली, रमजान, ईद को लेकर थाना छजलैट में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पुलिस ,प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक की। रंग एकादशी एवं होली पर निकलने वाले रंगों के जुलूस के रास्ते एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और इस संबंध में दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ आईपीएस अभिनव द्विवेदी ने कहा कि होली के त्यौहार को परंपरागत तरीके से मनाई एकादशी के रंग के जुलूस के दिन जुम्मे की नमाज भी है। इस बात का भी ध्यान रखें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी जुलूस परंपरागत रास्तों को ही निकाले जाएं। अगर कहीं किसी तरह की कोई समस्या है तो उसके बारे में अभी बता दें, ताकि समय रहते उसे समस्या का समाधान कराया जा सके। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सहरावत ने कहा कि होलिका दहन करने से पूर्व यह भी देख लें कहीं बिजली के तार तो होलिका दहन स्थल के ऊपर नहीं है। या कहीं ऐसी जगह तो नहीं है जहां से नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं और रमजान के जुम्मे की नमाज भी शांतिपूर्ण माहौल में अदा करें।

उन्होंने सभी जुलूसों और ईद के संबंध में भी दिशा निर्देश जारी किये। ग्राम प्रधान तस्लीम अहमद, मनोज कुमार, सीताराम, बिट्टू बलराम, राकेश कुमार मुकेश कुमार सलमान सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### आठ वर्षीय अर्श ने रखा रमजान का पहला रोजा

**भगतपुर, अमृत विचार :** रमजान माह में छोटी उम्र के बच्चों में भी रोजे रखने का उत्साह देखा जा रहा है। रोशनपुर बहेड़ी के डॉ.र इस्लाम नबी के आठ वर्षीय पुत्र मो. अर्श ने बुधवार को रमज़ान का पहला रोजा रखा। रोजा रखने के साथ ही उसने वालिद के साथ इबादत भी की। बच्चा कक्षा दो का छात्र है। शाम के समय जोर से प्यास व भूख की शिद्दत दिखी तो कमजोरी का अहसास भी किया, लेकिन असर की नमाज अदा करने के बाद बाजार से इफ्तारी का सामान लाने वालिद के साथ्य गया। डॉ. हाज़रा बेगम, हाजी शहादत हुसैन, मुस्कान बी, रूबीना बी, मौ आफ़न रज़ा, मौ सिफ़ान रज़ा, आदि ने उपहार व दुआओं से नवाजा।





### देर रात एसपी देहात ने थाने का क्या निरीक्षण

**मैनाठेर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण कुंवर आकाश और क्षेत्राधिकारी बिलारी ने थाना मैनाठेर का औचक निरीक्षण किया। इनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि पुलिस स्टेशन में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं और कामकाज सही तरीके से चल रहा है। थाना कार्यालय, परिसर, मालखाना, हवालात और महिला,साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों से कानून और शांति व्यवस्था के लिए कड़ी निगरानी करने को कहा। त्योहारों को लेकर सतर्कता के निर्देश दिए।



### शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**बिलारी,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि शिक्षकों का एफएल प्रशिक्षण और समर कैंप की धनराशि का भी भुगतान कराया जाए। इसके अलावा जिन शिक्षकों का चयन वेतनमान लगाना है, उसका निस्तारण कार्यालय से शीघ्र कराया जाए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल सिंह ब्लॉक, मंत्री चरित्र कुमार के अलावा विभिन्न पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में मिशन 2027 पर चर्चा

कुंदरकी, अमृत विचार : भाजपा जिला प्रभारी राजेश यादव ने बुधवार को कुंदरकी ब्लाक क्षेत्र की नगर पंचायत महमूदपुर माफी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 को लेकर पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का आह्वान किया। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताएं और लोगों को जागरूक करें। जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, नगर पंचायत प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पासी, विधानसभा संयोजक (एसआईआर) चौधरी सतवीर, मदन लाल बैरागी, सुखेंद्र गोस्वामी, भूपेंद्र गोस्वामी, छोटेलाल सैनी, सुशील सैनी, नितिन बैरागी, मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित रहे।



### अधिकारियों की टीम ने अस्पतालों का किया निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार:** जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संयुक्त टीम ने तहसील कांठ के दो अस्पतालों का निरीक्षण किया।

डीएम अनुज सिंह, सीएमओ डॉक्टर कुलदीप सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम बनाई गई है, जो झोलाछाप डॉक्टरों एवं अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकबड़ा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलजीत सिंह चौधरी एवं तहसील कांठ के एसडीएम न्यायिक अमित मलिक ने कांठ में सुखदेव नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने रजिस्ट्रेशन चैक किया एवं स्टाफ से जानकारी ली। इसके बाद वह मुस्कान नर्सिंग होम पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों से पंजीकरण के बारे में जानकारी ली। दोनों अस्पतालों के पंजीकरण मिले हैं। एक अस्पताल की ऑपरेशन थिएटर पहले से ही सील है।

## बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसान गोष्ठी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** गन्ना विकास परिषद अगवानपुर एवं अगवानपुर चीनी मिल के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम रसूलपुर चौहरा तथा गन्ना विकास परिषद अगवानपुर व स्योहारा चीनी मिल के ग्राम मधुआ में बसंतकालीन गन्ना बुवाई के संबंध में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में किसानों को नवीन गन्ना किस्मों कोशा 13235, 17231, 18231, 19231, सीओएलके 14201, 16202, को. 0118 एवं 15023का आच्छादन बढ़ाने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी एक किस्म का गन्ना कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 40 प्रतिशत से अधिक न रखें तथा प्रत्येक कृषक एक से अधिक नवीन किस्मों को वसंतकालीन बुवाई में शामिल करें। विभागीय योजनाओं जैसे जिला योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि के अंतर्गत उपलब्ध लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही ब्रीडर सीड की उपलब्धता, निकटवर्ती ग्रामों में आरक्षित गन्ना बीज की किस्मवार उपलब्धता पर भी प्रकाश डाला गया।

गोष्ठी में पंचामृत विधि, ट्रेंच विधि से खेती, सहफसली खेती, मल्चिंग एवं पेड़ी प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। गन्ना बुवाई में उपयोग होने वाली दवाओं, बीज उपचार, ट्राइकोडरमा के प्रयोग, संतुलित खाद एवं उर्वरक उपयोग तथा पौधशाला में कृषकवार बीज उपलब्धता के संबंध में भी किसानों को जागरूक किया गया। ग्राम रसूलपुर चौहरा में कार्यक्रम में गन्ना पर्यवेक्षक भूमिराज सिंह, दीवान चीनी मिल के प्रतिनिधि श्री गंभीर सिंह, इफको के प्रतिनिधि यशवीर सिंह एवं ग्राम मधुआ में गन्ना पर्यवेक्षक सुधीर कुमार व मुनेंद्र कुमार, स्योहारा चीनी मिल के प्रतिनिधि राजीव राजीव चौधरी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

### युवती को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** युवती को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना छजलैट के एक गांव की 18 वर्षीय युवती 17 फरवरी की रात को घर से बिना बताए चली गई थी।

उसके स्वजनों ने इस संबंध में उसकी गुमशुदगी दर्ज थाने पर कराई थी। बाद में उन्हें पता चला कि ग्राम भीकनपुर निवासी फरमान उनकी पुत्री कोले गया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### नगर पालिका बोर्ड की बैठक 27 को

**बिलारी,अमृत विचार:** आगामी 27 फरवरी को नगर पालिका परिषद सभागार में नगर पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें नगर के विकास संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी और प्रस्ताव पास किए जाएंगे।

## तहसीलदार के खिलाफ शासन को भेजी जांच रिपोर्ट, कार्रवाई की संस्तुति

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- खनन माफिया की गाड़ी में बैठकर चेकिंग करने का मामला

**अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा तहसील के तहसीलदार प्रवीण सिंह से जुड़ा एक वीडियो करीब एक माह पूर्व वायरल हुआ था, जिसमें वह एक भाजपा नेता की स्कॉर्पियो में बैठकर खनन से जुड़े डंपरों की चेकिंग करते नजर आए थे। वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया।

बताया जा रहा है कि जिस भाजपा नेता की गाड़ी में तहसीलदार सवार थे, उसका नाम पूर्व में अवैध खनन और खनन सामग्री के कथित अवैध परिवहन से जुड़ता रहा है। ऐसे में सवाल उठे कि तहसीलदार संबंधित कार्रवाई के तहत मौके पर गए थे या फिर पूरे घटनाक्रम में आचार संहिता और प्रशासनिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को भेज दी है और तहसीलदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति की है। सूत्रों के अनुसार प्रकरण की जांच उच्च स्तर पर विचाराधीन है।एसआईआर (स्टेट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) से जुड़े प्रावधानों के चलते फिलहाल तहसीलदार को उनके पद से हटाया नहीं गया है। हालांकि, उन्हें पद से हटाने के लिए आयोग से अनुमति मांगी गई है। प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई शासन के निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

सार्वजनिक सूचना / खोया–पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वाहिद खां पुत्र श्री शरीफ खां एक तहरीर दे रहा हूँ कि मेरा एक मूल विकय पत्र दिनांक 15.05. 2006 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय संभल में मिथिलेश वर्मा पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण के पक्ष में अब्दुल सलाम द्वारा पंजीकृत हुआ था जिसका मूल विक्रय पत्र हजरतनगर गढी, संभल स्थित घर से बाजार जाते समय कहीं खो गया है। जो खसरा संख्या 615 का बैनामा जिसका बही नंबर 1 वोल्यूम संख्या– 3409 पेज न.0 373/394 सीरियल न. 2924 है। कोई भी व्यक्ति जिसने इसे पाया है या किसी बैंक या संस्थान और वित्त में जमा किया गया है । कृप्या सात दिन के भीतर इस पते पर सम्पर्क करें।

कुलभूषण सक्सैना, एडवोकेट,
चेम्बर न० 10. एडवोकेट चेम्बर बिल्डिंग कोर्ट केम्पस, मुरादाबाद। फोन 9897374176

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शमीम अहमद द्वारा संस्था दरगाहे सलामी इन्तेज़ामिया कमेटी, ग्राम बहादुरगंज पो. सुल्तानपुर दोस्त तह. ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद का प्रबन्धक / मोहतमिम दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. तय्यब – अध्यक्ष / सदर, 2. गुलशन जहाँ– उपाध्यक्ष / नायब सदर 3. शमीम अहमद – प्रबन्धक / मोहतमिम, 4. आफताब आलम – कोषाध्यक्ष / खजान्ची, 5. कलीम अशरफ, 6. सईद अहमद, 7. वसीम अहमद, 8. मौहम्मद दानिश, 9. गुलज़ार अहमद, 10. सुल्तान अहमद, 11. गुलशन अहमद – सदस्य / मेम्बर दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा । और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। **आज्ञा से– (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9412554796
0591 3591634

इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
(संबद्ध गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
थूनापुर, पो.आ. भोट, जनपद रामपुर

आवश्यकता है निम्न पद हेतु प्रवक्ताओं की

- प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस
- प्रवक्ता मैनेजमेंट
- प्रवक्ता बी.एड.(एजुकेशन)

योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार
ई–मेल : impact.college@hotmail.com
मो. प्रबंधक : 9897560771, 9997633333

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



**इफ्तार** 26 फरवरी
सुन्नी : 6.17
शिया : 6.25

**सहरी** 27 फरवरी
सुन्नी : 5.07
शिया : 5.10

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

# मंडी की आय कम मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में सुधार के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों के साथ कार्यों की समीक्षा की। मंडी आवक से प्राप्त राजस्व आय की तहसील बिलासपुर और रामपुर की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की।

डीएम द्वारा एसआईआर, लंबित वादों, फार्मर रजिस्ट्री, मंडी आवक व आय, स्वामित्व योजना तथा धारा-98 से संबंधित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की गई। मंडी आय को लेकर नाराजगी के बाद सभापति मंडी समिति बिलासपुर और रामपुर को मंडी आवक में अपेक्षित सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। धारा-98 के लंबित प्रकरणों में तत्काल जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित उपजिलाधिकारियों को दिए गए। फार्मर रजिस्ट्री के तहत शेष किसानों को चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्राप्त नोटिसों पर प्रतिदिन सुनवाई कर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## तीन अशरों में बांटा गया है माहे रमजान, कुबूल होती हैं दुआएं

# रमजान के पहले अशरे में बरसती है अल्लाह की रहमत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पहले अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नुम से आजादी का

**अमृत विचार :** रमजानुल मुबारक के महीने में पहले रोजे से दसवें रोजे तक पहला अशरा रहमतों और अजमतों का होता है। इस अशरे में पाक परवरदिगार की रहमत बरसती है जिसके चलते रोजेदार रोजे रखकर अल्लाह से रहमतों और अजमतों की दुआ मांगते हैं। अल्लाह अपने रोजेदारों की दुआ सुनता है और उनकी दुआएं रब के दरबार में कुबूल होती हैं।

इबादतों के महीने रमजानुल मुबारक को को तीन अशरों में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा अशरा जहन्नम से आजादी का होता है। रमजान का चांद नजर आते ही शैतान को कैद कर लिया जाता है। वहीं जहन्नुम के दरवाजों को बंद कर जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं।

इस पाक महीने में सवाब का दर्जा 79 गुना अधिक होता है। पहले रोजे से दसवें रोजे तक रमजान का पहला अशरा होता है। इन दस दिनों में अल्लाह की रहमत और बरकतें नाजिल होती हैं। रोजेदार भी रोजे रखकर अल्लाह से बख्शीश की दुआ करते हैं। इस अशरे में ही अल्लाह गुनाहगारों के गुनाहों को माफ कर अजाब से निजात देता है।

### 6 वर्षीया अरीबा कादिर ने रखा रोजा



मसवासी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला भूबरा वार्ड नंबर 2 निवासी कादिर इंजीनियर की 6 वर्षीया बेटी अरीबा कादिर जो गांव के ही एसीएम चिल्ड्रन एकेडमी में कक्षा एलकेजी की छात्रा है। बुधवार को उसने रोजा रखकर नमाज भी अदा की। बेटी के रोजा रखने से परिवार में उत्साह इखि। पिता का कहना है की बेटी कई दिन से रोजा रखने की जिद कर रही थी और रोजाना सहरी में उठकर बैठ जाती थी। मंगलवार की रात उसने सहरी की रस्म अदा की और रोज की नियत कर ली तो परिवार बेबस हो गया और उसका रोजा पूरा करने के लिए उसका उत्साह बढ़ाया।



रमजानुल मुबारक में पहले रोजे से दसवें रोजे तक रमजान का पहला अशरा होता है। इस अशरे में पाक परवरदिगार कर रहमत बरसती है। रमजान के महीने में ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारें।

– मौलवी मोहम्मद मकसूद, शहर मुफ्ती

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चे भी रख रहे रोजा


अब्दुल्ला।


अब्दुल आहिल।

**टांडा, अमृत विचार :** बच्चे मासूमियत और बुलंद हौसले के साथ रोजा रखकर मिसाल पेश कर रहे हैं। 7 वर्षीय अब्दुल्ला के पिता हाजी मुतीउर्रमान ने बताया कि उसके शुरु रमजान से अब तक के पूरे रोजे हैं। वह शुरू से रोजे रख रहा है, इसके अलावा गांव सेंटाखेड़ा निवासी 8 वर्षीय मोहम्मद आहिल के पिता ने बताया के कि आहिल का ये पहला रोजा है।

### दस दिन से शिक्षिका लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बीस वर्षीय शिक्षिका दस दिनों से लापता है। परिजनों ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिक्षिका नगर के मोहल्ला कायस्थान की निवासी है और मिलक खानम स्थित एक स्कूल में पढ़ाती है। परिजनों के अनुसार 16 फरवरी की सुबह 8 बजे स्कूल जाने के लिए निकली थी। शाम तक न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने स्कूल से संपर्क किया तो प्रधानाचार्य ने बताया कि वह उस दिन स्कूल आई ही नहीं थी। मोबाइल भी बंद आ रहा था। घ पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# डॉक्टरों का टोटा, मरीज परेशान

## जिला अस्पताल में सर्जन, त्वचा रोग विशेषज्ञ, ईएनटी न होने से हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा है जिसके कारण मरीज परेशान हो रहे हैं। जिला अस्पताल में सर्जन, ईएनटी, त्वचा रोग विशेषज्ञ, आर्थोपेडिक्स और फिजीशियन नहीं हैं। एक संविदा के फिजीशयन का भी 3 मार्च को समय समाप्त हो रहा है। फिलहाल जिला अस्पताल में 30 के सापेक्ष 10 चिकित्सकों के दम पर मरीजों का इलाज हो रहा है। 150 बेड के जिला अस्पताल में 284 बेड पर मरीजों को भर्ती किया जाता है। चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को इलाज मिलना मुश्किल हो जाता है।

मौसम में बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 750 से 800 नए मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि प्रतिदिन 100 से 150 मरीजों को इमरजेंसी में भर्ती किया जा रहा है। मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण जिला अस्पताल की इलाज व्यवस्था पर अत्यधिक दबाव बन गया है। आभा ऐप आने के बाद मरीजों की दिक्कत बढ़ गई है उन्हें अपना आधार कार्ड देकर पर्चा बनने का इंतजार करना पड़ता है। जिला अस्पताल में मानक के अनुसार 30 डॉक्टरों की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में 10 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। इनमें से एक फारेंसिक डॉक्टर सीएमओ कार्यालय से संबद्ध है, जिससे अस्पताल में केवल 10 डॉक्टरों पर ही सैकड़ों मरीजों के इलाज का पूरा भार आ गया है। डॉक्टरों की कमी की मार मरीजों पर पड़ रही है। चिकित्सा कक्षों के सामने मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। चिकित्सक भी मरीजों की अधिक संख्या होने के कारण मरीजा का हाल पूछकर सीधे पर्चे पर लिख देते हैं। एक मरीज को बमुश्किल दो मिनट का समय मिल पाता है। जिला अस्पताल से गंभीर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है।



जिला अस्पताल। ● अमृत विचार

- 30 के सापेक्ष 10 चिकित्सकों के दम पर हो रहा मरीजों का इलाज

> जिला अस्पताल में संविदा फिजिशियन का कार्यकाल 3 मार्च को समाप्त हो रहा है। डॉक्टरों की कमी को लेकर शासन को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला है। फिजीशियन, आर्थोपेडिक्स, ईएनटी, सर्जन, त्वचा रोग विशेषज्ञ नहीं हैं।
> – डॉ. बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्साधीक्षक

### इमरजेंसी में भर्ती हुआ एचआईवी मरीज

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में एक एचआईवी का मरीज भर्ती हुआ है। जिला अस्पताल के एचआईवी नोडल डॉ. सिराज अहमद ने बताया कि जिले में अनुमानित 900 एचआईवी मरीज हैं। जिनमें 770 मरीजों का इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें कई एनजीओ काम कर रहे हैं। एचआईवी नोडल ने बताया कि एचआईवी नाई के उस्तरे और ब्लेड से भी लग सकता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी से बचाव जरूरी है। एक बार की गलती से जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने बताया कि एचआईवी पीड़ित अक्सर बीमारी को छिपाते हैं, लेकिन एचआईवी की जांच कराकर तुरंत इलाज शुरू करा देना चाहिए।

# फरवरी से मार्च तक बो सकते हैं बसंत कालीन गन्ना

**रामपुर, अमृत विचार :** बसंत कालीन गन्ना बुवाई 2026-27 के लिए 1500 क्विंटल हेक्टेयर उत्पादन लक्ष्य पूरा करने के लिए बुधवार को किसानों की गोष्ठी हुई।

गोष्ठी में गन्ना ज्येष्ठ निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बसंत कालीन गन्ने की बुवाई फरवरी से मार्च तक की जा सकती है। किसान गन्ने की बुवाई करते समय पंक्ति की दूरी 120 सेमी रखें। गन्ना बुवाई के शुरुआती 60 दिन तक खेत में खरपतवार को नियंत्रित रखें। ग्राम धनोरी में हुई किसान गोष्ठी में गन्ना ज्येष्ठ निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि गन्ने की बुवाई में प्रमाणित एवं रोग मुक्त बीज का प्रयोग करें। बुवाई से पहले बीज का शोधन अवश्य कर लें। गन्ने की बुवाई के बाद हल्की सिंचाई करें। गन्ने की बुवाई के 15 से 20 दिन बाद गैप का भर दें। इसके 30 दिन बाद 250 किग्रा प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन का छिड़काव कर दें। इसके अलावा 100 किग्रा फास्फोरस, 100 से 120 किग्रा पोटाश, 25 किग्रा जिंक सल्फेट, 25 से 30 किग्रा सल्फर, 25 से 40 टन गोबर की खाद लगाएं। गन्ने में नाइट्रोजन 30 दिन, 60 दिन, 90 दिन और 120 दिन बाद लगए।

# 268 किग्रा. सरसों का तेल सीज किया, 5 नमूने लिए



दुकान से सैंपल लेती खाद्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- खाद्य विभाग द्वारा होली को लेकर चलाया जा रहा अभियान

**अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार होली को लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोकथाम के लिए कार्रवाई जारी है। खाद्य विभाग टीम ने 268 किग्रा. सरसों के तेल के साथ पांच नमूने लिए।

सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में बुधवार को मेन रोड पटवाई स्थित मैसर्स किसान ट्रेडर्स पर आमिर मियां से खुले सरसों के तेल का 1 नमूना संग्रहित किया। गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर लगभग 268 किग्रा. सरसों का तेल सीज किया, अनुमानित कीमत 46,900 रुपये है। शंकरपुर रोड पटवाई स्थित जमील अख्तर किराना स्टोर पर निरीक्षण के दौरान मो. नावेद रजा से पिसी धनिया एवं रंगीन कचरी का 1-1 नमूना लिया। लगभग 29 किग्रा. पिसा धनिया व 34 किग्रा. रंगीन कचरी सीज की। मुल्ला खेड़ा, बिलासपुर स्थित अरोड़ा स्वीट हाउस पर हरजीत सिंह से रंगीन रसगुल्ला व खोया का 1-1 नमूना संग्रहित किया। प्रतिष्ठान में गंदगी पाए जाने पर संबंधित को नोटिस जारी किया। कुल 5 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्रवाई होगी। दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकांत व अजरा बी मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने किया प्रदर्शन तो जागे पालिका अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पान दरीबा से जामा मस्जिद को जोड़ने वाली सड़क बदहाल है। पालिका अधिकारियों ने छह माह पहले इस सड़क की इंटरलॉकिंग यह कहते हुए उखड़वा दी थी कि नवंबर तक डामर से सड़क बनवा दी जाएगी। व्यापारियों ने मंगलवार को सड़क बनवाए जाने के लिए प्रदर्शन किया। इसके बाद पालिका अधिकारी जागे हैं। पालिका अधिकारियों ने सड़क पर रेजा डालकर रोड रोलर से समतल करा दिया गया और पानी का छिड़काव कराया है।

पान दरीबा से जामा मस्जिद तक टूटी सड़क का निर्माण कराए जाने के लिए व्यापारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। सर्राफा कमेटी, जन सेवा समिति के अलावा दुकानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि सड़क बदहाल होने के कारण पान दरीबा, बर्तन बाजार, चप्पल बाजार, सर्राफा में ग्राहकों ने आना छोड़ दिया है। मंगलवार को भी व्यापारियों ने प्रदर्शन कर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की थी। जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्वी किला गेट, पान दरीबा, जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार तक की रोड बहुत खराब है जो कि यह सड़क पिछले 20 वर्ष पहले डलवाई गई थी। उस सड़क को भी पालिका अधिकारियों ने उखड़वा दिया है। सड़क इतनी बदहाल हो चुकी है कि व्यापारियों के माल की ई रिक्शा पलट जाती हैं। जबकि इस सड़क की पालिका अधिकारियों द्वारा पैमाइश भी कराई जा चुकी है। व्यापारी नेता हारिश शम्सी ने बताया कि व्यापारियों को तल्ख तेवर देख पालिका अधिकारियों ने दो गाड़ी रेता पान दरीबे वाली सड़क के किनारे डलवा दिया है उस पर रोड रोलर चलवा गड्ढों को समतल करा दिया उसके ऊपर से पानी का छिड़काव करा दिया है ताकि, गड्ढों में रिक्शे आदि नहीं पलटें।



जामा मस्जिद से पान दरीबा को जोड़ने वाली बदहाल सड़क।



पान दरीबा मार्ग पर रेता डालकर गड्ढों को समतल करता रोड रोलर।

- गड्ढों पर रेत डाल रोड रोलर से कराया समतल, मंगलवार को किया था प्रदर्शन

# जनता दर्शन में दिव्यांग शब्बीर को मिला रोजगार

**रामपुर, अमृत विचार :** जनता दर्शन के दौरान जौहर कॉलोनी, सिविल लाइंस निवासी दिव्यांग फरियादी शब्बीर अहमद जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि स्वयं दिव्यांग होने के कारण उन्हें अब तक कोई स्थायी रोजगार प्राप्त नहीं हो सका, जिससे परिवार के भरण-पोषण में उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

फरियादी की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी से आजीविका उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी द्वारा शब्बीर को नगर क्षेत्र में ही संविदा के आधार पर ट्यूबवेल पंप ऑपरेटर के पद पर नियुक्त किया गया, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिला।

# ईद मेले व नखासा की 33 लाख में नीलामी

कार्यालय संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगरपालिका परिसर में नखासे और ईद मेले के वार्षिक ठेकों की नीलामी प्रक्रिया गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। नीलामी नायब तहसीलदार और पालिका ईओ व अध्यक्ष की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। नखासा और मेले दोनों ही ठेके पिछले साल के मुकाबले काफी ऊंचे दामों पर छूटे।

नगर के वार्षिक ईद मेले की बोली ने इस बार सबको चौंका दिया। बोली की शुरुआत एल.ए. किंगडम ने 16 लाख रुपये से की थी। नीलामी में हाजी गुड्डू ने 32.50 लाख रुपये की आखिरी बोली लगाई। लेकिन अंत में अशरफ पहलवान ने 33 लाख रुपये की उच्चतम बोली लगाकर ठेका अपने नाम कर लिया। पिछले वर्ष यह ठेका शाहज़ेब के नाम मात्र 28 लाख 50 हजार में छूटा था। साप्ताहिक पशु बाजार (नखासा) की बोली भी बेहद दिलचस्प रही। नखासा बोली की शुरुआत 2 लाख रुपये से हुई। अंत में हाजी लियाकत अली ने 3 लाख 55 हजार रुपये की बोली लगाकर इसे हासिल किया। पिछले वर्ष नखासे का ठेका 1 लाख 88 हजार रुपये का था, जिसमें इस बार लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। इस दौरान कुल 13 ठेकेदार अशरफ पहलवान, एल.ए. किंगडम, कमाल, हाजी गुड्डू, सुखदीप, उवैस लालू, एल्फा ई, एम.ए. इलेक्ट्रॉनिक, रफी मोहम्मद, आसिफ, अनीस, सईद उल ज़फर और अफसर अली शामिल रहे। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी वंदना शर्मा, नायब तहसीलदार विस्वास दीक्षित, पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज़, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक सुभम भारती, सभासद एम सगीर, मेराजुल इस्लाम, मतीन कुरैशी, तसलीम पहलवान, नेता अफसर, मोहम्मद रईस, अय्यूब, आदि रहे।



टांडा नगरपालिका में ठेकों की नीलामी प्रक्रिया के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- बुधवार को नगरपालिका टांडा में नीलामी में लगी अब तक की सबसे बड़ी बोली

# उच्च प्राथमिक विद्यालय की 20 छात्राओं को मिली साइकिल



छात्राओं को साइकिल वितरित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकार रानी की 20 छात्राओं को बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा साइकिल वितरित की गई।

रामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार, बैंक मानव संसाधन एवं प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार, बैंक के शाखा प्रबंधक, शाखा स्वार अखिलेश कुमार के नेतृत्व में छात्राओं को साइकिल वितरित की। मुख्यातिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, खंड शिक्षा अधिकारी स्वार फोटो लाल भी शामिल रहे। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से झूम उठे। अभिभावकों ने सराहना की। इस दौरान एआरपी नीतू सिंह, सतेंद्र कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकार रानी के प्रधानाध्यापक इशरत अली, संजीव कुमार, बालकृष्ण, अरविंद कुमार, कौशल सिह, अब्दुल समद, अशरफ अली, इरम नाज, रवि शंकर, अनुज, रूप किशोर, इस्लाम नबी, अशरफ अली, जिला पंचायत सदस्य खलील अहमद, ग्राम प्रधान असगर अली सहित गांव के लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन अध्यापक अब्दुल समद व अध्यक्षता संजीव कुमार ने की।

**दहशत** — सैफनी में आवारा कुत्तों का आतंक, लोगों का सड़कों पर निकलना दूभर

# कुत्तों ने एक माह में 92 लोगों को बनाया शिकार

सैफनी, नईम आजाद

**अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों का खौफ इस कदर बढ़ गया है कि अब लोगों का सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है। पिछले महज एक माह के भीतर कुत्तों ने छोटे बच्चों समेत 92 लोगों को काटकर घायल किया है। जबकि बंदरों ने 26 तो बिल्लियों ने 30 को अपना शिकार बनाया है। करीब 148 लोग इन जानवरों का शिकार हुए हैं।

नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हर दिन औसतन 3 से 5 लोग कुत्ते के काटने के शिकार होकर इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। घायलों में सबसे अधिक संख्या बच्चों और युवाओं की है। डॉक्टरों का कहना है कि एंटी-रेबीज वैक्सीन की मांग में अचानक तेजी आई है। नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत और प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़कों और गलियों में कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं, इसके अलावा बंदरों के झुंड छतों एवं पेड़ों पर घूमते देखे जा रहे हैं, जो पैदल चलने वालों और दुपहिया वाहन चालकों पर अचानक हमला कर देते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लिए गए डॉग बाइट के आंकड़ों से पता लगता है कि कुत्तों और बंदरों का आसान शिकार कम उम्र के बच्चे हैं। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे इनका शिकार अधिक हो रहे हैं जिससे लोगों में खौफ देखा जा रहा है। बीते एक माह में कुत्तों ने जिन लोगों को अपना निशाना बनाया है, उनमें से कुछ के नाम दिए गए हैं जबकि कुल आंकड़ा डॉग बाइट का 92 है।



सैफनी में घूमता कुत्तों का झुंड। ● अमृत विचार

### कुत्ते के काटने पर ना करें घरेलू उपाय

अक्सर देखा जाता है कि कुत्ता, बंदर, बिल्ली काट लेती है, तो लोग मिर्ची अचार लगा देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए बल्कि काटने के बाद जख्म को सादा पानी से कुछ देर तक अच्छे से धो लें उसके बाद 24 घंटे के भीतर एंटी रेबीज वैक्सीन अस्पताल में आकर लगवा लेनी चाहिए।

– **जुल्फिकार हुसैन**, फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सैफनी।

### इन लोगों को कुत्तों ने किया घायल

सैफनी क्षेत्र के बिसौली तालाब गांव निवासी 14 वर्षीय निखिल पुत्र विजय यादव, बैरुआ के 9 वर्ष के हैदर अली पुत्र हजरत अली, खरसौल की 26 वर्षीय निशा पुत्री अबरार, चंद्रपुर कलां के सोनू (30), गोपाल (23) हजाड़ा गांव के रेशमा (50) और राजू (29) बैरुआ गांव के 5 वर्षीय सुमित पुत्र हीरालाल, तनुजा (23) करनपुर गांव के 11 वर्षीय लक्ष्य पुत्र लोकेश, चौकोनी गांव के 15 वर्षीय सलोनी पुत्री मेघ सिंह, सैफनी के 8 वर्षीय अरमान पुत्र अकील अहमद और 11 वर्ष के अरकान पुत्र महबूब सहित कुत्तों ने 92 लोगों को अपना शिकार बनाया है।

# सुपर क्रिकेट लीग 28 से




प्रेसवार्ता में लीग के बारे में जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बमनपुरी स्टेडियम में होगी लीग 8 टीमें लेंगी हिस्सा

**अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित दयावती मोदी एकेडमी में में बैठक हुई। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन ने कहा कि यीपीसीए से मान्यता प्राप्त रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा सुपर क्रिकेट लीग टी-25 बमनपुरी स्टेडियम पर 28 मार्च से शुरू होगी।

उन्होंने बताया टूर्नामेंट में 8 टीमें प्रतिभाग करेंगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सेवानिवृत्त डीजीपी उप्र डॉ. डीएस चौहान और रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव बसंत सिंह बघेल द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि नैनीताल रोड स्थित बमनपुरी स्टेडियम में होने वाली टी-25 क्रिकेट लीग में एक टीम में जिले से बाहर के चार खिलाड़ी शामिल होने पर विचार चल रहा है। लीग में 17 वर्ष से सीनियर वर्ग तक के खिलाड़ी ही भाग लेंगे। क्रिकेट लीग में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सलेक्टर मौजूद रहेंगे। यूपीसीए के पैनल द्वारा मैच की अंपायरिंग, कमेंट्री एवं स्कोरिंग कराई जाएगी। अच्छे खिलाड़ियों को यूपी टी-20 के कैंप में खेलने का अवसर प्राप्त होगा। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य अतहर अली, मोहम्मद अली, दीपक शर्मा, अर्जुन सिंह ग्रेवाल, अमित मल्होत्रा, अर्पित जैन, विजय पंछी, क्रिकेट कोच आलम खान, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सैंपल भरने वाली टीम की सूचना से दुकानें बंद

**ढकिया, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर को ढकिया कस्बा में दुकानदारों को सूचना मिली कि खाद्य विभाग की टीम सैंपल भरने आ रही है सूचना मिलते ही ढकिया कस्बे में परचून व मिठाई विक्रेताओं ने दुकानों के शटर गिरा दिए। शाम तक दुकानों में ताले पड़े रहे। ढकिया के अलावा पड़ोसी गांव मधुकर व घारमपुर नरेंद्रपुर गांव के दुकानदारों ने भी शाम तक अपनी दुकानें सैंपल भरे जाने के डर से बंद रखी।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**मिलक, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद रामपुर के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर एक हिंदू नेता पर सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणी करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर में बताया कि एक व्यक्ति कभी थाने में पहुंच कर वहां पर आग लगाने की बात करता है कभी एक जिम्मेदार अधिकारी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करता है उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने 19 जनवरी व 25 फरवरी को सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण के दौरान उनके खिलाफ सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया व भविष्य में देख लेने की धमकी दी। आशंका जताई कि इससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। शिकायत में बताया कि पूर्व में भी चार बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है, जिनकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### साइबर ठग ने खाते से उड़ाए 85 हजार

**सैफनी, अमृत विचार :** कस्बे के सागरपुर मोहल्ले में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। तौसीफ पुत्र जमील के बैंक खाते से शातिर ठग ने 85 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सैफनी थाने में दर्ज कराई है। नगर के सागरपुर मौहल्ला निवासी तौसीफ को मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला। जब तक वह कुछ समझ पाते, उनके खाते से 85 हजार रुपये की मोटी रकम एक झटके में उड़ा दी गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित ने तुरंत अपने बैंक को सूचित कर खाता ब्लॉक कराया और सैफनी थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रांजैक्शन डिटेल्स और साइबर सेल की मदद से ठगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हाईस्कूल विज्ञान का पेपर देख दूर हुआ डर

## यूपी बोर्ड परीक्षाः 12वीं में रसायन विज्ञान व समाज शास्त्र की परीक्षा में 1057 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड में बुधवार को हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा से 25468 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 23699 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 1769 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की संगीत, नृत्यकला की परीक्षा से 31 के सापेक्ष 30 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र की परीक्षा के लिए पंजीकृत 17662 के सापेक्ष 16605 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 1057 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अधिकतर बच्चों ने बताया कि पेपर देखकर डर जाता रहा। पेपर अच्छा हुआ।

जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर हुई यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में हाईस्कूल के विज्ञान के पेपर के लिए 25468 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसके सापेक्ष 23699 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1769 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में इंटरमीडिएट का संगीत, नृत्यकला का भी पेपर था जिसके लिए 31 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 30 परीक्षा में उपस्थित रहे और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हुई इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र के पेपर में 1057 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के 17662 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 16605 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान छह उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।

**हाईस्कूल प्रथम पाली, विज्ञान**
पंजीकृत परीक्षार्थी– 25468
उपस्थित– 23699
अनुपस्थित –1769

**इंटरमीडिएट प्रथम पाली संगीत, नृत्यकला**
पंजीकृत परीक्षार्थी– 31
उपस्थित– 30
अनुपस्थित – 01

**इंटरमीडिएट दूसरी पाली, रसायन विज्ञान, समाजशास्त्र**
पंजीकृत परीक्षार्थी– 17662
उपस्थित– 16605
अनुपस्थित – 1057


परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्नों के उत्तरों का मिलान करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


विज्ञान का पेपर था और बहुत अच्छा हुआ है उम्मीद है कि पेपर में अच्छे अंक मिलेंगे। विज्ञान विषय की बहुत समय से तैयारी कर रहे थे जितना याद किया वह पेपर में आया था।
– मोहम्मद अजहान


हाईस्कूल के विज्ञान के पेपर से बहुत डर लग रहा था लेकिन, पेपर देखकर डर जाता रहा। जो पेपर के लिए पिछले दिनों से तैयारी कर रहे थे वही प्रश्न पूछे गए थे। पेपर अच्छा हुआ है।
– मोहम्मद अमान


विज्ञान का पेपर पास होने लायक हो गया है। जितना याद किया था वह पेपर में देखकर दिल खुश हो गया। पहले वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखे इसके बाद दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखें हैं।
– खुशी


विज्ञान के पेपर के लिए तड़के कुछ प्रश्नों के उत्तर याद किए थे। पेपर हाथ में आते ही वही प्रश्न देखकर बहुत खुशी हुई। पहले उन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखे जोकि, तड़के में याद किए थे।
– अंजलि सैनी

"हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की सोमवार को 74 केंद्रों पर परीक्षा हुई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए छह उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।
– **अंजलि अग्रवाल,** जिला विद्यालय निरीक्षक

# पीडब्ल्यूडी कार्यालय में पत्रावलियां फाड़ीं, प्रधान सहित दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **बुधवार शाम पीडब्ल्यूडी कार्यालय में हुई घटना**

**अमृत विचारः** पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग सरेज कुमार वर्मा ने सिविल लाइंस थाने में मडैयान कली प्रधान और प्रतिनिधि पर कार्यालय में अभद्रता और पत्रावलियां फाड़ने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

अवर अभियंता ने बताया कि करीब 12:15 बजे मड़ैयान कली प्रधान अजय कश्यप और उनके प्रतिनिधि संदीप ठाकुर द्वारा कार्यालय में आकर सुरेश चंद्र सिंह, खंडीय कैशियर के माध्यम से अधिष्ठान लिपिक द्वितीय के कक्ष में उन्हें बुलाया गया। वहां पर मड़ैयान कली ग्राम में जबरन अपने स्तर से कार्य कराये जाने के लिए दबाव बनाने लगे। उनके द्वारा विभागीय प्रक्रिया को समझाने के दौरान प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बार-बार अभद्र भाषा शैली में अत्यधिक उच्च स्वर में में बातचीत में बाधा डाली जा रही थी। बोले कि जो हम कहेंगे वहीं करना पड़ेगा नहीं तो कार्यस्थल पर आओगे तो तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। अवर अभियंता ने कहा कि बार-बार समझाने के बावजूद दोनों नहीं माने और उनके हाथ में सरकारी कागज थे उन्हें फाड़कर फेंक दिया और मारपीट करने पर उतारू हो गए। गाली-गलौच व शोर-शराबा सुनकर कार्यालय के स्टाफ इकट्ठा हो गया। स्टफ इकट्ठा हुआ तो दोनों कार्यालय से चले गए। मामले में अवर अभियंता ने मडैयान कली प्रधान व प्रतिनिधि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## भगवतीपुर में होली जली, पुलिस जांच में जुटी

**ढकिया, अमृत विचारः** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ढकिया पुलिस चौकी क्षेत्र के भगवतीपुर में बुधवार दोपहर संदिग्ध हालत में होली जल गई। अफरा तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने चौकी पुलिस को फोन कर सूचना दी। प्रभारी विनेश कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल गांव पहुंचे। तब तक ग्रामीणों ने पानी डालकर होली में लगी आग को बुझा लिया। ढकिया चौकी प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है। कुछ लोग बच्चों द्वारा आग लगाने की बात बता रहे हैं।

# गाइड लाइन के अनुसार ही बजाएं डीजे व लाउडस्पीकर


डीजे संचालकों की बैठक में बोलते थानाध्यक्ष पंकज पंत। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** खजुरिया थाने में बुधवार को थानाध्यक्ष पंकज पंत की अध्यक्षता में डीजे संचालकों की बैठक की गई। जिसमें त्योहारों व परीक्षाओं के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि रात्रि दस से सुबह छह बजे तक डीजे या किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। चेतावनी दी, कि यदि इस समयावधि के बाद कहीं भी संगीत बजतामिला, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

दिन में डीजे की आवाज निर्धारित मानकों के भीतर होनी चाहिए। स्कूल, अस्पताल और अदालतों जैसे नो-नॉइज़ ज़ोन के सौ मीटर के दायरे में डीजे बजाने पर कड़ी पाबंदी रहेगी। अश्लील, जातिसूचक भड़काऊ गाने प्रतिबंध हैं।

## व्यापारी से मांगी फिरौती हत्या की दी धमकी

**बरेली, अमृत विचारः** किला क्षेत्र के व्यापारी से रामपुर का युवक कॉल करके फिरौती मांग रहा है। पैसे नहीं देने पर अपहरण के बाद हत्या करने की धमकी दी जा रही है।

साहूकारा निवासी संजय अग्रवाल ने बताया कि 12 फरवरी की रात उसे कॉल आई। नाम राजेश निवासी रामपुर बताया। उससे कहा कि उसके खाते में एक लाख रुपये डाल दें। उसने मना किया तो फोन काट दिया। 13 फरवरी को फिर कॉल आई और पैसे की मांग की गई। आरोपी ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो रामपुर और मुरादाबाद में व्यापार करने आएगा तो अपहरण कर लेगा। अगर जान प्यारी है तो अब एक लाख नहीं बल्कि दो लाख रुपये दे। जितने दिन बढ़ाएगा उतने ही रुपये एक लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ते जाएंगे। किला पुलिस ने रामपुर के ज्वालानगर आगापुर सिविल लाइंस निवासी राजेश कुमार उर्फ बब्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# भक्तिभाव से निकाली श्याम बाबा की निशान यात्रा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर में श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। आतिशबाजी प्रमुख आकर्षण रहीं, जबकि बैंड बाजे की धुनों पर भक्ति भाव से श्रद्धालु भजन कीर्तन करते नजर आएं।

श्री श्याम सेवा मित्र मंडल के तत्वाधान में छठा दो दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के पहले दिन नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा मोहल्ला मंडी से प्रारंभ होकर माटखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा, रामपुर-नैनीताल हाईवे, पोस्ट आफिस रोड से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। भव्य रूप से सजाया गए वाहन में श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा को विराजमान किया गया। उसके पीछे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। इसके अलावा महिला-पुरुष व बच्चे भजन गाते, जयकारे लगाते और नृत्य करते चल रहे थे। साथ ही उत्साही युवकों ने जगह-जगह आतिशबाजी छोड़ी। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसी बीच समिति के सदस्य सुरेश कुमार कंसल, मनोज जैन आदि ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव मनाया जा रहा है। बताया कि गुरुवार की रात को मोहल्ला शिवबाग मंडी में विशाल जागरण होगा। जागरण में इंदौर से अनुष्का-अधिष्ठा, ग्वालियर से मनोज शर्मा और आगरा से राजू बावरा बाबा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर मनोज जैन, अजय कंसल, सुरेश कंसल, रामफल अग्रवाल, राजेश जैन, विकास जैन, रवि गोयल, कुशल गर्ग, मुकेश जिंदल, राजेश यादव, मनोज बंसल, श्वेता बंसल, रेखा बंसल, ममता बंसल, संध्या गोयल, श्वेता जैन, रिंकी जैन, कमलेश अग्रवाल, कविता कंसल, सुनीता, अश्वनी अग्रवाल, ललित अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग समेत आदि मौजूद रहे।


बिलासपुर में श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


सजा श्याम बाबा का दरबार।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 13 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **सीबीएसई परीक्षा: 10वीं विज्ञान परीक्षा में 3743 परीक्षार्थी हुए शामिल**

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड में 13 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा हुई। 10वीं की साइंस की परीक्षा में 3774 के सापेक्ष 3743 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिले के 13 केंद्रों पर बुधवार की सुबह 10:30 बजे से 10वीं के परीक्षार्थियों की परीक्षा शुरू हुई। 10वीं के 24 परीक्षार्थियों ने टाइपोग्राफी और कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा हुई।

सीबीएसई परीक्षा में बुधवार को 10वीं की साइंस और टाइपोग्राफी और कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9 बजे से परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। तलाशी के बाद 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा कक्ष में पहुंचने से पहले भी परीक्षार्थियों की तलाशी हुई। सुबह 10 बजे परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों के पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र बांटना शुरू हुआ। 10:15 से 10:30 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया गया। इसके बाद 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। 10वीं के विज्ञान के पेपर से 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि टाइपोग्राफी और कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा में सभी 24 पंजीकृत परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

"सीबीएसई की 10वीं की विज्ञान और टाइपोग्राफी एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा हुई। साइंस के पेपर से 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि टाइपोग्राफी एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे।
– **नीरज तिवारी,** सिटी को ऑर्डिनेटर सीबीएसई

# जिले की आन, बान, शान था शाहबाद गेट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** ईदगाह के निकट स्थित शाहबाद गेट शहर की आन-बान-शान बयां करता था। नवाबी दौर में गेट पर 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहते थे और गेट से निकलने वाले हर अंजान आदमी से पूछताछ करते थे। 1785 में नवाब फैजुल्लाह खां ने शहर के चारों ओर 12 प्रवेश द्वार बनवाए थे।

जिनका वर्ष 1896 में नवाब हामिद अली खां ने फ्रांसीसी इंजीनियर डब्ल्यू सी राइट से प्रवेश द्वारों का नक्शा बनवाकर उनका पुनर्निर्माण कराया। शाहबाद गेट को जर्जर बताते हुए ध्वस्त करा दिया गया एंग्लो-इंडियन वास्तुकला का नमूना हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो गया। रामपुर रियासत की स्थापना के बाद नवाब फैजुल्लाह खां ने शहर की जामा मस्जिद और 12 प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया था। इसके बाद नवाब हामिद अली खां ने शहर को खूबसूरत बनाने के लिए इन 12 प्रवेश द्वारों को एंग्लो-इंडियन वास्तुकला के रूप में ढाला। इन 12 गेटों का नक्शा एक दूसरे से जुदा था। 2014-15 में सपा सरकार में पूर्व मंत्री आजम खां ने इन प्रवेश द्वारों को ध्वस्त करा दिया। नवाब हामिद अली खां ने शहर में प्रवेश करने के लिए मोरी गेट भी बनाया था जोकि, आज तक मोरी गेट के नाम से प्रसिद्ध था। फिलहाल यह गेट इतिहास का हिस्सा बन गए हैं जबकि, इन गेटों के किस्से लोगों की जुबान पर आज भी हैं।

वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. जहीर सिद्दीकी ने बताया कि नवाब फैजुल्लाह खां ने 1774 में रामपुर रियासत की स्थापना के बाद शहर के प्रवेश द्वारा बनवाए थे। वर्ष 1896 में नवाब हामिद अली खां ने इन गेटों को एंग्लो-इंडियन वास्तुकला की तर्ज पर निर्माण कराया था।


ईदगाह के निकट स्थित शाहबाद गेट शाहबाद गेट। ● अमृत विचार

● **नवाबी दौर में गेट पर 24 घंटे तैनात रहते थे सुरक्षाकर्मी**

## न्यूज डायरी

### डॉ. गौरव वार्ष्णेय राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत



**रामपुर, अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय को विकास भवन सभागार में राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने करीब 25 वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को तैयार किया है। गुलाब चंद्र ने कहा कि राज्य अध्यापक पुरस्कार ऐसे ही शिक्षकों के सतत प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों की पहचान है। यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक मानक स्थापित करती है और अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती रहेगी।



### भाकियू अराजनैतिक की पंचायत

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में बुधवार को किसान मेला रठौंडा में पंचायत हुई। किसानों ने भारत अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कुछ बिंदुओं पर चर्चा की। लगातार खतौनी में नाम व अंश भाग को लेकर चल रही समस्याओं से किसान लगातार परेशान है , उपभोक्ताओं का बिजली का बिल लगातार बढ़ा-चढ़ाकर निकाला जा रहा है। जिसको लेकर किसान साथियों को विभिन्न समस्याएं आ रही है। इसी के साथ भारत सरकार की पहल जल जीवन मिशन पूर्णतया असफल रहा। इस मिशन के तहत सड़कें खोद दी गई जिससे जनजीवन परेशान है। धान खरीद में धांधलेबाजी की पूर्णतया जांच होनी चाहिए। इस दौरान सरदार अवतार सिंह, फूल सिंह गंगवार, महेश बाबू गंगवार, राधेश्याम राजपूत, ताहिर खा, अंतरिक्ष पटेल, रामपाल पटेल, भानु प्रताप सिंह, वीरेंद्र गंगवार, सुनील मौर्य, प्रेमपाल गंगवार सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### प्लॉट के मालिकाना हक को लेकर दो पक्षों में विवाद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला शांति कॉलोनी में एक प्लॉट को लेकर दो पक्षों में मालिकाना हक को लेकर विवाद छिड़ा है। लोगों राज्यमंत्री से मुलाकात विवाद के निस्तारण की मांग की। वहीं राज्यमंत्री के निर्देश पर तहसीलदार ने छह सदस्यीय राजस्व टीम गठित की गई है। यह विवाद शांति कॉलोनी स्थित एक प्लॉट के मालिकाना हक से जुड़ा है। कॉलोनी निवासी बाल किशन चावला का दावा है कि उनके पास प्लॉट की रजिस्ट्री और अन्य दस्तावेज हैं। हालांकि सदराखेड़ा गांव के कुछ लोग इस पर अपना कब्जा बता रहे हैं। दूसरा पक्ष पंचायत के निर्णय को भी मानने को तैयार नहीं है। वहीं बाल किशन चावला गणमान्य व्यक्तियों के साथ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पहुंचे। राज्यमंत्री ने तत्काल अपने कैंप कार्यालय में तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, कानूनगो प्रेमपाल और लेखपाल यशपाल चौधरी को बुलाया। राज्यमंत्री ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि जांच कराकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। राज्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में सभासद अमन वर्मा और राजू तनेजा, भाजपा जिला प्रतिनिधि चेतन पारुथी, भाजपा मंडल महामंत्री मधुबाला गुगलानी, संजय खुराना, राकेश पारुथी, बलविंदर चावला, सुदर्शन खुराना, हरि ग्रोवर सहित सौ से अधिक लोग शामिल रहे।



### सड़क सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष के साथ की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य प्रदीप कुमार सक्सेना व नामित एनजीओ अध्यक्ष ने थाना पटवाई प्रभारी निरीक्षक के साथ बैठक की। आदर्श उत्थान विकास सेवा समिति तहत गांव पंचायतों में वाहनों की वृद्धि देखते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर चर्चा की। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके। बैठक में ई-रिक्शा, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों पर लगाम को लेकर चर्चा की। जबकि हादसों में कमी को लेकर

### कॉलेज प्रबंधक के निधन पर शोक



**ढकिया,अमृत विचार :** कस्बा ढकिया स्थित खान सिंह जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. राजपाल सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह कस्बे में लगने वाले प्राचीन ध्वजामेला कमेटी के अध्यक्ष भी थे। 22 फरवरी की रात उनके सीने में दर्द उठने से हालत बिगड़ गई। मुरादाबाद अस्पताल से रेफर करने पर परिजन उन्हें अपोलो अस्पताल ले गए। जहां मंगलवार की रात करीब आठ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से ढकिया कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौर, भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन कुंवरपाल सिंह, भाजपा शाहबाद के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, ढकिया साधन सहकारी समिति के सभापति सतीश कुमार सिंह, जिपं सदस्य डॉ. मनोज कुमार सिंह, आरएसएस के पुनीत चौधरी आदि रहे। बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सामाजिक, राजनीतिक व व्यापारी वर्ग मौजूद रहा। कॉलेज में शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## अनदेखी

### टूट स्लैब में फंस कर गिर जाते हैं बाइक सवार


# पटले वाली मस्जिद के पास टूटे स्लैब बने मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पटले वाली मस्जिद के निकट टूट स्लैब से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इसमें फंसकर कई बाइक सवार घायल हो चुके हैं। बजरिया मुल्ला जरीफ से कलकत्ता मोहल्ले को जोड़ने वाली सड़क और स्लैब जर्जर हो चुके हैं लेकिन, उनको दुरुस्त नहीं कराया गया है। लोग कई बार पालिका अधिकारियों को स्लैब बदलवाए जाने की मांग कर चुके हैं लेकिन, स्थिति जस की तस है।

वार्ड 35 में स्थित पटलों वाली मस्जिद के निकट तेज रफ्तार बाइक सवारों को टूटा हुआ स्लैब दिखाई नहीं देता और वे उसमें गिरकर घायल हो जाते हैं। बाशिंदे कई बार पालिका के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन आश्वासन दिया जाता है और हालत जस की तस है। करीब 15 वर्ष पूर्व इंटरलॉकिंग सड़कें बनवाई गई थी नाले पर स्लैब डलवाए गए थे लेकिन, भारी वाहनों का गुजर होने से स्लैब टूट गए हैं। टूटी सड़कों के कारण तेज रफ्तार बाइक सवार गिरकर घायल हो जाते हैं। नालों में लंबे समय से सफाई नहीं हुई व स्लैब नहीं डलवाए गए हैं। सड़कें जर्जर है। लोगों ने पालिका के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। अधिकारियों द्वारा लोगों को आश्वासन दे दिया जाता है लेकिन, काम नहीं होता है।


पटले वाली मस्जिद के निकट टूटा स्लैब। ● अमृत विचार


पटले वाली मस्जिद के निकट नाले का स्लैब टूटा होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी होती है। इस सड़क पर दिनों रात ट्रैफिक चलता है। लेकिन अधिकारियों ने स्लैब नहीं बदलवाया है।
– सज्जन खां


वार्ड 35 में स्लैब टूटा होने से रात में हादसे होते रहते हैं। वार्ड में सड़कें भी बदहाल हो चुकी हैं। कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन, स्थिति जस की तस है।
– महताब आलम


रात के अंधेरे में लोग टूटे स्लैब में फंस कर गिर जाते हैं। बच्चों की टांग अक्सर टूटे स्लैब में फंस जाती है और वह गिरकर घायल हो जाते हैं। जगह-जगह सड़कें टूट चुकी हैं लेकिन, अधिकारी बेखबर हैं।
– मोहम्मद अली


माहे रमजान में लोग फज्र की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में जाते हैं और अंधेरे में टूटे स्लैब के कारण गिर जाते हैं। पालिका अधिकारियों को कई बार स्लैब बदलवाने के लिए कहा जा चुका है।
– मोहम्मद इकरार

## न्यूज ब्रीफ

### सांड़ से टकराई बुलेट बाइक, दो लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर मंगलवार की देर शाम मंगरौला गंगा एक्सप्रेसवे के निकट सांड़ से बुलेट मोटरसाइकिल टकरा गई। बाइक सवार आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी भूपेंद्र व शहबाजपुर ढोला निवासी केशव बुरी तरह घायल हो गए। दोनों घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रेफर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक भूपेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों शहर में खरीदारी के बाद बुलेट बाइक से घर लौट रहे थे।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांध किया शिक्षण कार्य

**सैदनगली, अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में तीसरे दिन भी शिक्षकों ने आंदोलन को बुलंद करने के लिए बाजू पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। उनकी मांग है कि पुराने नियुक्त शिक्षकों पर थोपी गई टीईटी की बाध्यता को समाप्त किया जाए। शिक्षकों ने बुधवार को भी बाजू पर काली पट्टी बांध ट्विटर पर हैश टैग अभियान, जस्टिस फायर टीचर चलाया। सैदनगली न्याय पंचायत के विद्यालयो में तीसरे दिन भी काली पट्टी बांध विरोध दर्ज कराया। पुनीत गुप्ता, अंशु गुप्ता, यशदीप कुमार, उज्जवल सिंह, इरशाद अली, कमल वर्मा, सचिन गुप्ता, खालिदा रफत, निर्देश कुमार, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जोया सीएचसी में संविदा स्वास्थ्य कर्मी का शव फंदे से लटका मिला

## सुसाइड नोट मिला जिसमें भाई और भाभी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सरकारी आवास में बुधवार सुबह एक संविदा कर्मी का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें उसने अपने भाई और भाभी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।



अंकुर चीमा।

35 वर्षीय अंकुर चीमा पुत्र भगत सिंह निवासी गांव भेड़ा भरतपुर, थाना नौगावां सादात जोया सीएचसी की नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई (एसएनसीयू) में संविदा पर कार्यरत था। बताया गया कि बुधवार सुबह करीब नौ बजे साथी कर्मचारी अंकुश और पुनीत ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई

- **सीएचसी में नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई में तैनात था अंकुर चीमा**

जवाब नहीं मिला। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर कर्मचारी एकत्र हो गए और दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का नजारा देख सभी सन्न रह गए। अंकुर का शव कमरे में लगे पंखे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही सीएचसी स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए।

बताया जा रहा है कि अंकुर 16 फरवरी को अपनी पत्नी से मिलने बलरामपुर गया था और चार दिन की छुट्टी पर था। तीन दिन अनुपस्थित रहने के बाद वह मंगलवार रात करीब साढ़े सात बजे सीएचसी लौटा और नाइट ड्यूटी की। सुबह साढ़े सात बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपने कमरे पर चला गया था। इसके कुछ ही देर बाद यह घटना सामने आई। अंकुर का विवाह वर्ष 2022 में हुआ था। उनकी पत्नी गरिमा सिंह बलरामपुर जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका हैं। उनका आठ माह का एक बेटा भी है। घटना की सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। डिडौली इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया कि मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें उसने अपने भाई और भाभी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आम के बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के फूलपुर बीझलपुर मार्ग स्थित एक आम के बाग में बुधवार सुबह युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान दिनेश पुत्र नेमपाल, 30 वर्षीय निवासी बाईखेड़ा के रूप में हुई है। पड़ोसी बाग के बटाईदार गुलज़ार अपने नौकर जानकीदास के साथ टहल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर हाजी शाहिद के बाग में पेड़ से लटके शव पर पड़ी। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। दिनेश की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस आत्महत्या और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। दिनेश अपने पीछे पत्नी रेणु व दो बेटियों को रोते बिलखते छोड़ गया है। मृतक की जेबों से एक मोबाइल, सोने का कंगन एवं आधार कार्ड मिला।



मृतक दिनेश।

# सड़क चौड़ीकरण में किसी का नहीं होगा नुकसान



व्यापारियों के साथ बैठक करते विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- **मिलने पहुंचे व्यापारियों से बोले विधायक महबूब अली**
- **कहा, सौंदर्यीकरण का काम सबकी सहमति से होगा**

**अमृत विचारः** शहर में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण की चर्चाओं के बीच अमरोहा सदर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि किसी भी व्यापारी के प्रतिष्ठान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कार्य कराया जाएगा, लेकिन व्यापारियों के हितों की पूरी सुरक्षा की जाएगी।

बुधवार को विधायक व लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली से नगर के व्यापारियों ने मुलाकात की। ज्ञात हो कि हाल ही में विधानसभा के बजट सत्र में विधायक ने शहर में सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया था। इसके बाद कुछ व्यापारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की थी। व्यापारियों का कहना था कि सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई से उनके प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंच सकता है। बुधवार को व्यापारियों के साथ बैठक में विधायक महबूब अली ने स्पष्ट किया कि सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाना और यातायात को सुगम बनाना है।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा और बिना समुचित वार्ता एवं सहमति के कोई कार्रवाई नहीं होगी। यदि कहीं तकनीकी रूप से परिवर्तन की आवश्यकता हुई तो उसका समाधान आपसी समन्वय से निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जनहित में होते हैं और प्रशासन का दायित्व है कि सभी पक्षों को विश्वास में लेकर आगे बढ़े। व्यापारियों ने भी अपनी चिंताएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से कराया जाएगा। इस मौके पर सर्वेश सेनी, शशिकांत गोयल, वीरसिंह यादव, आजम कुरैशी, सरताज आलम, मंसूर खान समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे। बैठक के बाद व्यापारियों ने विधायक के आश्वासन पर संतोष जताया।

# दो किलोमीटर कच्चे मार्ग को बनवाने की मांग



प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

- **कई ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने ग्रामीणों के साथ किया प्रदर्शन**

**अमृत विचारः** सड़क पक्की कराने को लेकर ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

तलावड़ा से संभल बॉर्डर गांव सिघौला तक दो किलोमीटर कच्चा मार्ग है। यह मार्ग पक्का हो जाए तो विधानसभा हसनपुर केबहादुरपुर, इमरतपुर, खड़ग रानी, भुवरा, सुबरा, बिझलपुर शाहबाजपुर, आदि गांव संभल-दिल्ली मार्ग से जुड़ जाएंगे। इस मार्ग के द्वारा संभल अनूपशहर बदायूं मार्ग से जुड़ जाएंगे। ग्राम प्रधानों ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन कर मार्ग पक्क्का कराने की मांग की और चुनाव का बहिष्कार की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में बहादुरपुर ग्राम प्रधान रघुवीर सिंह, तलावडा ग्राम प्रधान शीला, पप्पू सिंह, हरीश, प्रेमपाल, रामप्रकाश, सुनील, प्रवीण, सुरेश, मुनेश, राजेंद्री वर्मा, पूनम, मोमराज, काले, मलखान सिंह, राजवीर सिंह, रघुराज, इंद्रपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# न्यायालय में चला सघन तलाशी अभियान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** जिला एवं सत्र न्यायालय, अमरोहा को धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद बुधवार को एक बार फिर पुलिस प्रशासन ने सघन तलाशी अभियान चलाया। व्यापक जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

दरअसल 16 फरवरी 2026 को न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक धमकीपूर्ण मेल भेजा गया था जिसकी जिम्मेदारी आतंकी संगठन ने ली थी। ई-मेल में न्यायालय परिसर में विस्फोटक सामग्री लगाए जाने का दावा किया गया था। साथ ही तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने को रोकने की मांग भी की गई थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात अवधभान सिंह के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड, एंटी सबोटाज (एएसएल) टीम और पर्याप्त पुलिस बल के साथ न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सघन चेकिंग कराई गई। तलाशी अभियान के दौरान न्यायालय के प्रत्येक कक्ष, अधिवक्ताओं के चौंबर, गलियारों और अन्य संवेदनशील स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया। जांच में किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उधर, साइबर सेल की टीम धमकी भरे ई-मेल का तकनीकी विश्लेषण कर रही है, ताकि मेल के स्रोत की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी गई है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



चेकिंग करती टीम। ● अमृत विचार

- **साइबर सेल कर रही धमकी भरे ई-मेल का तकनीकी विश्लेषण**

### साहूवाला रेंज में हाथी का शव मिला

**बिजनौर, अमृत विचारः** नजीबाबाद वन प्रभाग की साहूवाला रेंज की खारी बीट में एक हाथी का शव मिला। मामला बढ़ापुर क्षेत्र के जंगल का है, जहां पिछले कुछ दिनों से आ रही दुर्गंध के चलते वनकर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया तो हाथी का शव झाड़ियों में मिला।

प्रारंभिक आंकलन के अनुसार हाथी की मौत करीब एक सप्ताह पूर्व हुई प्रतीत होती है। मृत हाथी की उम्र लगभग आठ वर्ष बताई जा रही है। शव काफी हद तक सड़ चुका है, जिससे पहचान और अन्य तथ्यों की पुष्टि में सावधानी बरती जा रही है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सकों की टीम ने घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम किया। अधिकारियों का कहना है कि जहर, किसी बीमारी या आपसी संघर्ष जैसी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। वन दरोगा नितिन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा



बच्चों के साथ डीएम निधि गुप्ता वत्स, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** अक्षरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव एक शाम अक्षरा के नाम 2.0' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिदिन दो से तीन घंटे का समय अवश्य देना चाहिए। शिक्षाविद डॉ. हरवंश दीक्षित ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि भारत में युवाओं के रूप में अपार संपदा है। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले और विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक शुभम राहल, शगुन राहल एवं प्रधानाचार्य निपेन्द्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

# यादव जी की लव स्टोरी का विरोध



उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देते भाकियू बीआर आंबेडकर के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने यादव जी की लव स्टोरी के विरोध एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में यादव समाज के लोगों ने कहा कि फिल्म के शीर्षक में यादव शब्द का प्रयोग केवल व्यावसायिक लाभ और सनसनी फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। यह समाज की गरिमा को कम करने का प्रयास है फिल्म के प्रचार और ट्रेलर में यह स्पष्ट हो रहा है कि इसमें यादव समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है किंतु उसे किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करने या सामाजिक समरसता को चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है। मंथन प्रधान, अशोक पहलवान, सोनू गुर्जर, रूम सिंह खड़गवंशी, महेंद्र यादव, रोहित यादव, राहुल, सोनू यादव, देवेंद्र यादव, रामावतार यादव, पप्पू यादव, धर्मपाल यादव, सेवाराम यादव, सतपाल यादव, विजय यादव, सज्जन यादव, मनवीर यादव, अनिल यादव, दीपांशु यादव, राहुल यादव, कोमल यादव आदि मौजूद रहे।

# शंकराचार्य समेत शिष्यों पर दर्ज केस की जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- **शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया**

**अमृत विचारः** शहर कांग्रेस कमेटी ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में प्रयागराज के कटरा थाना में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी समेत अन्य के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शंकराचार्य का पद हिंदू धर्म की प्राचीन और महत्वपूर्ण आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ा है, जिसकी नियुक्ति और मान्यता ऐतिहासिक प्रक्रिया के तहत होती रही है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि प्रकरण की जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। उनका कहना है कि जांच किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या पक्षपात से मुक्त होकर केवल तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए। जांच के दौरान पीड़ित और आरोपित दोनों पक्षों को सुना जाए तथा सभी प्रासंगिक साक्ष्यों का स्वतंत्र रूप से परीक्षण किया जाए। प्रधानमंत्री से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने और संवैधानिक मूल्यों व धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने की मांग की गई है।

# यूजीसी कानून के विरोध में लगाया जाम



मार्ग पर जाम लगाते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक बुधवार को तहसील के निकट हुई जो बाद में प्रदर्शन और चक्काजाम में बदल गई। संगठन ने केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी कानून में नए विधेयक जोड़ने और अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील का पुरजोर विरोध किया। अधिकारियों के न पहुँचने से नाराज किसानों ने अतरासी मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

भाकियू नेताओं ने एसडीएम, सीओ और तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। करीब एक घंटे तक चले इस हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। बाद में नायब तहसीलदार मनोज कुमार भी पहुंचे और किसानों को समझाया, जिसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर जाम खोला गया। ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि यूजीसी कानून और अमेरिका के साथ डील पूरी तरह जनविरोधी है, जो भारतीय कृषि क्षेत्र को नष्ट कर देगी। काले सिंह ने कहा कि यह कानून भारतीय संस्कृति और समाज के लिए घातक है। संगठन ने मांग की है कि सरकार इन फैसलों को तत्काल वापस ले। इस मौके पर सुरेंद्र शर्मा, शीशपाल सिंह, संजीव बालियान, मास्टर महेंद्र सिंह, गंगाराम सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डग्गामार बसों पर शिकंजा एक सीज, तीन के चालान

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचारः** सैदनगली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित डग्गामार बसों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान संभल-हसनपुर मार्ग पर दौड़ रही एक बस को सीज कर दिया गया, जबकि तीन बसों के चालान किए गए।

पुलिस के अनुसार लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि डग्गामार बसें बिना वैध परमिट के संचालन कर रही हैं। शिकायतों के आधार पर पुलिस टीम ने अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों की जांच की। कार्रवाई के दौरान दस्तावेज अधूरे मिलने पर एक बस को सीज कर थाने में खड़ा कराया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाली तीन बसों का चालान किया गया। अचानक हुई कार्रवाई से डग्गामार बस संचालकों में हड़कंप मच गया। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि अवैध रूप से चल रही बसों से हर माह लाखों रुपये की वसूली की जा रही थी। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में जांच की बात कही है। थानाध्यक्ष विकास चौधरी ने बताया कि अवैध वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी हालत में नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**गजरौला, अमृत विचारः** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसा मंगलवार रात नेशनल हाईवे पर हुआ। दोनों घायलों को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हसनपुर के रहरा अड्डा निवासी मुकेश व प्रवीन बाइक से मंगलवार रात हापुड़ से अपने घर वापस लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर शहवाजपुर डोर के पास पीछे से तेज गति के साथ आई कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया।

आसपास के जमा हुए लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# अमरोहा को मिले 17 यूपी 112 वाहन

- **एसपी ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** जिले में आपातकालीन पुलिस सेवा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बुधवार को बड़ा कदम उठाया गया। पुलिस की आपातकालीन सेवा यू.पी.-112 के लिए 14 चार पहिया और तीन दोपहिया नए वाहनों को शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए वाहनों के शामिल होने से आपातकालीन सूचनाओं पर रिस्पॉन्स टाइम में कमी आएगी और आमजन को शीघ्र व प्रभावी पुलिस सहायता मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि शहरी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की बेहतर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहनों की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि संकरी गलियों और जाम की स्थिति में बाइक से त्वरित पहुंच संभव होगी, जिससे घटनास्थल पर समय रहते कार्रवाई की जा सकेगी। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यूपी 112 के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक कॉल को गंभीरता से लें और पेशेवर दक्षता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।



यूपी 112 को हरी झंडी दिखाते एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

# विधायक से मिले मंडल अध्यक्ष

संवाददाता, मंडी नौरा

**अमृत विचारः** भाजपा गजरौला मण्डल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पाल तथा धनौरा मण्डल अध्यक्ष सोमप्रकाश सिंह ने गजरौला में विधायक राजीव तरारा से मुलाकात कर नवीन दायित्व मिलने पर आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

विधायक राजीव तरारा ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संगठन में नई जिम्मेदारी मिलना केवल सम्मान नहीं बल्कि जनसेवा का अवसर भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों मण्डल अध्यक्ष अपने नेतृत्व, कार्यकुशलता और समर्पण के बल पर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे तथा पार्टी की नीतियों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कपिल भड़ाना, रोहित आर्य, सोम प्रकाश सिंह, सत्यपाल सिंह पाल मास्टर राजेंद्र सिंह, कविंद्र उर्फ लालू सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन चौधरी, विनोद कुमार सिंह, सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, गुल रही बिजली

**गजरौला, अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला जलालनगर में ट्रांसफॉर्मर में बुधवार की दोपहर फाल्ट होने से अचानक आग लग गई। कई घंटों तक शहर के कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर को सही करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी लगे हैं।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 26 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ

### पति व सास पर मारपीट का आरोप

**बबराला, अमृत विचार :** बबराला थाना क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा निवासी आशा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका पति विजय सिंह आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है और सास सूरजमुखी भी उसका साथ देती है। 21 फरवरी को पति और सास ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान उसके छह वर्षीय बेटे दीपक से भी मारपीट की।

### होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

**कैला देवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना में बुधवार को ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत लोगों की बैठक में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने होली और रमजान के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने का आह्वान भी किया गया। ग्राम प्रधान अरविंद यादव, पप्पू सिंह, हरपाल सिंह, सूरजपाल सिंह, सत्येंद्र, अशोक कुमार, राजेंद्र, ओमपाल, जगतवीर, सुधीर कुमार, बादाम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर कई वाहनों के चालान

**चंदौसी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चंदौसी-बहजोई मार्ग पर यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान के नेतृत्व में हाईवे पर अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा और सामान ढोने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाकर चलने वाले दोपहिया चालकों के चालान काटे गए।

### वीनस शुगर मिल ने किसानों को दिए ट्रैक्टर

**चंदौसी, अमृत विचार :** वीनस शुगर मिल परिसर में बुधवार को क्षेत्र के 10 प्रगतिशील किसानों को छोटे ट्रैक्टर प्रदान किए गए। मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह ने बताया कि छोटे ट्रैक्टर से ट्रेंच विधि द्वारा गन्ने की बुवाई, जुताई, मिट्टी चढ़ाने और दवा छिड़काव जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं, जिससे समय की बचत और उत्पादन में बढ़ोतरी संभव है। सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने किसानों से नई तकनीकों को अपनाने की अपील की। गन्ना समिति के चेयरमैन हिमांशु प्रताप सिंह और परिषद चेयरमैन जितेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को स्वीकृत प्रजाति के बीज एवं मिल द्वारा दिए जा रहे अनुदान का लाभ लेने की सलाह दी।

# विरोधियों को फंसाने के लिए बेटे ने ही की थी मां की हत्या

## गुन्नौर तहसील के पहलवाड़ा गांव में ग्राम प्रधान की सास प्रेमवती की हत्या का मामला, पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार:** जनपद संभल की गुन्नौर तहसील के पहलवाड़ा गांव में हुए बहुचर्चित महिला राशन डीलर हत्याकांड का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। बेटे की गोली से मां की मौत हुई थी और विरोधियों को फंसाने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मां की हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया। इस हत्याकांड में पुलिस द्वारा जेल भेजे गए आरोपी की अब जेल से रिहाई हो जायेगी।

30 जनवरी की रात गांव पहलवाड़ा में राजनीतिक प्रतिद्वंदता के चलते दो गुट आमने-सामने आ गए थे। दोनों पक्षों के बीच जमकर फायरिंग और पथराव हुआ था।

ग्राम प्रधान मीरा देवी की सास राशन डीलर प्रेमवती की गोली लगने से मौत हो गई थी। जबकि दूसरे पक्ष का देवेश घायल हुआ था।

घटना के बाद गांव में भारी तनाव के माहौल के बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। विरोधी पक्ष पर प्रेमवती की गोली मारकर हत्या कर देने का आरोप लगाया गया था। प्रेमवती के बेटे पवन ने दूसरे पक्ष के सुभाष समेत 13 लोगों के नामजद व आठ-दस अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या और बलवा का मुकदमा दर्ज कराया था। दबाव बनाने के लिए अंतिम संस्कार के दौरान थाने के सामने जाम भी लगाया गया। उस समय दबाव की वजह से ही पुलिस ने नामजद आरोपी सुभाष कोगिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले की विवेचना संभल से मुरादाबाद ट्रांसफर हो गई । मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने के निरीक्षक अपराध राजेंद्र कुमार ने बबराला प्रभारी निरीक्षक सौरभ त्यागी के सहयोग से गहनता से मामले की जांच की तो प्रेमवती का बेटा पवन शक के दायरे में आ गया। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज और ग्रामीणों से पूछताछ में यह सामने आया कि नामजद आरोपी सुभाष घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं था।

जांच में पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने पवन को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया और पूरी सच्चाई कबूल कर ली।


बबराला में पुलिस गिरफ्त में मां का हत्यारोपी बेटा पवन। ● अमृत विचार

- पुरानी रंजिश में दो पक्षों में चली थीं गोलियां
- जेल भेजे गए आरोपी की रिहाई की शुरू होगी प्रक्रिया

### मां को घायल करने के लिए मारी थी गोली, सीने में लगने से चली गई जान

बबराला। पुलिस की पूछताछ में पवन ने बताया कि 30 जनवरी की रात में कुत्तों को लेकर विरोधी पक्ष के लोगों से विवाद हुआ था। गाली-गलौज के बीच उसने डराने के उद्देश्य से तमंचे से फायर कर दिया। उसके तमंचे से गाली चली तो विरोधी पक्ष का देवेश डर की वजह से गिर पड़ा था। इसके बाद अफरा-तफरी में यह अफवाह फैल गई कि देवेश को गोली लग गई है। उसे लगा कि वह और उसके परिवार के लोग फंस जायेंगे। इसी दौरान उसकी मां प्रेमवती मौके पर पहुंच गईं। समर्थकों के कहने पर विपक्षी सुभाष व अन्य को फंसाने के इरादे से उसने अपनी मां के हाथ पर गोली मारकर हत्या के प्रयास का केस बनाने की योजना बनाई। तमंचे से फायर करते समय हाथ बहक जाने से गोली प्रेमवती के सीने में लगी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पवन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने स्वीकार किया कि घटना के बाद उसने तमंचा गांव में जगपाल की ट्यूबवेल के पास छप्पर में छिपा दिया था। पुलिस ने पवन की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया है।

### पुलिस की कड़ी मशक्कत से खुला हत्या का राज

**संभल।** पहलवाड़ा गांव की राशन डीलर प्रेमवती की हत्या का राज खोलने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नामजद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के दबाव के बीच पुलिस सही कातिल को तलाशने के काम में जुटी रही। लगातार प्रयास किया गया तो आखिर कातिल पकड़ में आ ही गया। इलाके के लोग हैरत में है कि विरोधियों को फंसाने के लिए बेटे ने मां की ही जान ले ली। इस प्रकरण की जांच में जहां मुरादाबाद के सिविल लाइन थाने के निरीक्षक अपराध राजेंद्र कुमार व दरोगा अनुज चौधरी जुटे रहे वहीं थाना अध्यक्ष बबराला सौरभ त्यागी के साथ ही दरोगा रामेंद्र पाल सिंह, हेड कांस्टेबल अंकुल, सिपाही स्वयं प्रकाश व मदन गोपाल भी शामिल रहे।

# साइड लेने के प्रयास में कंटेनर पलटा, बड़ा हादसा टला

**कैला देवी, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के संभल-गंवा रोड पर रायपुर गांव के निकट बुधवार तड़के एक कंटेनर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

कंटेनर उत्तराखंड के काशीपुर से प्लास्टिक दाना भरकर इंदौर के लिए जा रहा था। जैसे ही वाहन रायपुर गांव के पास पहुंचा, सामने से आ रहे 10 टायरा ट्रक को साइड देने के प्रयास में कंटेनर सड़क से नीचे उतर गया और संतुलन बिगड़ने से पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई, हालांकि चालक सुरक्षित रहा।

ट्रक चालक जितेंद्र ने बताया कि वह काशीपुर से प्लास्टिक दाना लेकर इंदौर जा रहे थे। साइड देने के दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और यह दुर्घटना हो गई। उन्होंने बताया कि किसी को चोट नहीं आई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था सुचारु कराई। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

# संभल सीएचसी में जच्चा-बच्चा की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- परिजनों का हंगामा, स्टाफ पर लगाया आरोप

**अमृत विचार:** मौहल्ला शेर खां सराय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा किया और चिकित्सकों पर लापरवाही व धन उगाही का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव बराही निवासी मतीन अहमद की पत्नी गुलशन जहां को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने महिला को कई इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। निजी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि नवजात की मौत गर्भ में ही हो चुकी थी।

मतीन अहमद ने बताया कि पहले वे नए सरकारी अस्पताल गए थे। वहां डॉक्टर के न मिलने पर पुराने अस्पताल में दिखाया। अस्पताल कर्मियों ने तीन किस्तों में 3500 रुपये लिए। आशा कार्यकर्ता ने भी 3500 रुपये लिए जाने की बात कही। लेबर इंचार्ज ने कहा कि अस्पताल में कोई लापरवाही नहीं हुई और न ही किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई। प्रसव सामान्य होने की स्थिति में था, लेकिन परिजन आशा के कहने पर बिना रेफर कराए अपनी मर्जी से अन्यत्र ले गए।

# विद्युत उपकेंद्र का प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण

**संभल, अमृत विचार:** 606.61 लाख की लागत से निर्मित 33 केवी विद्युत उपकेंद्र ग्राम कमालपुर का लोकार्पण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने किया।

अधीक्षण अभियंता हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि उपकेंद्र से बहजोई विकासखंड के लगभग 20 गांव जुड़े हैं और करीब 4000 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी एवं पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर मौजूद रहीं।

# एकादशी व होली को लेकर संभल में अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** रंग एकादशी व होली पर्व के मद्देनज़र शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभल में पुलिस अलर्ट है। शांति भंग की आशंका में पांच सौ से ज्यादा लोगों को पाबंद किया गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस, आरआरएफ व पीएसी के जवानों ने शहर में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने दोनों समुदाय के लोगों से संवाद भी किया।

बुधवार शाम करीब छह बजे पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई संभल कोतवाली क्षेत्र की चौधरी सराय पुलिस चौकी पर पहुंचे। यहां पहले से ही तीन थानों की पुलिस के साथ पीएसी व आरआरएफ के जवान मौजूद थे। पुलिस जवान चौधरी सराय से मनोकामना, जामा मस्जिद, डाकखाना रोड, चक्की का पाट, कोतवाली क्षेत्र, मोहल्ला ठेर, सर्राफा बाजार, नखासा चौराहा, खग्गू सराय, दीपा सराय, बल्ले की पुलिया, तिमरदास सराय, रायसत्ती होते हुए भोलेश्वर पुलिस चौकी बाईपास पहुंचे। इस दौरान एएसपी कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, सीओ असमोली कुलदीप कुमार, कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह, नखासा प्रभारी संजीव बालियान व रायसत्ती प्रभारी निशांत राठी मौजूद रहे।

एसपी ने बताया कि जनपद स्तर पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न होने के बाद थाना व मोहल्ला स्तर पर भी शांति समितियों की बैठकें आयोजित की गई हैं। एकादशी जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर बिजली के तारों की ऊंचाई, सड़कों की स्थिति और नालियों की सफाई की समीक्षा की गई। जनता में विश्वास कायम करने के उद्देश्य से करीब 5.5 किलोमीटर लंबा रूट मार्च भी निकाला गया। इस दौरान व्यापारियों और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। मस्जिदों को ढकने के सवाल पर एसपी ने कहा कि यह निर्णय आपसी समन्वय से लिया जाएगा। त्योहारों में खलल डालने की मंशा रखने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 400-500 चिन्हित लोगों को मुचलके पर पाबंद किया गया है। एसपी ने कहा कि होली और एकादशी जुलूस के दिन तीन कंपनी व दो प्लाटून पीएसी के साथ थानों की अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी। नगर निगम, बिजली विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। एसपी ने सभी नागरिकों से शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।


पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

- एसपी की अगुवाई में पुलिस ने किया पैदल मार्च
- पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 500 लोग किये पाबंद

# रमजान में जकात और सदका-ए-फित्र की बड़ी अहमियत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** रमजान के मुकद्दस महीने में जकात और सदका-ए-फ़ित्र को लेकर अक्सर लोगों के जहन में कई सवाल पैदा होते हैं। कारी गुलजार अशरफ ने जकात और सदका-ए-फ़ित्र की अहमियत, उसका मक़सद और अदा करने का सही तरीका बताते हुए कहा कि इस्लाम के पांच बुनियादी अरकान नमाज़, रोज़ा, हज, जकात और तौहीद, में जकात एक अहम फ़र्ज़ इबादत है।


कारी गुलजार अशरफ।

जकात हर उस शख़्स पर वाजिब होती है जो मालिक-ए-निसाब हो। मालिक-ए-निसाब वह व्यक्ति है जिसके पास साढ़े 52.5 तोला चांदी, साढ़े 7.5 तोला सोना या उसके बराबर की नक़द रकम या व्यापारिक माल मौजूद हो। कहा कि हालांकि जकात पूरे साल में कभी भी निकाली जा सकती है, लेकिन रमज़ान में इसे अदा करने का सवाब ज्यादा बताया गया है। सदका-ए-फितर रमजान की इबादतों की मुकम्मलगी के लिए जरूरी अमल है। इसका मकसद रोज़ों में रह जाने वाली कमी को पूरा करना और जरूरतमंदों को ईद की खुशी में शामिल करना है। सदका-ए-फ़ित्र और जकात सबसे पहले अपने आसपास के गरीबों, मिस्कीनों और जरूरतमंदों को दी जानी चाहिए, ताकि समाज में आर्थिक संतुलन कायम हो सके।

# शंकराचार्य मामले को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जनपद संभल में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज में शंकराचार्य एवं उनके शिष्यों के खिलाफ दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले को लेकर कलेक्ट्रेट पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि प्रयागराज में शंकराचार्य के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया मुकदमा अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है। आरोप लगाया कि न केवल शंकराचार्य बल्कि उनके शिष्यों के खिलाफ भी अनावश्यक रूप से एफआईआर दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है। कांग्रेस पार्टी किसी भी धर्मगुरु या नागरिक के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी। ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच कराई जाए। धार्मिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान मुशीर खां तरीन, शिव किशोर गौतम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


बहजोई में डीएम कार्यालय के बाहर इकट्ठा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## न्यूज डायरी

### छात्रों ने मॉडल्स से समझाए वैज्ञानिक सिद्धांत

**बबराला, अमृत विचार :** अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन एवं हुंडई मोटर कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय, खेरिया उत्तम में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी एमएल पटेल ने किया। मेले में बच्चों ने ऋतुएं कैसे बनती हैं, मानव नेत्र, मानव दांत, अनुनाद, गहरा कुआं तथा कंकाल तंत्र जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत कर जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से समझाया। प्रधानाध्यापक भुवनेश कुमार, सहायक अध्यापक मित्र पाल सिंह, बसंत गिरी, एनपीआरसी श्रीपाल तथा फाउंडेशन की ओर से श्रेष्ठी शर्मा, आदर्श त्रिपाठी और अनिल कुमार मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सृजनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।





### मानदेय न मिलने से सहायक प्रोफेसरों में आक्रोश

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों में कार्यरत सहायक प्रोफेसरों को पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिलने से उनमें रोष व्याप्त है। शिक्षक नियमित रूप से कक्षाएं लेकर छात्रों को शिक्षित कर रहे हैं, लेकिन भुगतान न होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कॉलेज में एमएससी जूलॉजी, बॉटनी, हिस्ट्री, सोशियोलॉजी और होम साइंस सहित कई विषयों के करीब 14 शिक्षक प्रभावित हैं। शिक्षकों ने प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव को ज्ञापन देकर जल्द मानदेय दिलाने की मांग की। चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा।



### भाजपा ने नरौली व बनियाखेड़ा में मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि किए नियुक्त

**चंदौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से संभल जिले में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर नरौली मंडल का अध्यक्ष हरवेश राघव को बनाया गया, जबकि चंद्रसेन दिवाकर को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। वहीं बनियाखेड़ा मंडल की कमान अकरौली निवासी राजेन्द्र मौर्य को दी गई और राजपुरी गोस्वामी को जिला प्रतिनिधि बनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

### यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**चंदौसी, अमृत विचार :** असालतपुर जारई चौराहे पर बुधवार को सवर्ण समाज और किसानों ने यूजीसी कानून के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी तिरंगा लेकर पैदल मार्च करते हुए बदायूं चुंगी स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुंचे, जहां सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने कानून को वापस लेने की मांग उठाते हुए इसे समाज के लिए अहितकारी बताया। इसके बाद प्रदर्शनकारी तहसील चन्दौसी पहुंचे और नायब तहसीलदार सतेंद्र चहर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कानून को निरस्त करने, आरक्षण में आर्थिक आधार लागू करने तथा समान अवसर की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान शिव शर्मा, संजीव राघव, अमन राठौर, वीरेंद्र सिंह तोमर सहित कई लोग मौजूद रहे।




# घर से नाराज युवक गंगा में कूदा

संवाददाता, सौंधन/कैला देवी

**अमृत विचार :** घर से नाराज होकर जाने के बाद 20 वर्षीय युवक द्वारा अनूपशहर पुल से गंगा में छलांग लगा दी। पुलिस ने देर शाम तक तलाशी अभियान चलाया लेकिन युवक का पता नहीं चला।

कैला देवी थाना क्षेत्र के चाचू नागल गांव निवासी मोनू (20) पुत्र राकेश बुधवार को घर में किसी बात को लेकर हुए विवाद से नाराज होकर बाइक से अनूपशहर के गंगा घाट पहुंचा। उसने पुल पर बाइक खड़ी की, चप्पल उतारी और मोबाइल फोन वहीं छोड़कर गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि छलांग लगाने से पहले मोनू ने अपने मौसेरे भाई अरविंद को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही परिजन और मौसेरा भाई मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। परिजन गंगा घाट पर मौजूद रहे और युवक की सलामती की दुआ करते रहे। मोनू मजदूरी करता था। युवक हरियाणा के हिसार जिले में काम करता था। दो महीने पूर्व गांव आया था।


युवक के गंगा में छलांग लगाने के बाद बेहाल परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

- गोताखोरों ने की तलाश, देर शाम तक नहीं लगा युवक का सुराग
- घर से नाराज होकर बाइक से गया और गंगा में लगा दी छलांग

# अवैध रिफिलिंग पर छापा 16 सिलेंडर किए जब्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

- नगर मजिस्ट्रेट ने गांव चिमयावली में की छापेमारी

**अमृत विचार:** अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव चिमयावली में छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरने के धंधे का भंडाफोड़ किया। 16 सिलेंडर और उपकरण बरामद किए।

बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार द्वारा गांव चिमयावली निवासी सुबहान अली के यहां जांच की गई। वह अपनी परचून की दुकान के साथ-साथ गैस रिफिलिंग और मुर्गा मीट शॉप का संचालन कर रहा था। मौके से 15-16 घरेलू गैस सिलेंडर, दो छोटे सिलेंडर तथा गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त पाइप, नोजल और अन्य उपकरण बरामद किए गए। नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार अवस्थी और ललित कुमार को बुलाया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरकर पास की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों को आपूर्ति की जा रही थी। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामद सिलेंडरों और उपकरणों को पूर्ति विभाग की सुपुर्दगी में दे दिया गया है तथा संबंधित थाने को भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए अवगत करा दिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस मामले में गैस एजेंसी और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### होली से पहले शिक्षा विभाग के कार्मिकों को मिलेगा वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व से पहले प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, उत्तर प्रदेश की ओर से 24 फरवरी 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्मिकों का वेतन 2 मार्च 2026 से पहले हर हाल में जारी कर दिया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनीका रानी द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वेतन भुगतान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा।

### 9 पुलों के निर्माण को 8.85 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सड़क और सेतु अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाबार्ड पोषित आरआईडीएफ योजना के तहत विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन बागपत में एक रेल उपरिगामी सेतु समेत 9 सेतुओं के लिए 8.85 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग के लिए जारी शासनादेश के अनुसार, सभी कार्य लोक निर्माण विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के माध्यम से कराए जाएंगे। जारी धनराशि में सबसे बड़ा हिस्सा बागपत में दिल्ली-शाहदरा-सहारनपुर रेल सेक्शन पर बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग स्थित समपार संख्या-49ए पर निर्माणाधीन दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) के लिए है। इस परियोजना के लिए वर्ष 2025-26 में 4.10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। शासनादेश के तहत कुशीनगर, कानपुर नगर, अलीगढ़, मुरादाबाद, संतकबीर नगर और कासगंज सहित विभिन्न जनपदों में स्थित आठ लघु सेतुओं के पुनर्निर्माण एवं नव-निर्माण कार्यों के लिए भी धनराशि जारी की गई है।

### विद्युत संघर्ष समिति की प्रांतीय बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को हाइडिल के फील्ड हास्टल में होगी। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि इस बैठक में बिजली कर्मियों के आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने, निजीकरण के विरोध और आंदोलन में सक्रिय कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा होगी। साथ ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।



ब्रजभूमि बुधवार को रंग, प्रेम और भक्ति के अनुपम संगम की साक्षी बनी। राधा रानी की नगरी बरसाना में विश्वविख्यात लट्ठमार होली के दौरान नंदगांव से आए हुरियारों पर बरसाना की हुरियारिनों ने परंपरागत अंदाज में प्रेम की लाठियां बरसाईं। छतों और गलियों से उड़ते अबीर-गुलाल, ढोल-नगाड़ों की थाप और राधा-कृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। अमृत विचार

# भाजपा ने 200 मंडल अध्यक्षों का किया ऐलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यकर्ताओं से बोले प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी- चुनाव आने वाले हैं सबको मिलेगा काम
- गमछा और बुलडोजर भेंट पर दिखा सादगी का अंदाज

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को 200 मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा की। इसके साथ ही प्रदेश में नई कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और संगठन में सभी के लिए काम है। उन्होंने कहा कि पार्टी में जिम्मेदारी काम के आधार पर तय होती है, इसलिए सभी लोग संगठन के दिए दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाएं।

भाजपा ने मंगलवार देर रात 1918 संगठनात्मक मंडलों में से शेष रहे 200 मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की सूची जारी की है। हालांकि 14 जिलाध्यक्षों की सूची अभी लटकी पड़ी है। नए मंडल अध्यक्ष बनाए गए कार्यकर्ताओं को जानकारी जैसे ही हुई, लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिलने पहुंचे।

मुलाकात के दौरान एक कार्यकर्ता ने प्रदेश अध्यक्ष को भगवा गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस पर पंकज चौधरी ने मुस्कुराते हुए कहा कि इस पर पैसा क्यों खर्च किया, डेढ़-दो सौ रुपये जो खर्च किए, वे तुम्हारे काम आते। वहीं, एक अन्य कार्यकर्ता ने बुलडोजर की प्रतीकात्मक रेप्लिका भेंट की, जिसे देखकर उन्होंने हंसते हुए कहा कि पूरा बुलडोजर ही उठा लाए हो। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष से मिलने पहुंचीं और नई कार्यकारिणी में स्थान को लेकर अपना दावा प्रस्तुत किया। कई कार्यकर्ताओं ने जिला और प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी के लिए बायोडाटा भी सौंपे।

### होली बाद घोषित होगी नई कार्यकारिणी

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए सुबह 10 से 12 बजे का समय निर्धारित किया था, लेकिन दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं को देखते हुए उन्होंने तय समय के बाद भी सभी से मुलाकात की और उनकी बातें सुनीं। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सैनी ने उनसे मिलकर विवाह का निमंत्रण भी दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, होली के बाद भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान किया जाएगा। पहले दौर का संगठनात्मक मंथन पूरा हो चुका है, हालांकि जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को लेकर अंतिम सहमति अभी बननी बाकी है। इसके लिए लखनऊ और दिल्ली स्तर पर दूसरे दौर की बैठकें होंगी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 2 मार्च को पार्टी कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित करेंगे, जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं देंगे।

# मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

## टोक्यो में निवेश रोड शो: जापान इंडस्ट्रियल सिटी से लेकर सेमीकंडक्टर तक साझेदारी का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित यूपी निवेश रोड शो के दौरान जापानी उद्यमियों को प्रदेश में निवेश का खुला निमंत्रण दिया। सिंगापुर के बाद जापान पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। उन्होंने 500 एकड़ में जापान इंडस्ट्रियल सिटी से लेकर सेमीकंडक्टर तक साझेदारी का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश इसलिए सुरक्षित है, क्योंकि यहां स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड, चारों उपलब्ध हैं। मजबूत कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और युवा कार्यबल ने यूपी को भारत का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है। उन्होंने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और राज्य के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का अनुभव लेने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सूर्यवंश की परंपरा और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है, वहीं भगवान बुद्ध की प्रमुख कर्मभूमि भी यही राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामायण और बौद्ध सर्किट के विकास से स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है, जिससे पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में निवेश के नए अवसर खुले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है, जिससे फूड प्रोसेसिंग और एग्री-लॉजिस्टिक्स में बड़े निवेश की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ में जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है, ताकि जापानी कंपनियां क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें। यहां बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



जापान की राजधानी टोक्यो में उद्यमियों से उत्तर प्रदेश में निवेश पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### 'मेगा ट्रांसफॉर्मेशन' से बढ़ा उद्योगों का भरोसा

मारुति सुजुकी इंडिया लि. के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राहुल भारती ने कहा कि योगी सरकार के दौरान यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है। वहीं स्पार्क मिंडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ईवी मोबिलिटी में निवेश का ऐलान करते हुए 3000-4000 रोजगार सृजन की बात कही।

### टोक्यो में हुआ आत्मीय स्वागत

टोक्यो आगमन पर प्रवासी भारतीयों ने पारंपरिक परिधानों में मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। यह दृश्य भारत-जापान के गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों की झलक था।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक सहित जापान के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी उन्होंने यूपी को अंधेरे में रखा

## टोक्यो में प्रवासी भारतीयों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



टोक्यो में भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय समुदाय से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश के अंधेरे से उजाले तक के परिवर्तन को बेबाक शब्दों में रखा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी, क्योंकि अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी, उन्होंने प्रदेश को भी अंधेरे में रखा। लेकिन हमने तय किया कि उत्तर प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है, तो उसे उजाले में लाना होगा। हम सूर्यपुत्र हैं और हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को डकैती और भय से मुक्त करने का संकल्प लिया और उसके लिए बिजली, सड़क और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी। आज इसका परिणाम सबके सामने है। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश दंगे, कर्फ्यू और अंधेरे की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज दुनिया भर के निवेशक उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन, लॉजिस्टिक्स पार्क और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। यह वही प्रदेश है, जहां कभी उद्योग आने से कतराते थे।

प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जापान में रह रहे करीब 55 हजार भारतीयों से अपील की कि वे एकजुट होकर भारत और जापान दोनों के विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', वरिष्ठ अधिकारी और जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक भी उपस्थित रहीं।

### होली पर निर्बाध रात्रिकालीन बस सेवाएं होंगी संचालित



**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व (2 व 4 मार्च) पर संभावित भीड़ को देखते हुए यूपीएसआरटीसी ने 28 फरवरी से 9 मार्च तक विशेष संचालन योजना लागू की है। लखनऊ क्षेत्र के चारबाग, अवध, कैसरबाग, रायबरेली, हैदरगढ़, उपनगरीय, बाराबंकी व आलमबाग डिपो से कुल 1003 बसें संचालित होंगी, जबकि 50 बसें आकस्मिकता के लिए आरक्षित रहेंगी। लखनऊ से दिल्ली (कौशांबी/आनंद विहार), जयपुर, हरिद्वार, देहरादून, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज समेत प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली मार्ग पर 47 और गोरखपुर मार्ग पर 50 अतिरिक्त बसें लगेंगी। लंबी दूरी की बसों में जरूरत पड़ने पर दो चालक तैनात कर रात्रिकालीन सेवा निर्बाध रखी जाएगी। विशेष अवधि में अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश निरस्त रहेंगे।

# 2017 में चली गई थी उमाशंकर सिंह की विधानसभा सदस्यता

## लोकायुक्त की रिपोर्ट के बाद राज्यपाल ने की थी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह, जिनके यहां पर बुधवार को आयकर विभाग ने छापा मारा है, उनकी सदस्यता वर्ष 2017 में चली गई थी। यह राज्य के इकलौते विधायक ऐसे हैं, जिनकी सदस्यता निर्वाचित होने की तारीख से समाप्त की गई थी।



उमाशंकर सिंह

उमाशंकर सिंह वर्ष 2012 में वह पहली बार बसपा के टिकट पर बलिया के रसड़ा विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर विधायक बने थे। इसी बीच सुभाष चंद्र एडवोकेट ने 18 दिसंबर, 2013 को शपथपत्र देकर उनके खिलाफ लोकायुक्त के यहां शिकायत कर दी। आरोप लगाया था कि विधायक चुने जाने के बाद भी उमाशंकर सिंह सरकारी ठेके लेकर सड़क निर्माण करते आ रहे हैं। तत्कालीन लोकायुक्त न्यायमूर्ति एनके मेहरोत्रा ने शिकायत की जांच में उमाशंकर सिंह को दोषी पाते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजी दी थी। प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने जनवरी 2017 में लोकायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर उमाशंकर सिंह की विधानसभा की सदस्यता समाप्ति करने का आदेश दिया था। उमाशंकर की सदस्यता उनके विधायक निर्वाचित होने की तारीख यानी छह मार्च, 2012 से समाप्त करने का निर्णय दिया गया था।

विधान सभा 2022 के चुनाव में उमाशंकर सिंह को छोड़कर बसपा का एक भी विधायक चुनकर नहीं आया। इसके बाद बसपा प्रमुख मायावती के साथ उनकी निकटता हो गई। उमाशंकर के नजदीकियों का कहना हैं कि उमाशंकर छात्र राजनीति से निकले। उन्होंने छात्र राजनीति में वर्ष 1990 में कदम रखा। उसके बाद वर्ष 2000 बलिया के जिला पंचायत अध्यक्ष बने। वर्ष 2011 में बसपा में शामिल हो गए।

### 11 महीने पहले ही लिख गई थी छापे की पटकथा

विधायक उमाशंकर सिंह के यहां भले ही छापा अब पड़ा है, लेकिन इसकी पटकथा 11 महीने पहले ही लिख गई थी। एक व्यक्ति ने विजीलेंस में उमाशंकर सिंह, उनकी पत्नी, बेटे और बेटी द्वार आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत की थी। विजीलेंस ने गोपनीय तरीके से जांच की तो प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए गए। उसके बाद यह मामला आयकर विभाग के संज्ञान में आया। वहां से पड़ताल के बाद छापेमारी की कार्रवाई हुई।

### विवादों से है विधायक का पुराना नाता

विधायक उमाशंकर सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। बीते साल एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें बलिया में बनाए गए पुल को पीडब्ल्यूडी ने खोल दिया था। इस पर मंत्री दयाशंकर सिंह ने बगैर नाम लिए उमाशंकर सिंह पर तल्ख टिप्पणी कर दी थी। उसके बाद उमाशंकर सिंह ने बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके दयाशंकर सिंह के लिए कहा था कि हम आरोप लगाने लगें और साक्ष्य देने लगें तो फिर कहीं छुपने की जगह नहीं मिलेगी। इसके अलावा सड़कों के निमार्ण में कथित फर्जीवाड़े करके भुगतान लेने के भी आरोप लगते रहे हैं।

### छापे पर छलक पड़ा मंत्री का दर्द

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के समधी हैं। समधी के यहां आयकर विभाग की कार्रवाई पर योगी सरकार के मंत्री का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उमांशकर सिंह के बेटे से उनकी बेटी ब्याही है। सभी को पता है कि उमाशंकर सिंह दो साल से अधिक समय से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान समय में उमाशंकर सिंह के लिए धनार्जन नहीं सांसें बचाने में सारा समय और धन का व्यय हो रहा है। उनके सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। आज अपने आवास में आइसोलेशन में रह रहे हैं। विधान सभा सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन वह एक घंटे लिए भी नहीं जा सके। उन्होंने लिखा कि इस समय उनके घर पर नर्स या डाक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं हैं। यदि उनके जीवन की कोई हानि होती है तो ये संवेदनहीन संस्थाएं ही जिम्मेदार होंगी।

# 22 मई से शुरू होगी जनगणना

## पहली बार मोबाइल ऐप से स्व-गणना का विकल्प, पूछे जाएंगे 33 सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में जनगणना की शुरुआत 22 मई से होगी। इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप दिया गया है और पहली बार नागरिकों को मोबाइल ऐप व पोर्टल के जरिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प मिलेगा। पहले चरण में 33 सवाल पूछे जाएंगे। बाद में वर्ष 2027 में दूसरे चरण के दौरान जाति आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे।

जनगणना-2027 देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। इसके आंकड़े 1 मार्च 2027 की स्थिति के अनुसार दर्ज किए जाएंगे। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकान गणना और दूसरे चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या के साथ जाति आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे। प्रदेश में जनगणना कार्य के लिए लगभग छह लाख फील्ड कर्मी लगाए जाएंगे।

### क्या है स्व-गणना

- नागरिक मोबाइल ऐप या नागरिक पोर्टल पर लॉगिन कर जानकारी भर सकेंगे
- 7 से 21 मई तक ऑनलाइन प्रश्नावली भरने का अवसर
- फील्ड कर्मी आने से पहले ही डेटा दर्ज करने की सुविधा
- 33 प्रश्नों की डिजिटल प्रश्नावली
- गलतियों की संभावना कम, समय और पारदर्शिता दोनों में सुधार
- सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी

### पहला चरण :

- मकान सूचीकरण और मकान गणना
- 33 प्रकार की जानकारियां जुटाई जाएंगी

### दूसरा चरण:

- 9 से 28 फरवरी 2027
- जनसंख्या के साथ जाति संबंधी आंकड़े

# 27-28 को लखनऊ में मीन महोत्सव: निषाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मत्स्य पालन को आधुनिक, लाभकारी और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो) का आयोजन 27 व 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।



महोत्सव की जानकारी देते संजय निषाद।

यह जानकारी प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एक्सपो में देश व प्रदेश के प्रख्यात मत्स्य वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का प्रसार, उद्यमिता संवर्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के लिए एक समन्वित मंच उपलब्ध कराना है। एक्सपो में लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियों के स्टॉल, औद्योगिक प्रदर्शनी, तकनीकी सत्र, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सीधा प्रसारण, फिश फूड कोर्ट और प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समीक्षा बैठक | महीने में एक बार भी लॉगिन न करने वाले कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश

# अनिवार्य रूप से लागू हो ई-ऑफिस प्रणाली : मुख्य सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5 मार्च से पहले सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय क्रियाशील करने के निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्मिक पूरे माह में एक बार भी ई-ऑफिस पर लॉगिन नहीं करते हैं, उनका वेतन आहरित न किया जाए।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ ई-ऑफिस की प्रगति, खेल अवसंरचना, विद्यालयों में बालिका शौचालय, आंगनबाड़ी भर्ती और पंचायत उत्सव भवन निर्माण की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो तथा फाइलों का संचालन केवल ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि 5 मार्च से पहले यू-डायस और प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय और परिषदीय विद्यालयों में क्रियाशील बालिका शौचालय उपलब्ध हों।



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

### 10 मंडलों में खुलेंगे स्पोर्ट्स कॉलेज

खेल अवसंरचना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अयोध्या, बरेली, आगरा, मिर्जापुर, देवीपाटन, झांसी, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ और अलीगढ़ मंडलों में एक-एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के लिए 50-50 एकड़ भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव शीघ्र खेल विभाग को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा और उन्हें स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध किया जाएगा।

### पंचायत उत्सव भवन के निर्माण में लाएं तेजी

पंचायत उत्सव भवन निर्माण की समीक्षा में बरेली में कार्य प्रारंभ होने पर संतोष जताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि शेष जनपदों में भी कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। जिन 27 जनपदों में निविदा प्रक्रिया चल रही है, उन्हें तत्काल पूरा किया जाए, जबकि 44 जनपदों को अगले दो दिनों में टेंडर प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण लीना जोहरी, प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमृत विचार

गुरुवार, 26 फरवरी 2026




हे उज्ज्वल तारा, काश मैं भी तेरे समान स्थिर होता।
–जॉन कीट्स, अंग्रेजी कवि



## सेवा केंद्रित शासन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक का 'सेवा तीर्थ' परिसर में आयोजन प्रतीक और संदेश दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह बैठक ऐतिहासिक कही जाएगी, क्योंकि सरकार ने बैठक के स्थान और संकल्प दोनों को शासन को सत्ता-केंद्रित नहीं, सेवा-केंद्रित बनाने के महत्वपूर्ण वैचारिक फ्रेम में रखा। 'नागरिक देवो भवः' और 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की तीव्र गति जैसे वाक्यांश प्रशासनिक आचरण के लिए सार्वजनिक प्रतिज्ञा के बतौर स्थापित हुए, हालांकि पूर्ववर्ती सरकारें अपना जो भी निर्णय लेती थीं, जनहित में ही लिया हुआ बताती थीं, किंतु इस तरह का औपचारिक, मूल्य-आधारित संकल्प सार्वजनिक रूप से दोहराना जवाबदेही को संस्थागत रूप देने का आश्वस्तकारी प्रयास लगता है, विशेषकर उस समय जब 2047 तक भारत को शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया हो।

वर्तमान वृद्धि दर, पूंजीगत व्यय, डिजिटलीकरण और विनिर्माण प्रोत्साहन के आधार पर यह लक्ष्य असंभव नहीं, पर बहुत सरल भी नहीं। 6 से 8 प्रतिशत की सतत आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और उत्पादकता-वृद्धि की निरंतरता इसके लिए अनिवार्य होगी। 'सेवा तीर्थ' को यदि ऐसे गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर अथवा तंत्र का रूप दिया जाए, जहां प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हों, तो यह गतिशीलता ला सकता है, परंतु प्रतीक से अधिक महत्वपूर्ण क्रियान्वयन है, जिसकी असली कसौटियां सिंगल-विंडो क्लियरेंस, समयसीमा-आधारित सेवा वितरण और डेटा-आधारित फैसले होंगे। सरकार का यह विश्वास दिलाना कि पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक संवेदनाओं के प्रति सजग गवर्नेंस मॉडल को और अधिक मजबूती दी जाएगी, स्वागत योग्य है। केरल का नाम 'केरलम्' करने के प्रस्ताव का सांस्कृतिक आयाम अधिक है। नाम-परिवर्तन पहचान और भाषा-गौरव से जुड़ा होता है, इसका आर्थिक प्रभाव प्रशासनिक लागत और ब्रांडिंग-संगति का ध्यान रखा जाए तो भी सीमित रहता है। राज्यों के नाम उनकी भाषानुरूप बदलना बेहतर है, पर बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व सेवाओं की बेहतरी पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इतिहास बताता है कि जिन राज्यों या शहरों के नाम बदले गए, वहां सार्थक आर्थिक परिवर्तन नाम से नहीं, नीतियों से आए। रेलवे की तीन बड़ी परियोजनाओं की मंजूरी से संबंधित क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, औद्योगिक क्लस्टर जुड़ेंगे और माल ढुलाई बढ़ेगी। रेलवे को यात्री-आधारित आय से आगे बढ़कर माल-राजस्व सुदृढ़ करने का अवसर मिलेगा। पावर सेक्टर सुधार डिस्कॉम दक्षता, स्मार्ट मीटरिंग और ग्रिड आधुनिकीकरण दीर्घकाल में वित्तीय घाटे कम करेंगे और उद्योग को पर्याप्त बिजली देंगे, जो निवेश आकर्षित करने में सहायक होगी। श्रीनगर हवाई अड्डे पर सिविल एनक्लेव और इंटीग्रेटेड टर्मिनल से यात्री-क्षमता, सुरक्षा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। पर्यटन, व्यापार और आपात सेवाओं को लाभ मिलेगा, स्थानीय रोजगार भी सृजित होगा। कच्चे जूट की एमएसपी को 5,925 रुपये करने से पूर्वी भारत, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम और बिहार के जूट किसानों को सीधा लाभ होगा, हालांकि इसका लाभ तभी है जब प्रसंस्करण उद्योग और निर्यात मांग समानांतर बढ़ें; अन्यथा सरकारी खरीद का बोझ और भंडारण-चुनौतियां बढ़ेंगी।

### प्रसंगवश

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मानवीय अस्तित्व

कुछ साल पहले तक जब हम रोबोट या मशीन इंटेलिजेंस की बात करते थे, तो लोग मुस्कुराते हुए कहते थे, 'यह सब फिल्मों की बातें हैं, लेकिन आज वही कल्पना हमारे घर की दहलीज पर खड़ी है। चैट जीपीटी से लेकर जैमिनी तक, डाले-इ से लेकर सोरा तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने न सिर्फ हमारी दुनिया बदल दी है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि इस तूफान में इंसान की जगह कहां होगी? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोई एक दिन में नहीं आई।

इसकी जड़ें 1950 के दशक में एलन ट्यूरिंग के उस सवाल में हैं, 'क्या मशीन सोच सकती है?' दशकों की मेहनत, असफलताओं और शोध के बाद आज हम उस मुकाम पर खड़े हैं, जहां मशीन न सिर्फ सोच रही है, बल्कि लिख रही है, बना रही है, संगीत रच रही है, डॉक्टरी कर रही है और कानून समझा रही है। यह सिर्फ तकनीकी क्रांति नहीं, यह एक सभ्यतागत बदलाव है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षाविद्

एआई लाखों डेटा पॉइंट्स से सीखती है, पैटर्न पकड़ती है और जवाब देती है, लेकिन वह 'महसूस' नहीं करती। एक मां की आंखों में जो ममता है, एक दोस्त की बांहों में जो सुकून है, एक शिक्षक के शब्दों में जो प्रेरणा है, यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी नहीं दे सकती। सहानुभूति, रचनात्मकता, नैतिक निर्णय, आध्यात्मिक गहराई ये वो चीजें हैं, जो इंसान को इंसान बनाती हैं। एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कविता लिख सकती है, लेकिन उस दर्द को नहीं जी सकती, जिससे कविता जन्म लेती है।

एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी मुकदमे में तर्क दे सकती है, लेकिन न्याय और अन्याय के बीच की वो बारीक रेखा, जो इंसानी विवेक खींचता है, वह उसके बस की बात नहीं है। यही वो जगह है, जहां इंसान अपरिहार्य है, अपूरणीय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ नौकरियों का ही खतरा नहीं है। डीप फेक के जरिये किसी का भी चेहरा किसी और के शरीर पर लगाया जा सकता है और यह राजनीतिक हथियार बन चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा उत्पन्न ग़लत सूचना यानी झूठी खबरें इतनी तेजी से फैल रही हैं कि सच और झूठ का फर्क करना मुश्किल हो गया है। निगरानी के नाम पर सरकारें और कंपनीज़ हमारी हर हरकत ट्रैक कर रही हैं।

सबसे गहरा खतरा शायद यह है कि हम खुद को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर इतना निर्भर कर लें कि अपनी सोचने की शक्ति खो बैठें। जब गूगल मैप्स से पहले रास्ता याद करना पड़ता था, तब हमारी याददाश्त तेज थी। जब कैलकुलेटर नहीं था, तब हम जोड़-घटाव खुद करते थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ खतरा यह है कि हम अपना विवेक, अपना निर्णय, अपनी स्वायत्तता सब मशीन को सौंप दें। भारत के पास इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति में एक अनूठा मौका है। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा युवा वर्ग है, एक विशाल डेटा बाजार है और इसरो, आईआईटी जैसे संस्थान हैं जो तकनीकी नवाचार की नींव रख चुके हैं। सरकार का भारत ए.आई. मिशन और डिजिटल बुनियादी ढाचा, यूपीआई, आधार, डिजिटल इंडिया यह दर्शाते हैं कि हम तैयार हो रहे हैं।

जरूरत है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा सिर्फ आईआईटी आईआईएम तक सीमित न रहे। गांव-गांव तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ पहुंचे। किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजें से मौसम जानें, मछुआरा समुद्री तूफान से बचे और छोटा दुकानदार अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा दे, यही असली डिजिटल भारत होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक औजार की तरह इस्तेमाल करें।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# होली आई रे... पहाड़ में आशा, आकांक्षा और उमंग के रंग





अमित शर्मा
हल्द्वानी

कुमाऊनी होली की बात करें, तो बसंत से इसकी शुरुआत हो चुकी है, जो फागुन की पूर्णिमा तक अपने विविध रंग बिखेरेगी। यहां होली शीतकाल के अंत और नई फसल बोने के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी मानी जाती है।

देवभूमि उत्तराखंड, जैसा नाम वैसा ही स्वरूप। यहां के देवतुल्य निवासी भी हर पर्व और त्योहार को देवी-देवताओं को अर्पण करते हुए चलते हैं। इस पर्वतीय राज्य में पर्वों, त्योहारों और उत्सवों की परंपराएं और मान्यताओं की जड़ें पर्यावरण से भी गहरी जुड़ी हुई हैं। अब रंगों का त्योहार यानी होली पर्व को ही ले लीजिए। ये सतरंगी पर्व तो ऐसा है, जो पहाड़ में आशा, आकांक्षा, उत्साह और उमंग के रंग भर जाता है।

पर्यावरण से जुड़े उत्सवों की बात इसलिए की, क्योंकि यहां तो हर पर्व जीवंत है। उसमें संस्कृति और संस्कारों के निर्दोष रंग भरे होते हैं। अपने आप में जीवन की मधुरता और सरलता को समेटे हुए हैं। फिर चाहे वह हरेला, बसंत पंचमी या फिर उत्तरायणी हो। हर त्योहार के यहां अपने रंग हैं और अपने ढंग हैं, लेकिन समानता एक ही है कि यह प्रकृति और विशुद्ध प्रेम को समर्पित रहते हैं। अब मौका होली पर्व का है, जिसका कुमाऊं और गढ़वाल में अंदाज जुदा है, तो कुमाऊं गढ़वाल में पारंपरिक होली का रंगरूप मैदानी क्षेत्रों से अलग और अनोखा है।

यहां होली का पर्व महज कुछ घंटों का नहीं, बल्कि गीत-संगीत की अमूल्य विरासत को सच्चे मोती की माला की तरह जीवन के रंगों में पिरोए हुए है, दरअसल यहां होली पर्व मुख्य रूप से संगीत, लोक गीत, शास्त्रीय राग-रागिनियों और सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अबीर-गुलाल के रंग का प्रचलन सदियों पुराना है और अतीत में पानी से होली खेले जाने की परंपरा देवभूमि में नहीं रही है, इसलिए इस त्योहार को पुराने समय से हम पर्यावरण के हित में मानते आए हैं, हालांकि देवभूमि में इसका प्रारंभ चंद राजाओं के समय से माना है। बसंत पंचमी से होली के रंग बैठकी होली के साथ जमने शुरू हो चुके हैं।

कुमाऊनी होली की बात करें, तो बसंत से इसकी शुरुआत हो चुकी है, जो फागुन की पूर्णिमा तक अपने विविध रंग बिखेरेगी। यहां होली शीतकाल के अंत और नई फसल बोने के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी मानी जाती है। मैदानी इलाकों से कुछ अलग हटकर इसलिए कि कुमाऊंनी होली की विशेषताओं में जहां बैठकी होली शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय होती है, जिसमें लोग घर में बैठकर राग-रागिनियों पर आधारित होली गीत गाते हैं। इसमें हारमोनियम, ढोलकी आदि वाद्ययंत्रों से होली गीतों में साज और सुरों का रंग भरता है। इन गीतों में कुमाऊनी लोक रचनाएं खासकर शामिल होती हैं।

बैठकी होली के बाद खड़ी होली का आयोजन शुरू हो जाता है, हालांकि वर्तमान में खड़ी होली का प्रचलन अधिक लोकप्रिय रहा है, जो इस समय बेहद लोकप्रिय है और इसका आरंभ भी हो चुका है। खड़ी होली में होल्यारों के दल में कई लोग शामिल होते हैं। इनकी पोशाक होल्यारों की पहचान कराती हैं, जिसमें सफेद टोपी, सफेद कुरता और पायजामा पहनकर होली गाते हुए होल्यार निकलते हैं और ढोल, दमाऊ, हुड़का और ढोलकी की थाप पर लोक गीत गाते हुए घर-घर जाते हैं। खड़ी होली में नाच और गाना साथ-साथ चलता है। सामूहिक नृत्य भी होली में शामिल होता है।

होली के कई गीतों में ब्रज की झलक मिलती है। दरअसल, होली का प्रचलन तो ब्रज से शुरू हुआ था, जिस कारण ब्रज की झलक रहती है। इसके अलावा स्थानीय देवी-देवताओं, भगवान शिव और रामायण का जिक्र भी किया जाता है। होली पर्व का अंत आशीष वचन यानी आशीर्वाद के साथ होता है, जबकि कुछ हिस्सों में राम नवमी तक यह उत्सव मनाया जाता है। गढ़वाल की बात करें, तो यहां होली का इतिहास और परंपरा कुमाऊं से कुछ अलग और पुराना माना जाता है। गढ़वाल में होली को होरी कहा जाता है।

कुछ स्थानीय मान्यताओं और लेखों में गढ़वाल को होली का जन्म स्थान माना जाता है, खासकर जोशीमठ क्षेत्र से, जहां इसे सतयुग में ब्रह्मा-विष्णु-महेश की होली से जोड़ा जाता है। वर्तमान में शास्त्रीय या संगीतमय रूप में गढ़वाल की होली का अतीत 200 से 300 वर्ष पुराना माना जाता है, हालांकि कुछ दावे इसे कुमाऊं से सैकड़ों साल पुराना बताते हैं। गढ़वाल में होली का स्वरूप पहले सरल हुआ करता था, लेकिन हाल के दशकों में कुमाऊनी बैठकी और खड़ी होली का प्रभाव बढ़ा है।

पर्वतीय संस्कृति ने होली पर्व को संगीत व लोकगीत के जरिए व्यापक रूप प्रदान किया है। होली पर्व मुख्य रूप से प्रह्लाद होलिका कथा से जुड़ा हुआ है, लेकिन पर्वतीय संस्कृति ने होली पर्व को संगीत व लोकगीत के जरिए व्यापक रूप प्रदान किया है। साथ ही, पर्यावरण और कृषि चक्र से जोड़ दिया है। वर्तमान में होली पर्व मनाने के लिए पलायन कर चुके लोग भी पहुंचते हैं। होली का पर्व देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो रंगों से ज्यादा गीतों और भावों में एकता के साथ मनाया जाता है।

बात पर्यावरण हित की हो रही है, तो यह बताना भी लाजिमी है कि यहां ज्यादातर पक्के रंगों से होली खेलने से बचा जाता है और प्रकृति के अनुरूप हितकारी रंग-गुलाल का प्रयोग किया जाता है। कुमाऊं और गढ़वाल के अधिकांश हिस्सों में होली के प्रमुख रंगों में से एक बुरांश के फूलों से गुलाल बनाया जाता है। इसके अलावा किसमिस के फूलों से गुलाल तो गेंदे और आकरोट के फूलों से बनाया रंग प्रयोग किया जाता है। वहीं, कंडाली बिच्छू घास से बने रंग को शरीर एवं चेहरे पर चमक लाने के लिए गुणकारी बताया जाता है। यह पूरी तरह से हर्बल होता है और इसका कोई साइड इफैक्ट भी नहीं माना जाता।

बात होली की हो और रंगों के साथ जायके का तड़का न लगे। आलू के गुटके, चावल से बने चिप्स, सूजी के सिंगल, भांग की चटनी, गुलथिया, अरसा, रस्मी बड़ी और भरवां गहत चपातियां, ये ऐसे होली व्यंजन हैं जो होली के उल्लास भरे पर्व को यादगार बना देते हैं। घर-घर में आयोजित होने वाली महिला बैठकी होली में आलू और भांग की चटनी होली के स्वांग में स्वाद का खास पहचान है।

### आमने सामने



मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपनी इज़राइल यात्रा पर नेसेट को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों बेगुनाह पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का ज़िक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। हमें दुनिया को सच्चाई, शांति और न्याय कीरोशनी दिखाते रहना चाहिए।
–प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

प्रियंका को सात अक्तूबर को इजराइल में हुए हमलों की याद नहीं है। 1200 से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्या और महिलाओं के अपहरण व अत्याचार की निंदा करने का नैतिक साहस प्रियंका में नहीं है।
–गौरव भाटिया
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



# खेतों की मेढ़ पर खड़ा 'ग्लोबल वार्मिंग' का सच



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और बसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता है, लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है।

प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और बसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता है। यह वह समय होता है, जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं, लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि 'ग्लोबल वार्मिंग' का वह क्रूर चेहरा है, जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में 'सर्दियों का संकुचन' अब एक स्थायी संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और 'फलों के राजा' आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा 'ग्रैन फिलिंग' यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी 'थर्मल स्ट्रेस' पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में 'फोर्स्ड मेच्योरिटी' कहा जाता है। परिणाम स्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है, किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को 'रोलर-कोस्टर' बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली 'मावट' या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से 'बसंत' ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं।

इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें 'क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर' यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से 'मल्चिंग' करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई (ड्रिप/स्प्रिंकलर) को अपनाकर 'कम पानी—ज़्यादा असर' के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे 'विंडब्रेक' (वायुरोधी अवरोध) लगाने चाहिए, ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं। वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतुलित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पेन के दिनों की बात

वह दौर था जब प्रश्न लाल रंग से और उत्तर काले रंग से कॉपी में लिखा करते थे। मैंने नीली स्याही का उपयोग बाध्यता होने पर ही किया। सबकुछ सहज उपलब्ध नहीं होता था। महंगे पेन और सुंदर नेमप्लेट सब बहुत जतन से मिलता था.. इसलिए कॉपी के पहले पन्ने सुविचार के साथ शुरू होते थे, जिनकs अक्षर खराब होते थे, वो सुंदर अक्षर वालों से अपना नाम लिखवाते थे।



डॉ. शोभा जैन
साहित्यकार

मुझे याद आता है शार्प बलू रेनॉल्ड (मक्खन जैसी लिखाई के लिए), पारकर (रईसी की अनुभूति), जेटर, जिन्हें परीक्षाओं के लिए ही ख़रीदा जाता था। लोग स्याही वाली पेन भूल चुके। मेरी पहली पसंद वही रही। मैंने नीले रंग से शायद ही लिखा होगा। काली स्याही सदा साथ, लेकिन हमारे आसपास सारी दुकानें मोबाइल की हैं। पेन से अधिक, लेकिन मैं कभी नहीं भूल सकती, इंक पेन मेरा जन्म ही पिताजी को स्याही के पेन से लिखते हुए देखकर हुआ। उनके अंतिम समय में मुझे उनके सारे पेन मिले। खाली रह चुके लाल बहीखातों के साथ।

देश के सबसे बड़े साक्षर प्रदेश केरल में एक महिला ने 'पेन-ड्राइव' अभियान की मुहिम छेड़ दी थी। तब केरल सरकार द्वारा स्कूलों और दफ्तरों में स्याही वाले पेन अनिवार्य करने का विचार जन्मा। मैंने एक पेन में लाल और नीली रिफिल को साथ भी चलाया। शिक्षकीय समय में अक्सर उसे सरकारी बाबू उपयोग करते थे उस समय। अक्सर शिक्षकों की भी पहचान हुआ करता था वह पेन। लाल रंग से गलतियों पर गोल घेरा बनाना और नीले से स्वयं के नोट्स।

डायरी और चिट्ठी में अनुभव लिखे जाते हैं, जैसे इस समूह में मुझसे भी कहा गया अपने अनुभव लिखने के लिए। विचारों का सैलाब बड़ा है, लेकिन कलम की भूमिका घटी है। इस बीच कभी-कभी धूमिल सफेद या ऑफ-वाइट रंग का अपना पुराना फाउंटेन पेन स्मृति में आ जाता है। 'पारकर' कंपनी कभी नहीं भूल सकती। हर अच्छे काम के बदले मुझे केवल पेन और डायरी का ही लालच रहता था उन दिनों।

सुगढ़ और साफ अक्षरों के नजरिए से प्राथमिक स्कूलों में स्याही वाले पेन का इस्तेमाल वर्जित था। पहली कक्षा से पांचवीं तक अधिकतर काम स्लेट-पट्टी पर बर्तने या खड़िया से होते थे, लेकिन पिताजी लेखपाल थे, इसलिए घर पर सुंदर मोटे कागज और बहीखाते के चिकने वाले आकार-प्रकार में अनूठे और स्याही के पेन मुझे बहुत जल्दी नसीब हो गए।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## शादी के बाद समायोजन बनता है बड़ी समस्या

अध्ययनों के अनुसार 22.6% महिलाएं और 20.70% पुरुष वैवाहिक समायोजन की समस्या का सामना करते हैं। दुखी वैवाहिक जीवन जीने वाले व्यक्तियों में खुशहाल वैवाहिक जीवन जीने वालों की तुलना में अवसाद से पीड़ित होने की संभावना 25 गुना अधिक होती है। 2-3 वर्ष में जोड़े एक-दूसरे को समझने लगते हैं और अपने जीवन स्थितियों को स्वीकार करने लगते हैं। जो लोग अपने दृष्टिकोण को बदल नहीं पाते या जीवन में बदलाव नहीं ला पाते, वे समायोजन की समस्या का सामना करते हैं। निराशा का दौर आने लगता है, जब 'सपनों का राजकुमार' अपनी चमक खो बैठता है या 'प्रिय पत्नी' उम्मीदों पर खरी न उतरती है। समय की कमी, पैसे की समस्या, संतानोत्पत्ति की समस्या, यौन संबंध में तालमेल बिठाने की चुनौतियां समायोजन के लिए समस्या बनती हैं।



डॉ. मनोज तिवारी
बीएचयू, वाराणसी

विवाह के बाद समायोजन की समस्याएं होना आम है। घरेलू जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों, कैरियर व व्यक्तिगत रुचियों के लिए समय कम मिलना विवाह के बाद आम बात है। जिम्मेदारियों बढ़ने के साथ साथ स्वतंत्रता बाधित होती जाती है। संयुक्त परिवार में सास-बहू के बीच तालमेल की कमी या निजी मामलों में परिजनों का हस्तक्षेप समायोजन की समस्या खड़ा करता है। मो'बा'इल के कारण आजकल वधू पक्ष के अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण भी दिक्कतें आ रहीं हैं।

परिवार के सदस्यों में आपसी बातचीत में कमी के कारण गलतफहमियां उत्पन्न होतीं हैं, जो समायोजन को गड़बड़ करती हैं। अलग-अलग विचारधाराओं के कारण आपसी तनाव व कलह उत्पन्न होता है। ऐसी स्थिति दूसरे धर्म में शादी करने या अन्तर्जातीय विवाह में अधिक होता है। कैरियर व घर (ससुराल) के बीच संतुलन बनाने में कठिनाई के कारण समायोजन की समस्या आती है। दोनो के जॉब करने से अनेक समस्याएं आती हैं। एक का दूसरे पर आर्थिक रुप से निर्भर रहने पर न केवल आर्थिक बोझ एक व्यक्ति पर पड़ता है, बल्कि समायोजन भी प्रभावित होता है। भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस करने से भी वैवाहिक जीवन में समस्या खड़ी होती है।

समस्या छोटी-मोटी बातों से शुरू होती है। आलोचना की शुरुआत शिकायत से होती है। जीवन साथी में ऐसी कई बातें होती हैं, जो दूसरे को परेशान करती हैं। जो वैवाहिक जीवन में गंभीर समस्याएं पैदा करती हैं। आलोचना में व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र पर हमला किया जाता है। आलोचना अक्सर अवमानना में बदलती है। जब साथी को अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के इरादा से होता तो इसके पीछे अक्सर साथी के बारे में बेहद नकारात्मक विचार होता है, जैसे कि वह कितना मूर्ख, घृणित, अक्षम है। ऐसे में एक-दूसरे के प्रति प्रेम दिखाना मुश्किल होता है, जिससे समस्याएं घटने के बजाय बढ़ती हैं।

अधिकांशतः अपमान की प्रतिक्रिया में रक्षात्मकता आती है। रक्षात्मकता में ज़िम्मेदारी से इनकार करना, बहाने बनाना, आलोचना को साथी पर थोपना, खुद शिकायत करना, साथी की शिकायत का जवाब शिकायत से देना। ये सभी व्यवहार साथी की शिकायत को समझने व व्यवहार को बदलने की कोशिश करने के विपरीत है। इससे समस्या कभी हल नहीं होती है। जब दंपत्ति अपनी समस्याओं के समाधान की ओर आगे नहीं बढ़ पाते हैं, तो अक्सर एक साथी बातचीत में चुप्पी साधना शुरू करता है। इसका मतलब है कि जब दूसरा साथी उन पर गुस्सा होता है, तो वह कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है, जिससे समायोजन की समस्या बढ़ती जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### कहां से आया रेस्टोरेंट शब्द

रेस्टोरेंट (Restaurant) शब्द की उत्पत्ति 18वीं शताब्दी के मध्य (लगभग 1765) में फ्रांस (पेरिस) में हुई, माना जाता है। यह फ्रेंच शब्द restaurer से निकला है, जिसका मतलब है 'पुनर्स्थापित करना' या 'ताजगी देना'।




मूल रूप से, यह पौष्टिक और शक्तिवर्धक सूप (soup) को संदर्भित करता था, जो थके हुए यात्रियों को ताज़ा करता था। 1765 में, पेरिस में बोलेंजर (Boulanger) नामक एक व्यक्ति ने ऐसा स्थान खोला, जहां स्वास्थ्यवर्धक 'रेस्टोरेंट' (शोरबा) मिलता था। शुरू में, यह 'वह जो शक्ति बहाल करता है' (restoring) के अर्थ में प्रयोग किया जाता था। बाद में, यह उन सभी भोजनालयों के लिए इस्तेमाल होने लगा, जहां बैठकर भोजन किया जाता है। इसका संबंध प्राचीन लैटिन शब्द restaurare से भी जोड़ा जाता है। इसका अर्थ मरम्मत या नवीकरण करना है।
संक्षेप में, रेस्टोरेंट वह स्थान था, जिसे शरीर को 'पुनर्स्थापित' या तरोताज़ा करने के लिए पौष्टिक भोजन परोसने के लिए किया जाता था।

## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेले का आयोजन




- जौनपुर में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 28 फरवरी 2026 को राजकीय आईटीआई सिद्दीकपुर, जौनपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में युवाओं को 12 हजार से लेकर 35 हजार रुपये प्रतिमाह तक की नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि मेले में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की 60 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया तथा अंतिम तिथि की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत विवरण और आवेदन लिंक के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट अवश्य देखें।

# विदेशी विश्वविद्यालय अवसर या असमानता?



नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में यह टर्निंग पॉइंट 2023-24 से आया था। तभी से दुनिया के नामी विश्वविद्यालयों ने हमारे देश की जमीन पर अपने स्वतंत्र कैंपस खोलना शुरू किया। यह बदलाव यूं ही नहीं आया। इसके पीछे है यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के फॉरेन हायर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस रेगुलेशंस- 2023 और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 की वह सोच, जिसमें भारत को 'वैश्विक शिक्षा केंद्र' बनाने का सपना देखा गया है। आज यह सपना धीरे-धीरे हकीकत में बदल रहा है। ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ़ वोलोंगोंग ने गुजरात में पढ़ाई शुरू करवा दी है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथैम्प्टन, गुरुग्राम में अपना कैंपस खोल चुकी है। हैंइलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिवरपूल, यूनिवर्सिटी ऑफ़ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिस्टल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, कोवेंट्री यूनिवर्सिटी और क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट को भारत में कैंपस खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिल चुका है। सवाल यह नहीं है कि विदेशी विश्वविद्यालय आ रहे हैं। असली सवाल है-इससे भारत को क्या मिलेगा, क्या खो सकता है और इसे कैसे संतुलित किया जाए?



राजेश जैन
लेखक

### भारत इसलिए बना विदेशी विश्वविद्यालयों का नया ठिकाना

भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा युवा बाजार है। 30 वर्ष से कम उम्र की आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात अभी भी लगभग 30 प्रतिशत के आसपास है। यानी करोड़ों युवा ऐसे हैं, जो बेहतर शिक्षा के मौके तलाश रहे हैं। दूसरी ओर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों के विश्वविद्यालय घरेलू नामांकन में ठहराव और सरकारी फंडिंग में कटौती झेल रहे हैं। हालिया वीजा सख्ती ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या भी प्रभावित की है। ऐसे में भारत उनके लिए हाई-पोटेंशियल मार्केट बनकर उभरा है। यहां अंग्रेजी बोलने वाले छात्र हैं, उभरता मध्यम वर्ग है और अंतर्राष्ट्रीय डिग्री की मजबूत मांग है। आसान शब्दों में कहें, तो यह विन-विन मॉडल है-विदेशी संस्थानों को नया बाजार, भारत को ग्लोबल एजुकेशन का एक्सेस।



### घर बैठे मिलेगी विदेशी डिग्री

सबसे बड़ा फायदा है-घर बैठे विदेशी डिग्री। अब भारतीय छात्रों को मास्टर्स या स्पेशलाइज्ड कोर्स के लिए विदेश जाने, लाखों की फीस, वीजा तनाव और महंगे जीवनयापन का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनुमान है कि भारत में वही डिग्री 25-30 प्रतिशत कम लागत में मिल सकेगी। इसके साथ उनको अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम, इंडस्ट्री-फोकस्ड ट्रेनिंग, ग्लोबल फैकल्टी एक्सपोजर, बेहतर रिसर्च कल्चर भी मिलेंगे। बिजनेस एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, फिनटेक, कंप्यूटिंग जैसे कोर्स सीधे भविष्य की नौकरियों से जुड़े हैं। इससे स्किल गैप कम हो सकता है और भारतीय ग्रेजुएट्स की ग्लोबल एम्प्लॉयबिलिटी बढ़ सकती है।

### प्रतिभा पलायन पर लगेगी रोक

2019 में करीब 5.8 लाख भारतीय छात्र विदेश गए थे। 2023 में यह संख्या 9 लाख तक पहुंच गई। इनमें से 75 प्रतिशत से ज्यादा वहीं बसने की इच्छा रखते हैं। इसका मतलब-देश से प्रतिभा भी जा रही है और अरबों डॉलर विदेशी मुद्रा भी। अगर यही गुणवत्ता भारत में उपलब्ध हो जाए, तो "ब्रेन ड्रेन" की जगह "ब्रेन रिटेंशन" संभव है। विदेशी कैंपस देश के भीतर ही अंतर्राष्ट्रीय माहौल तैयार कर सकते हैं।

### रिसर्च और अकादमिक सुधार का मौका

विदेशी विश्वविद्यालय सिर्फ क्लासरूम नहीं लाते-वे साथ लाते हैं रिसर्च कल्चर, गवर्नेंस मॉडल और अकादमिक डिसिप्लिन। संयुक्त रिसर्च सेंटर, फैकल्टी एक्सचेंज और साझा प्रोजेक्ट्स के जरिए भारतीय संस्थानों की क्षमता बढ़ सकती है। पहले से ही भारत के पास मजबूत आधार है-जैसे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु और यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली जैसे संस्थान। सही सहयोग हुआ, तो भारत सिर्फ स्टूडेंट-सोर्स देश नहीं रहेगा, बल्कि नॉलेज-प्रोड्यूसर बनेगा।

### लचीलापन और जवाबदेही दोनों जरूरी

यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम, फीस और प्रवेश में काफी स्वायत्तता दी है ताकि वे तेजी से काम शुरू कर सकें, लेकिन अब जरूरत है स्मार्ट रेगुलेशन की। हमें ऐसा मॉडल चाहिए, जिसमें टॉप-रैंक संस्थानों को ऑपरेशनल फ्रीडम मिले, फीस स्ट्रक्चर पारदर्शी हो, छात्र अधिकार सुरक्षित रहें, न्यूनतम छात्रवृत्ति को अनिवार्य किया जाए और अकादमिक गुणवत्ता की नियमित ऑडिट हो।

### देश को इस रणनीति की दरकार

हर विदेशी कैंपस में इडब्यूएस और वंचित वर्ग के लिए स्कॉलरशिप अनिवार्य की जाए, अकेले कैंपस नहीं-भारतीय संस्थानों के साथ साझा मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट को प्राथमिकता मिले, सिर्फ टीचिंग तक सीमित न रहा जाए, पाठ्यक्रमों का भारतीयकरण हो ताकि वे यहां की अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग से जुड़े रहें और दीर्घकाल में भारत को अपनी "आईवी लीग" तैयार करनी होगी, जहां आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर हों। विदेशी विश्वविद्यालयों का भारत आना सिर्फ शिक्षा सुधार नहीं-यह कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सॉफ्ट पावर से भी जुड़ा है। सही नीति के साथ यह पहल भारत को एशिया का एजुकेशन हब बना सकती है, लेकिन अगर इसे केवल बाजार के हवाले छोड़ दिया गया, तो यह अमीरों की शिक्षा बनकर रह जाएगी। आज भारत एक दोराहे पर खड़ा है-एक रास्ता वैश्विक ज्ञान नेतृत्व की ओर जाता है, दूसरा नई शैक्षिक असमानता की तरफ। फैसला हमें करना है।



### कुछ चिताएं भी हैं

- सबसे बड़ी चिंता है-वहनीयता। विदेशी कैंपस की फीस भले विदेश से कम हो, लेकिन भारतीय औसत आय के हिसाब से यह अभी भी बहुत ज्यादा है। खतरा यह है कि ये संस्थान सिर्फ अमीर वर्ग तक सीमित रह जाएं। इससे शिक्षा में सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है-जो नई शिक्षा नीति- 2020 के समावेशी शिक्षा के लक्ष्य के खिलाफ है।
- दूसरी चुनौती है-व्यावसायीकरण। अगर रेगुलेशन कमजोर रहा, तो कुछ विदेशी संस्थान शिक्षा को प्रोडक्ट की तरह बेच सकते हैं। चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के उदाहरण बताते हैं कि कम नामांकन और ऊंची लागत के कारण कई विदेशी कैंपस कुछ साल में बंद भी हो गए।
- तीसरा मुद्दा है-स्थानीय प्रासंगिकता। अगर पाठ्यक्रम भारतीय सामाजिक-आर्थिक जरूरतों से कटे रहे, स्थानीय फैकल्टी शामिल न हो और इंडियन कॉन्टेक्स्ट गायब हो तो ये कैंपस "एलिट आइलैंड" बनकर रह जाएंगे।

## किस्सा कैंपस का

### कला हो या विज्ञान जीत जाओगे तो सिकंदर कहलाओगे

बात साल 1990 की है। मैंने इंटरमीडिएट परीक्षा पास की थी। 51 प्रतिशत मात्र मैं इंटरमीडिएट में ला पाया था। मुझे अब कॉलेज में प्रवेश लेना था। हल्द्वानी शहर में एमबी डिग्री कॉलेज ही एकमात्र उच्च शिक्षा का संस्थान था। जुलाई का उमस से भरा हुआ दिन, मैं अपने बड़े भाई जो पंतनगर विश्वविद्यालय में पढ़ते थे, उनके साथ एमबी डिग्री कॉलेज आया। स्कूल की बंधनों से भरी हुई जिंदगी से बाहर निकल कर अब हम कॉलेज की जिंदगी में आ रहे थे।
एमबी डिग्री कॉलेज के बड़े से फील्ड में बहुत सारे लड़के लड़कियां घूम रहे थे। मैं बीएससी करना चाहता था लेकिन मेरे प्रतिशत कम थे। खैर अपने बड़े भाई के साथ मैं उस कक्षा में गया, जहां बीएससी में एडमिशन दिया जा रहा था। मैं काउंसिलिंग के लिए वहां गया, पता चला कि बीएससी में प्रवेश की कम से कम मेरिट 58 प्रतिशत की है जबकि मेरे मात्र 51 प्रतिशत थे। काउंटर पर पता चला कि वेटिंग में कुछ नीचे तो आ सकता है लेकिन कई वर्षों से 55 प्रतिशत से नीचे मेरिट कभी नहीं गई है इसलिए बीएससी में प्रवेश नहीं मिल सकेगा हां अगर बायोलॉजी वाले हैं तो कुछ उम्मीद की जा सकती है लेकिन सच्चाई यह थी कि मेरे पास इंटरमीडिएट में बायोलॉजी के सब्जेक्ट ही नहीं थे इसलिए वह रास्ता तो वैसे ही मेरे लिए बंद था।
मैं बहुत निराश था। मैंने कुछ लोगों से बात की। एमबी डिग्री कॉलेज के कुछ कर्मचारी हमारे जानने वाले थे। उनसे मिलने गया और उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया कि बीएससी में मुझे एडमिशन नहीं मिल पाएगा। दूसरा चारा यह था कि मैं बीकॉम में एडमिशन ले लूं लेकिन कॉमर्स मेरी इंटरमीडिएट में नहीं थी और मेरे समझ से बहुत बाहर भी थी। अब एक ही रास्ता बसता था कि बीए में एडमिशन लेने का। इस दौरान हम दोनों भाई कला संकाय के एक प्राचार्य से मिले और उन्हें बताया तो उन्होंने भी यही कहा कि इतने कम प्रतिशत में केवल ह्यूमैनिटीज के सब्जेक्ट ही लिए जा सकते हैं और बेहतर होगा कि आपका भाई कॉलेज से बीए में प्रवेश ले ले। मैं बहुत निराश था क्योंकि बीए करने वालों का भविष्य उस समय बहुत अच्छा नहीं माना जाता था लेकिन वह प्राचार्य महोदय जो कि अर्थशास्त्र पढ़ाया करते थे, वह प्रोफेसर रौतेला थे, उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि बीए करने से सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। अगर वास्तव में आप कुछ करना चाहते हो तो बहुत सारी कॉम्पिटेटिव परीक्षाओं की तैयारी आट्र्स में रहते हुए आप बेहतर कर सकते हो क्योंकि आप ज्यादा समय परीक्षा की तैयारी में लगा सकते हो और परीक्षाओं की तैयारी में आट्र्स के विषय सामान्य अध्ययन की तैयारी में भी मददगार हो सकते हैं। आप बीए में प्रवेश लें और उन्होंने तमाम ऐसे लोगों के नाम बताएं जिन्होंने बीए करने के पश्चात आईएएस, पीसीएस एसएससी और विभिन्न सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की और अफसर बने। कोई और चारा नही देखते हुए अंतत: मैंने भी यही निर्णय लिया और बीए में प्रवेश ले लिया। प्रोफेसर रौतेला के सुझाव से मैंने इतिहास, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान विषय लिया और मन में धारण कर लिया कि अब मुझे सरकार के किसी अफसर की पोजीशन को पाना है। कैंपस का यह पहला दिन हमेशा मेरे जहन में रहा, बीए चलता रहा, लेकिन मस्तिष्क में यह बात लगातार बनी रही कि सरकारी परीक्षाओं की तैयारी करनी है और यही वह दिन था, जब मेरी मेरे जीवन में टर्निंग पॉइंट आया और मैं एक विज्ञान का छात्र, एक कला वर्ग के छात्र के रूप में परिवर्तित हुआ और कालांतर में उत्तर प्रदेश पीसीएस एवं उत्तराखंड पीसीएस दोनों परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए दो-दो सरकारी नौकरियां प्राप्त की और वर्तमान में आरटीओ के पद पर अपनी सेवाएं दे रहा हूं। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार में 8 वर्ष डिप्टी जेलर के रूप में अपनी सेवा दे चुका हूं। कला हो या विज्ञान जीत जाओगे तो सिकंदर कहलाओगे और यही कैंपस के पहले दिन की सीख थी, जो आज भी अनुभूत होती है।



विमल पांडेय
आरटीओ, पौड़ी गढ़वाल संभाग (उत्तराखंड)

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह उपलब्धि कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान हासिल की। अपने 356वें अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ, हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने पहले 355 मैचों के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था। यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट की महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में हरमनप्रीत कौर की विरासत को और मजबूत करती है।
- हाल ही में बोंग ने बाफ्टा अवाड्र्स 2026 में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी जीतकर इतिहास रच दिया है। मणिपुरी भाषा में बनी यह पहली भारतीय फिल्म प्रतिष्ठित ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्र्स में इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा समर्थित, बोंग इस वर्ष एकमात्र भारतीय नामांकित फिल्म थी और इसने क्षेत्रीय भारतीय कहानी कहने को वैश्विक पहचान दिलाई।
- माइक्रोसॉफ्ट ने आशा शर्मा को माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग का नया सीईओ और एक्सबॉक्स का प्रमुख नियुक्त किया है, जो 2026 में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का संकेत है। भारतीय मूल की यह कार्यकारी लंबे समय से एक्सबॉक्स के प्रमुख रहे फिल स्पेंसर का स्थान लेंगी, जो 2014 से इस विभाग का नेतृत्व करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## जॉब अलर्ट

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन




- पद का नाम-टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़
- पदों की संख्या 933
- पद-IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज़
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु- 21-32 साल (01-08-2026 को)
- एग्जाम स्टेज प्रीलिमिनरी, मेन, इंटरव्यू
- आवेदन की आखिरी तारीख 27/02/2026
- वेबसाइट www.upsc.gov.in

### ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (AIIMS)

- पद का नाम-नर्सिंग ऑफिसर
- पदों की संख्या-2551
- सैलरी पे लेवल-07 पे मैट्रिक्स में (प्री-रिवाइज़्ड पे बैंड-2 9300-34800 के साथ ग्रेड पे 4600/-)
- योग्यता- B.Sc. (ऑनर्स) नर्सिंग / B.Sc. नर्सिंग या पोस्ट बेसिक B.Sc. नर्सिंग या जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी में डिप्लोमा, वैलिड रजिस्ट्रेशन के साथ + 2 साल का एक्सपीरियंस (डिप्लोमा होल्डर्स के लिए)
- आयु- 18 से 30 साल
- आवेदन की आखिरी तारीख 16.03.2026
- वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in

### स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI)

- पद का नाम- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (IS ऑडिट) - कॉन्ट्रैक्ट पर, डिप्टी मैनेजर (IS ऑडिट) - रेगुलर, डिप्टी मैनेजर (चार्टर्ड अकाउंटेंट-इंटरनल ऑडिट)-रेगुलर
- जॉब टाइप रेगुलर / कॉन्ट्रैक्ट पर
- योग्यता- BE/BTech/BSc/MTech/MSc/MCA/BCA/CA संबंधित सब्जेक्ट में
- सिलेक्शन प्रोसेस शॉर्टलिस्टिंग और इंटरव्यू (कॉन्ट्रैक्ट के लिए CTC नेगोशिएशन के साथ)
- जॉब लोकेशन मुंबई / हैदराबाद / मोबाइल ड्यूटी / सर्कल ऑडिट ऑफिस
- आवेदन की अंतिम तिथि-15/03/2026
- वेबसाइट https://sbi.co.in

# इंटीरियर डेकोरेशन: क्रिएटिविटी और मॉडर्न लाइफ स्टाइल का नया भविष्य



आज के दौर में एक सुंदर और सुव्यवस्थित घर केवल विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि मानसिक शांति और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति बन चुका है। यही कारण है कि इंटीरियर डेकोरेशन उन विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर बनकर उभरा है, जिनकी सोच लीक से हटकर है और जो रंगों, आकृतियों तथा सजावट के माध्यम से कहानियां बुनना जानते हैं। बदलती लाइफस्टाइल ने इस क्षेत्र को व्यावसायिक रूप से इतना समृद्ध कर दिया है कि अब यह केवल बड़े बंगलों तक सीमित न रहकर मध्यम वर्गीय घरों, कॉर्पोरेट ऑफिसों, कैफे और स्टार्टअप्स की प्राथमिक जरूरत बन गया है। यदि आप में रचनात्मकता का बीज है और आप तकनीकी बारीकियों को समझने का धैर्य रखते हैं, तो इंटीरियर डेकोरेशन का क्षेत्र आपको न केवल आर्थिक संपन्नता देगा, बल्कि हर नए प्रोजेक्ट के साथ आपकी कला को एक नई पहचान भी प्रदान करेगा।

### कला और विज्ञान का संतुलन

इंटीरियर डेकोरेशन को अक्सर केवल सजावट मान लिया जाता है, लेकिन वास्तव में यह किसी स्थान के अंदरूनी हिस्से को इस तरह रूपांतरित करने की कला है कि वह देखने में आकर्षक होने के साथ-साथ रहने के लिए आरामदायक भी हो। इसमें दीवारों के रंगों के चुनाव से लेकर फर्नीचर की बनावट, पर्दों का कपड़ा, लाइटिंग का कोण और फर्श के टेक्सचर तक हर छोटी चीज पर ध्यान दिया जाता है। एक सफल डेकोरेटर वह है, जो क्लाइंट की जरूरतों को समझे और सीमित बजट व स्थान में सर्वोत्तम परिणाम दे सके। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को डिजाइन के सिद्धांत, स्पेस प्लानिंग और सामग्री (मटेरियल) की पहचान सिखाई जाती है। उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि कैसे लाइटिंग के जरिए किसी छोटे कमरे को बड़ा दिखाया जा सकता है या कैसे रंगों के सही इस्तेमाल से ऑफिस के माहौल को तनावमुक्त बनाया जा सकता है।



### शैक्षणिक विकल्प और पाठ्यक्रम

इंटीरियर डेकोरेशन में करियर बनाने के लिए कई तरह के कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिन्हें आप अपनी शैक्षणिक योग्यता और समय के अनुसार चुन सकते हैं:

**सर्टिफिकेट कोर्सेज (6 माह से 1 वर्ष):** यह उन लोगों के लिए है जो बेसिक स्किल्स जल्दी सीखकर काम शुरू करना चाहते हैं।

**डिप्लोमा कोर्सेज (1 से 2 वर्ष):** इसमें डिजाइनिंग की अधिक गहराई से जानकारी दी जाती है।

**बैचलर डिग्री (3 से 4 वर्ष):** जैसे B.Des या B.Sc इन इंटीरियर डिजाइन। यह एक व्यापक डिग्री है जो आपको ग्लोबल स्टैंडड्र्स की समझ देती है।

**मास्टर्स डिग्री (2 वर्ष):** ग्रेजुएशन के बाद विशेषज्ञता (Specialization) हासिल करने के लिए।

### करियर की संभावनाएं और आय

इस फील्ड में करियर के विकल्प बेहद विविधतापूर्ण हैं। कोर्स पूरा करने के बाद आप निम्नलिखित क्षेत्रों में हाथ आजमा सकते हैं।

**इंटीरियर डेकोरेटर:** घरों और ऑफिसों का मेकओवर करना।

**सेट डिजाइनर:** फिल्मों, टीवी शो और थिएटर के लिए सेट तैयार करना।

**फर्नीचर कंसल्टेंट:** मॉड्यूलर किचन और मॉडर्न फर्नीचर फर्म्स में काम करना।

**फ्रीलांसर:** खुद की कंसल्टेंसी खोलकर स्वतंत्र रूप से प्रोजेक्ट्स लेना।

**सैलरी पैकेज:** इस क्षेत्र में शुरुआत 2 से 4 लाख रुपये प्रति वर्ष से होती है। लेकिन, जैसे-जैसे आपका पोर्टफोलियो और अनुभव बढ़ता है, आपकी आय की कोई सीमा नहीं रहती। एक स्थापित इंटीरियर डेकोरेटर साल के 15-20 लाख रुपये से लेकर करोड़ों में कमा सकता है।

### भारत के प्रमुख शिक्षण संस्थान

बेहतर भविष्य के लिए सही संस्थान का चयन अनिवार्य है। भारत के कुछ टॉप कॉलेज जहां आप आवेदन कर सकते हैं।

- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद:** देश का सबसे प्रतिष्ठित डिजाइन संस्थान।
- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी:** यहां के डिजाइन कोर्स विश्व स्तर पर मान्य हैं।
- **पर्ल एकेडमी:** आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री एक्सपोजर के लिए मशहूर।
- **JD इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी:** यहां प्रैक्टिकल लर्निंग पर अधिक जोर दिया जाता है।
- **Arch एकेडमी ऑफ डिजाइन:** जयपुर स्थित यह संस्थान अपनी क्रिएटिविटी के लिए जाना जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,276.07 | 25,482.50 |
| बढ़त | 50.15 | 57.85 |
| प्रतिशत में | 0.06 | 0.23 |

सोना 1,64,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,77,900 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार ,26 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



# टैक्स नियम सख्त: अब मकान मालिक से रिश्ते का भी देना होगा हिसाब

## पहली अप्रैल 2026 से लागू होगा नया आयकर अधिनियम

नई दिल्ली, एजेंसी

अगर आप अपने किसी रिश्तेदार के घर में रहकर हाउस रेंट अलाउंस का क्लेम करते हैं, तो अब आपको सावधान होने की जरूरत है। सरकार ने नया आयकर अधिनियम, 2025 के तहत नियमों और फॉर्म का मसौदा जारी कर दिया है। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे, जिनका उद्देश्य टैक्स चोरी रोकना और पारदर्शिता बढ़ाना है। ये बदलाव संकेत देते हैं कि सरकार अब केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि 'डिजिटल फुटप्रिंट्स' और ऑडिटर्स की सक्रियता के जरिए टैक्स चोरी के हर रास्ते को बंद करना चाहती है।

### ऑडिटर की 'कमेंट्री' का आय पर असर

अब यदि वैधानिक ऑडिटर कंपनी के मुनाफे या राजस्व पर आपत्ति या प्रतिकूल टिप्पणी करता है, तो उसे स्पष्ट करना होगा कि इस का टैक्स योग्य आय पर कितना असर पड़ेगा।

- सरकार केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि डिजिटल फुटप्रिंट्स और ऑडिटर्स की सक्रियता के साथ रोकना चाहती है टैक्सी चोरी




### क्या होगा असर?

केंद्र सरकार ने आयकर अधिनियम, 2025 के जरिए कर प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की तैयारी कर ली है। नए नियमों का मसौदा न केवल आम आदमी के एचआरए दावों पर नजर रखेगा, बल्कि कंपनियों और ऑडिटर्स की जवाबदेही भी कई गुना बढ़ा देगा। अब आयकर विभाग के लिए यह ट्रैक करना आसान होगा कि कहीं लोग केवल कागजों पर अपने परिवार के सदस्यों को किराया दिखाकर टैक्स तो नहीं बचा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वास्तविक किरायेदारों को समस्या नहीं होगी, लेकिन टैक्स बचाने के लिए अपनाए जाने वाले 'जुगाड़' अब भारी पड़ सकते हैं।

### हाउस रेंट अलाउंस के दावों में अब क्या बदलेगा?

नए नियमों के तहत जारी होने वाले फॉर्म-124 में करदाताओं के लिए नई शर्तें जोड़ी गई हैं। करदाता को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि जिस मकान मालिक को वह किराया दे रहा है, उससे उसका पारिवारिक या अन्य संबंध तो नहीं है। वर्तमान में कर्मचारी केवल किराये का विवरण देते हैं। टैक्स बचाने के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

यदि आपकी विदेश से कोई कमाई है, तो उस पर मिलने वाले 'टैक्स क्रेडिट' के दावों की अब बहुत बारीकी से जांच होगी। नए नियमों में ऑडिटर्स को अधिक जवाबदेह बनाया गया है ताकि वित्तीय गड़बड़ियों की गुंजाइश न रहे। सरकार ने अभी इन नियमों पर सुझाव मांगे हैं। अंतिम नियमों और फॉर्म की अधिसूचना अगले महीने जारी कर दी जाएगी।

### अन्य बड़े बदलाव

**फर्जी किराये के दावों पर लगाम :** कर विशेषज्ञों का मानना है कि मकान मालिक और किरायेदार के बीच संबंध उजागर करने की शर्त से 'नकली रेंट रसीदों' के जरिए टैक्स बचाने वालों पर नकेल कसी जाएगी। नांगिया ग्लोबल एडवाइजर्स के संदीप झुनझुनवाला के अनुसार, इससे वास्तविक किरायेदारों को कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन टैक्स चोरी के लिए बनाए गए 'कृत्रिम दावों' को पकड़ना आसान हो जाएगा।

**विदेशी कमाई पर कड़ी नजर फार्म 44 :** विदेशी आय पर टैक्स छूट का दावा करना अब आसान नहीं होगा। अब चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को भी विदेशी टैक्स सर्टिफिकेट, भुगतान के सबूत और टैक्स संधि की बारीकी से स्वतंत्र जांच करनी होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उन देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा जहाँ वित्त वर्ष भारत से अलग है या टैक्स स्टेटमेंट देरी से मिलते हैं।

**पैन कार्ड के नियमों में सख्ती :** कंपनियों के लिए अब पैन आवेदन प्रक्रिया और भी कठिन होगी। आवेदन के समय यह शपथ देनी होगी कि कंपनी के पास पहले से कोई पैन नहीं है। यदि किसी शाखा या पुराने ऑफिस के नाम पर पहले से पैन है, तो उसकी पूरी जांच करनी होगी। इसका मकसद डेटाबेस में दोहराव ( को खत्म करना है।

**डिजिटल ऑडिट :** अब सर्वर और आईपी एड्रेस का देना होगा हिसाब नए टैक्स ऑडिट फॉर्म-26 में तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है। कंपनियों को बताना होगा कि वे कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही हैं। क्लाउड या सर्वर का विवरण, उसका आईपी एड्रेस, और डेटा किस देश में स्टोर है, इसकी जानकारी देनी होगी। यदि डेटा विदेश में है, तो भारत में स्थित बैकअप सर्वर का पता भी देना अनिवार्य होगा।

# ईवी सेक्टर में 5 साल में आए 2.23 लाख करोड़

- 2030 के लक्ष्य के लिए अभी 10 लाख करोड़ की और दरकार



नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रिक परिवहन क्षेत्र में पिछले पांच साल में भारी पूंजी निवेश होने के बावजूद 2030 का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को एक समन्वित निवेश ढांचे की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल निजी कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों में 70 प्रतिशत, बस में 40 प्रतिशत और दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों में 80 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकॉनमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की इस रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020-25 के दौरान भारत के इलेक्ट्रिक परिवहन परिवेश के तीन प्रमुख क्षेत्रों- विनिर्माण क्षमता, सार्वजनिक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन और चार्जिंग अवसंरचना में कुल 2.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा ईवी विनिर्माण में गया है। रिपोर्ट के सह-लेखक और आईईईएफए के जलवायु वित्त विश्लेषक शुभम श्रीवास्तव के अनुसार पांच वर्षों में 2.23 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगना महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्ष 2030 तक जरूरी पूंजी 12.5 लाख करोड़ रुपये का यह लगभग 18 प्रतिशत ही है। उन्होंने कहा कि बचे हुए 10.2 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए वित्तीय ढांचे में व्यापक सुधार जरूरी होंगे। निवेश स्रोतों के विश्लेषण से पता चलता है कि ईवी विनिर्माण में लगे 1.59 लाख करोड़ रुपये आंतरिक संसाधनों से आए, जबकि 36,000 करोड़ रुपये से अधिक ऋण और 6,400 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी के जरिये जुटाए गए। हालांकि, अलग-अलग वाहन श्रेणियों के बीच वित्तपोषण के स्रोतों में अंतर देखा गया है। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड ने पूंजी के लिए मुख्य रूप से आंतरिक संसाधनों और कुछ हद तक ऋण पर निर्भरता दिखाई। वहीं इलेक्ट्रिक चार-पहिया और दोपहिया खंड में वित्तपोषण का मिश्रण अपेक्षाकृत विविध रहा।

## बिजनेस ब्रीफ

### फ्लाई91 के बेड़े में शामिल हुए दो और विमान

**दुबई।** क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 के बेड़े में दो नये एटीआर72-600 विमान शामिल हुए जिनका इस्तेमाल एयरलाइन अपने नेटवर्क विस्तार के लिए करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि उसने ये विमान संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी दुबई एयरोस्पेस एंटरप्राइजेज से लिये हैं। कंपनी के बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर अब छह हो गयी है। फ्लाई91 के नेटवर्क में वर्तमान में मोपा (गोवा), अगाती (लक्षद्वीप) सोलापुर, जलगांव, सिंधुदुर्ग, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोच्चि शामिल हैं। एयरलाइंस ने मार्च 2026 के अंत तक छह नये शहरों को अपने नेटवर्क में शामिल करने की घोषणा की है। नये गंतव्यों में आंध्र प्रदेश में राजमुंद्री और विजयवाड़ा, कर्नाटक में हुबली, महाराष्ट्र में नांदेड़, दक्षिणी गोवा में डाबोलिम और मध्य प्रदेश में इंदौर शामिल हैं।

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 90.91 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** कमजोर डॉलर और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया सीमित दायरे में बना रहा और डॉलर के मुकाबले चार पैसे बढ़कर 90.91 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और पूरे सत्र में 90.96-90.88 के एक सीमित दायरे में रहने के बाद अंत में 90.91 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से चार पैसा अधिक है। मंगलवार को, डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे टूटकर 90.95 पर बंद हुआ था।

### ल्युपिन के कार्यालय पर जीएसटी की जांच शुरू

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र जीएसटी विभाग ने मुंबई स्थित उसके पंजीकृत कार्यालय पर जांच और तलाशी की कार्रवाई शुरू की है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को बताया कि जीएसटी के भुगतान और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावे आदि से संबंधित दस्तावेजों की जांच के लिए विभाग ने यह कार्रवाई 25 फरवरी, 2026 को सुबह 11:50 बजे शुरू की। कंपनी ने आगे कहा कि वह अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है और आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध करा रही है। ल्यूपिन ने साफ किया कि इस जांच और तलाशी का कंपनी की वित्तीय स्थिति, कामकाज या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### आरबीआई दो मार्च को करेगा बॉन्ड की नीलामी

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की ''अदला-बदली नीलामी'' करने की बुधवार को घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड से बदल देती है। इससे एक ही साल में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम होता है और भुगतान की समय-सीमा आगे खिसक जाती है।

# फिलहाल रेपो रेट में बढ़ोत्तरी की संभावना नहीं, नहीं बढ़ेगी आपके लोन की ईएमआई

- नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखना चाहते हैं एमपीसी के सदस्य
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने तटस्थ नीतिगत रुख को भी बनाए रखा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक तनाव और महंगाई के दबाव के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक ने आम आदमी और कॉर्पोरेट जगत को बड़ी राहत के संकेत दिए हैं। मौद्रिक नीति समिति के सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि निकट भविष्य में नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी की संभावना नहीं के बराबर है।

उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी जोखिम, धातुओं की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भट्टाचार्य और एमपीसी के अन्य पांच सदस्यों ने इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने 'तटस्थ' नीतिगत रुख को भी बनाए रखा था जिससे संकेत मिलता है कि दरें कुछ समय तक निचले स्तर पर रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई प्रोत्साहन उपायों के बावजूद अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं हैं।




केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2025 से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है, जो 2019 के बाद सबसे आक्रामक नरमी चक्र माना जा रहा है। महंगाई पर उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती है। इसकी एक वजह वित्त वर्ष 2025-26 में कुल मुद्रास्फीति की गिरती कीमत का आधार प्रभाव है, जो अब उलट सकता है। दूसरी वजह कीमती धातुओं की कीमतों का प्रभाव है।

हालांकि, इन कारकों को छोड़ दें तो अंतर्निहित महंगाई संतुलित रहने की उम्मीद है। ऋण वृद्धि पर उन्होंने कहा कि गैर-खुदरा बैंक ऋण में लगातार सुधार हो रहा है और अब बड़े कॉरपोरेट घरानों को भी अधिक कर्ज मिल रहा है।

# अमेरिकी शुल्क: कंपनियां बोलीं-नहीं होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका द्वारा भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत का भारी शुरुआती प्रतिपूर्ति शुल्क लगाए जाने के बावजूद भारतीय सौर समाधान प्रदाता कंपनियों ने भरोसा जताया है कि इसका उनके कारोबार पर कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनियों के अनुसार, उनकी मजबूत 'सप्लाई चेन' रणनीति इस जोखिम को कम करने में सक्षम है। कंपनियों का दावा है कि उन्होंने पहले ही अमेरिकी बाजार पर अपनी निर्भरता कम कर ली है और अब उनका ध्यान 'मेक इन अमेरिका' और भारतीय घरेलू बाजार पर है।

**हमारी रणनीति तैयार है : विक्रम सोलर :** विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी शुल्क का असर उन पर सीमित रहेगा। उनके अनुसार कंपनी अमेरिकी बाजार के लिए भारतीय सेल की खरीद पर निर्भर नहीं है। कंपनी पहले से ही उन देशों से सौर उत्पादों की आपूर्ति ले रही है जहां शुल्क का जोखिम कम है। कंपनी की मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसे हाल ही में गुजरात में एक बड़ी परियोजना के लिए 378.75 मेगावाट मॉड्यूल का ऑर्डर मिला है।

**ऑर्डर बुक सुरक्षित : वारी एनर्जीज :** वारी एनर्जीज के ग्रुप फाइनेंस हेड अभिषेक पारेख ने भी निवेशकों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि 126% के इस शुरुआती शुल्क से कंपनी की अमेरिकी ऑर्डर बुक को पूरा करने की क्षमता पर कोई खास नकारात्मक असर पड़ने की आशंका नहीं है। कंपनी चालू वित्त वर्ष (2025-26) के अंत तक अमेरिका में ही अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाकर 4.2 गीगावाट करने की प्रक्रिया में है। इससे कंपनी पर आयात शुल्क का असर खत्म हो जाएगा। पिछले नौ महीनों में 50% पुराने शुल्क के बावजूद कंपनी का अमेरिका को निर्यात जारी रहा है।

**निर्यात अब लगभग शून्य : प्रीमियर एनर्जीज :** प्रीमियर एनर्जीज के मुख्य कारोबार अधिकारी विनय रुस्तगी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि कंपनी ने अपने कुल कारोबार में निर्यात की हिस्सेदारी को घटाकर लगभग शून्य कर दिया है।अमेरिकी नीतियों में बदलाव के संकेत अगस्त 2025 में ही मिल गए थे, जिससे भारतीय कंपनियों को अपना बिजनेस मॉडल बदलने का पर्याप्त समय मिल गया।

### अमेरिका के 'टैक्स' प्रहार से भारतीय सोलर कंपनियों के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारतीय सौर उत्पादों पर भारी 125.87 प्रतिशत का प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में सौर क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका के इस कड़े रुख से निवेशकों में डर का माहौल है। अमेरिकी घोषणा के तुरंत बाद सौर ऊर्जा से जुड़ी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। वारी एनर्जीज का शेयर 14.99% तक लुढ़क गया। प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 14.23% की भारी गिरावट आई। विक्रम सोलर का शेयर 7.47% नीचे गिरा। स्टर्लिंग एंड विल्सन में भी 1.41% की मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का आरोप है कि भारत सरकार अपने सौर उत्पादों को 'अनुचित सब्सिडी' दे रही है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। अतिरिक्त बोझ : यह 125.87% का शुल्क उस 10% सामान्य शुल्क के अतिरिक्त है, जिसकी घोषणा अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को सभी देशों के लिए की थी। जांच का दायरा : अमेरिका ने भारत के साथ-साथ इंडोनेशिया और लाओस से आने वाले सोलर सेल और मॉड्यूल की जांच के बाद यह प्रारंभिक निष्कर्ष निकाला है।

# मारुति की 'रेल साइडिंग' विश्व की पहली मॉडल शिफ्ट परियोजना

नयी दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि उसकी गुजरात ''इन-प्लांट रेलवे साइडिंग'' को ''वेरा'' की वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड (वीसीएस) पहल के तहत दुनिया की पहली ''मॉडल शिफ्ट'' परिवहन परियोजना के रूप में मान्यता मिली है। ''मॉडल शिफ्ट'' का अर्थ वाहनों की आपूर्ति के लिए एक परिवहन माध्यम से दूसरे परिवहन पर स्थानांतरित करना है।

वाहन विनिर्माता कंपनी ने गुजरात इकाई के अंदर रेल पटरी सुविधा (इन-प्लांट रेलवे साइडिंग) के जरिये वाहनों की आपूर्ति शुरू की है। कंपनी के अनुसार, सड़क मार्ग से रेल मार्ग की ओर वाहन आपूर्ति (डिस्पैच) स्थानांतरित करने से इस परियोजना के वित्त वर्ष 2023-24 से 2032-33 तक 10 वर्ष की अवधि में करीब 1.7 लाख कार्बन ''क्रेडिट'' अर्जित करने की उम्मीद है। कार्बन उत्सर्जन में बचत के स्वतंत्र सत्यापन के बाद ''वेरा'' अपने वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड (वीसीएस) कार्यक्रम के तहत कंपनी को 1.7 लाख ''कार्बन क्रेडिट'' जारी करेगा। ''वेरा'' एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है जो जलवायु कार्रवाई और सतत विकास के लिए मानक विकसित एवं प्रबंधित करता है। यह ''वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड'' (वीसीएस) कार्यक्रम का संचालन करता है जो दुनिया का अग्रणी स्वैच्छिक ''ग्रीनहाउस गैस क्रेडिटिंग'' कार्यक्रम है। वहीं उच्च-विश्वसनीयता वाले ''कार्बन क्रेडिट'' सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकारों और व्यवसायों को विश्वसनीय जलवायु कार्रवाई में सहायता करता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने बयान में कहा, वाहनों की आपूर्ति सड़क से रेल की ओर स्थानांतरित किए जाने से परियोजना दर्शाती है कि कैसे व्यापक परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ आगे बढ़ाया जा सकता है।'उन्होंने कहा कि रेल परिवहन की अंतर्निहित दक्षता का लाभ उठाते हुए गुजरात की ''इन-प्लांट रेलवे साइडिंग'' ने लॉजिस्टिक्स परिचालन के कार्बन उत्सर्जन को उल्लेखनीय रूप से कम किया है। साथ ही सड़क जाम भी कम लगता है और जीवाश्म ईंधन की कुल खपत में भी गिरावट आई है। ताकेउची ने कहा, ' यह उपलब्धि हमारी स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारत के मजबूत प्रयासों के अनुरूप उद्योग मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।



- 10 वर्ष की अवधि में करीब 1.7 लाख कार्बन 'क्रेडिट' अर्जित करने की उम्मीद

# 10 इलेक्ट्रिक यात्री विमान खरीदेगी मैकमोर

- एमडी एयरक्राफ्ट के साथ एलओआई पर किए हस्ताक्षर

**मुंबई,एजेंसी।** व्यापार प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकमोर ने जर्मनी की कंपनी एमडी एयरक्राफ्ट जीएमबीएच के साथ 10 इलेक्ट्रिक क्षेत्रीय यात्री विमानों की खरीद के लिए आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य क्षेत्रीय हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का लाभ उठाना है। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने कहा कि यह समझौता नौ-सीट वाले पूरी तरह इलेक्ट्रिक ''शॉर्ट टेक-ऑफ एंड लैंडिंग'' यात्री विमान एमडीए1 ईविएटर के लिए शुरुआती प्रतिबद्धताओं में से एक है। यह विमान छोटी क्षेत्रीय हवाई पट्टियों से संचालन के लिए तैयार किया गया है। इसकी परिचालन लागत कम है और यह लगभग शून्य उत्सर्जन करता है। कंपनी के अनुसार, विमान का शुरुआती उड़ान परीक्षण 2028 तक हो सकता है। प्रमाणन के साथ इसके 2030 तक सेवा में आने के आसार हैं। इस समझौते से भारत को शून्य-उत्सर्जन क्षेत्रीय हवाई परिवहन के संभावित शुरुआती विकास बाजार के रूप में स्थापित करने में मदद मिल सकती है।

# क्रिकेट का क्रेज: कई शहरों में बुकिंग 120% तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं बल्कि पर्यटन को रफ्तार देने वाला एक बड़ा कारक बनकर उभरा है। ऑनलाइन होम-स्टे सुविधा देने वाले दिग्गज मंच 'एयरबीएनबी' के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में जारी बड़े क्रिकेट आयोजनों ने घरेलू यात्रा और आवास की मांग में जबरदस्त उछाल पैदा किया है। एयरबीएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार मांग केवल दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों तक सीमित नहीं है। क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने वाले उभरते केंद्रों में पर्यटकों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा देखी गई है। एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख अमनप्रीत सिंह बजाज ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों के व्यवहार में एक नया बदलाव दिख रहा है। लोग अब केवल मैच देखने नहीं आ रहे, बल्कि वे अपनी यात्रा की अवधि बढ़ा रहे हैं। प्रशंसक उन शहरों के स्थानीय खान-पान और संस्कृति को अधिक गहराई से महसूस करने की कोशिश कर रहे हैं।

### विश्व कप और आईपीएल का डबल धमाका

वर्तमान में भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का आयोजन होना है। इन दो बड़े टूर्नामेंट्स के कारण अहमदाबाद और अन्य क्रिकेट केंद्रों में घरेलू यात्रियों की आवाजाही रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

# निगरानी बढ़ाने में अहम होगी एआई की भूमिका

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर एआई बाजार निगरानी को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन बेहतर करने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। सेबी प्रमुख ने यहां एक कार्यक्रम में वैश्विक एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ वृद्धि का अगला चरण केवल कारोबार की मात्रा और मूल्यांकन से नहीं, बल्कि बाजार की गुणवत्ता, कॉरपोरेट संचालन, पारदर्शिता, तरलता और संस्थागत मजबूती से तय होगा। प्रौद्योगिकी, जिसमें एआई भी शामिल है, निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने में भूमिका निभाएगी।

# सावधान! आपकी जेब पर चल रही है बैंक की साइलेंट कैंची

विशेष रिपोर्ट | अर्थ डेस्क

डिजिटल इंडिया के इस दौर में बैंकिंग जितनी आसान हुई है, अनजाने शुल्कों का बोझ भी उतना ही बढ़ा है। साल 2026 की शुरुआत के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए कई कड़े बदलाव किए हैं।

अब जहां एक ओर 'डार्क पैटर्न्स' (भ्रामक डिजिटल ट्रिक्स) पर जुलाई 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध की तैयारी है, वहीं न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले जुर्माने को भी 'प्रोपोर्शनल' (आनुपातिक) बना दिया गया है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आपके खाते से कटने वाले एसएमएस चार्ज, एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट और डेबिट कार्ड के वार्षिक रखरखाव शुल्क आपके साल भर की बचत का एक बड़ा हिस्सा चुपचाप खत्म कर सकते हैं?

पेश है एक विस्तृत गाइड, जो न केवल आपको इन शुल्कों से परिचित कराएगी बल्कि आपके गाढ़े पसीने की कमाई बचाने के रास्ते भी दिखाएगी।

### न्यूनतम शेष राशि (मिनिमम बैलेंस पेनल्टी)

ज्यादातर बैंकों में आपको अपने खाते में एक निश्चित औसत राशि रखनी होती है। सरकारी बैंकों (जैसे एसबीआई) में अब जीरो बैलेंस की सुविधा है, जबकि प्राइवेट बैंकों में शहर के अनुसार 2,000 से 15,000 तक रखना अनिवार्य होता है। यदि आप यह बैलेंस नहीं रखते, तो बैंक 30 से लेकर 600 तक (शहर और बैंक के अनुसार) जुर्माना लगा सकते हैं। हमेशा अपने खाते का औसत बैलेंस चेक करते रहें। यदि आप बैलेंस नहीं रख पा रहे हैं, तो बी-एस-बी-डी (बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट) खाते या ज़ीरो बैलेंस खाते में स्विच करें।

### एटीएम ट्रांजैक्शन शुल्क

बैंक हर महीने कुछ फ्री ट्रांजेक्शन (आमतौर पर 3 से 5) देते हैं, इसके बाद शुल्क लगता है। फ्री लिमिट खत्म होने के बाद प्रति ट्रांजेक्शन 20 से 25 तक का चार्ज लग सकता है। महीने में कम बार लेकिन जरूरत के हिसाब से बड़ी राशि निकालें। जहाँ संभव हो यूपीआई का उपयोग करें ताकि नकद निकालने की जरूरत कम पड़े।

### डेबिट कार्ड वार्षिक शुल्क

बैंक आपके डेबिट कार्ड के रखरखाव के लिए साल में एक बार शुल्क काटते हैं। शुल्क कार्ड के प्रकार (क्लासिक, प्लैटिनम, सिग्नेचर) के आधार पर 150 से 1500 + जीएसटी तक हो सकता है। यदि आपको खास फीचर्स (जैसे एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस) की जरूरत नहीं है, तो रुपे (RuPay) क्लासिक या बेसिक कार्ड का चुनाव करें, जिनका शुल्क कम होता है।

### एसएमएस अलर्ट शुल्क

बैंक आपको ट्रांजैक्शन की जानकारी देने के लिए एसएमएस भेजते हैं, जिसका शुल्क लिया जाता है। यह आमतौर पर 15 से 20 प्रति तिमाही (क्वार्टरली) होता है शुल्क। आप बैंक के मोबाइल ऐप की 'पुश नोटिफिकेशन' चालू कर सकते हैं और एसएमएस अलर्ट बंद करवा सकते हैं (हालांकि सुरक्षा के लिए एसएमएस रखना बेहतर है)।




### अपर्याप्त बैलेंस के कारण ट्रांजैक्शन फेल होना

जब आप एटीएम से पैसे निकालते हैं या चेक/ईसीएस के जरिए पेमेंट करते हैं और खाते में पैसे कम होते हैं, तो ट्रांजैक्शन फेल होने पर जुर्माना लगता है। एटीएम डिक्लाइन पर 15-25 और चेक बाउंस पर 250 से 500 तक शुल्क लगता है। कोई भी पेमेंट या विड्रॉल करने से पहले अपने मोबाइल ऐप पर बैलेंस जरूर चेक करें।

# बंगाल एसआईआर : मतदाता पहचान के लिए अकेले एडमिट कार्ड मान्य नहीं

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-साथ में 10वीं की मार्कशीट को लगाना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पहचान सत्यापन के लिए कक्षा 10 के प्रवेश पत्र को उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र के साथ लगाया जा सकता है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद आदेश पारित किया।

अधिवक्ता ने इस बारे में चिंता जताई थी कि क्या इस तरह के प्रवेश पत्रों को अपने आप में पूर्ण पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह पहले ही निर्देश दे चुकी है कि प्रवेश पत्र केवल पूरक दस्तावेज होगा। पीठ ने कहा कि 24 फरवरी, 2026 के आदेश के अनुच्छेद 3(3) में उल्लिखित सभी दस्तावेज, जो अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा कल 5 बजे तक पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा। उसने कहा कि इस तरह, अनुच्छेद 3(तीन)(सी) में यह स्पष्ट किया गया कि माध्यमिक (कक्षा 10) के प्रवेश पत्रों को जन्म प्रमाण पत्र और पारिवारिक पहचान के रूप में उत्तीर्ण प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूची से नाम हटाये जाने की आशंका से संबंधित 80 लाख दावों को निपटाने के लिए पश्चिम बंगाल के 250 जिला न्यायाधीशों और झारखंड-ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को तैनात करने की अनुमति दी।

## करुणा मौत के पीछे की वजह

बेंगलुरू में 76 वर्षीय पूर्व इसरो वैज्ञानिक नागेश्वर राव द्वारा अपनी 63 वर्षीय पत्नी संध्या श्री की हत्या करन और फिर आत्महत्या का प्रयास, यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि हमारे बदलते समाज की एक गहरी त्रासदी और सभ्य आधुनिकता के खोखलेपन का आईना है। एक ऐसी मानसिक अवस्था को दर्शाता है जहां भविष्य का भय वर्तमान के जीवन से बड़ा हो जाता है। नागेश्वर की इकलौती बेटी अमेरिका में रहती है। घर पर दूसरा उनकी देखरेख के लिए कोई नहीं है। ऐसे में अकेलेपन की कोख से इस त्रासदी ने जन्म लिया और एक शिक्षित, बौद्धिक और समाज में सम्मानित व्यक्ति ने अपनी जीवन संगिनी का अंत कर दिया, उन्हें भय था कि मेरे बाद बीमार पत्नी को कौन संभालेगा। यह घटना भीतर से हमें झकझोरती है कि हम कैसा जीवन जी रहे हैं। आधुनिकता की दौड़ में जैसे हम रिश्ते-नाते खोते जा रहे हैं।

## अवसाद या अकेलापन



### हत्या के पीछे का मनोविज्ञान

- केयरगिवर बर्डन : लंबे समय तक बीमार जीवनसाथी की देखभाल करते-करते देखभाल करने वाला व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से टूट जाता है।
- भविष्य की चिंता : अपनी मृत्यु की कल्पना और उसके बाद असहाय साथी के दुख के विचार से उत्पन्न होने वाला चरम भय।
- परोपकारी हत्या : मनोविज्ञान में इसे वह स्थिति माना जाता है जहां व्यक्ति को लगता है कि वह पीड़ित को कष्ट से मुक्ति दिला रहा है।
- गंभीर अवसाद : आरोपी पहले से ही अवसाद का इलाज करा रहे थे, जिससे सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित हुई।

### आधुनिक जीवनशैली

- एकल परिवार : संयुक्त परिवार के टूटने से बुजुर्गों के पास संकट के समय कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं बचा है।
- भौगोलिक दूरी : बच्चों का करियर के लिए विदेश जाना (जैसे इस मामले में बेटी अमेरिका में थी) बुजुर्गों को भावनात्मक रूप से अनाथ बना देता है।
- सामाजिक अलगाव : अपार्टमेंट संस्कृति और सीनियर लिविंग समाज में सुरक्षा तो देते हैं, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव की कमी अक्सर अकेलापन बढ़ा देती है।

### हम क्या कर सकते हैं

- पड़ोसी धर्म : अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर पड़ोसियों से मेलजोल बढ़ाना ताकि किसी के घर में चल रहे तनाव का समय पर पता चल सके।
- संस्थागत जिम्मेदारी : सीनियर लिविंग कम्युनिटी को आवास ही नहीं, बल्कि इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम और 24/7 केयर स्टाफ उपलब्ध कराना चाहिए।
- परिवार का जुड़ाव : दूर रहने वाले बच्चों को वीडियो कॉल के साथ भौतिक उपस्थिति भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सरकार और संस्थाओं के लिए जरूरी कदम

- सामुदायिक निगरानी : पुलिस और स्थानीय प्रशासन को अकेले रहने वाले बुजुर्गों का डेटाबेस बनाकर नियमित डोर-टू-डोर संपर्क करना चाहिए।
- मानसिक स्वास्थ्य सहायता : बुजुर्गों के लिए समर्पित 'हेल्पलाइन' और मुफ्त मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र होने चाहिए।
- जेरिएट्रिक केयर : सरकारी अस्पतालों में बुजुर्गों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विशेष वार्ड और घर पर देखभाल की सुविधाएं बढ़ानी होंगी।
- कानूनी सुधार : आत्महत्या के प्रयास को मानसिक बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### तुर्किये का सैन्य विमान क्रैश, पायलट की मौत

**अंकारा।** तुर्किये वायु सेना का एफ-16 लड़ाकू विमान मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात पश्चिमी तुर्किये में एक राजमार्ग के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उसके पायलट की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बालिकेसिर प्रांत में स्थित 9वें मुख्य जेट बेस से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान से आधी रात के आसपास रेडियो और रडार संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने बताया कि तुरंत शुरू किए गए खोज और बचाव अभियान के बाद विमान का मलबा मिल गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई।

### बंगाल, झारखंड में 3 कोर्ट को मिली धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल और झारखंड की तीन निचली अदालतों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, हालांकि तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। बम की धमकी मिलने के बाद लोगों को अदालत से निकाला गया और तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक की तलाशी में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के आसनसोल और सूरी की जिला अदालतों तथा झारखंड की धनबाद दीवानी अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले।

### वेनेजुएला में 3,200 से अधिक कैदी रिहा

**काराकस।** वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के एक विशेष आयोग ने ऐलान किया है कि नए क्षमा कानून के लागू होने के चार दिन में 3,200 से अधिक लोगों को पूर्ण रूप से रिहा किया जा चुका है। रिहा होने वालों में जेल से छोड़े गए कैदियों के साथ-साथ वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें पहले घर पर नजरबंद या अन्य प्रतिबंधों के तहत रखा गया था। आयोग के प्रमुख सांसद जॉर्ज अरेआज़ा ने कहा कि अब तक रिहाई के लिए 4,203 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अनुरोधों के मूल्यांकन के बाद 3,052 लोगों को घर पर नजरबंदी या अन्य प्रतिबंधों से पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है, जबकि 179 अन्य को जेल से रिहा किया गया है।

### संजय लीला भंसाली की तबीयत ठीक

**मुंबई।** दिल का दौरा पड़ने के बाद फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की खबरों के बीच उनके परिवार ने बुधवार को बताया कि भंसाली बिल्कुल ठीक हैं। परिवार ने भंसाली को दिल का दौरे पड़ने की पुष्टि नहीं की और न ही जिक्र किया, बताया कि वह नियमित जांच के लिए अस्पताल गए थे।

# बच्चों के टीकाकरण दिशा निर्देशों में बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा

## मामला दर्ज कराने वाले राज्यों ने नई सिफारिशों को स्वास्थ्य के लिए बताया खतरनाक

- नई सिफारिशों को चिकित्सकीय सलाह की अनदेखी बताया

सैक्रामेंटो (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में एक दर्जन से अधिक राज्यों ने बच्चों के टीकाकरण के लिए सिफारिशों में बदलाव को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अवैध और खतरनाक कदम बताते हुए ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

राज्यों ने मंगलवार को दायर याचिका में कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने पिछले महीने यह घोषणा कर बच्चों के जीवन को जोखिम में डाल दिया कि अब सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, कुछ प्रकार के मेनिन्जाइटिस और आरएसवी के खिलाफ अनिवार्य रूप से टीका लगाने की सिफारिश नहीं की जाएगी। नए दिशानिर्देश के तहत इन बीमारियों से सुरक्षा केवल उन समूहों के लिए सुझाई गई है जिन्हें उच्च जोखिम वाला माना गया है या फिर डॉक्टर की सलाह पर साझा निर्णय प्रक्रिया के तहत टीकाकरण की अनुशंसा की गई है। इस बदलाव की चिकित्सा विशेषज्ञों ने आलोचना की है। एरिज़ोना और कैलिफोर्निया सहित राज्यों ने कहा कि नई सिफारिशें लंबे समय से चली आ रही चिकित्सीय सलाह की अनदेखी करती हैं और इससे बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए राज्यों को अधिक खर्च करना पड़ेगा। एरिज़ोना की अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, देशभर के बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह किसी सांस्कृतिक युद्ध का विषय नहीं है। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग की प्रेस सचिव एमिली जी. हिलियार्ड ने शिकायत को मुकदमे के रूप में पेश किया गया प्रचार का हथकंडा करार दिया।



### स्वास्थ्य कर्मचारियों की छंटनी भी अवैध बताया

स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के कार्यकाल में संघीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों से हजारों कर्मचारियों की छंटनी, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए धन में कटौती तथा फ्लोराइड सहित अन्य मुद्दों पर सरकारी दिशा-निर्देशों में बदलाव किए गए हैं। पिछले वर्ष कैनेडी ने एक टीका सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को हटाकर अपने नियुक्त सदस्यों को शामिल किया था, जिसे मंगलवार को दायर याचिका में अवैध बताया गया है। कुछ महीने पहले ही कैलिफोर्निया, वाशिंगटन और ओरेगन के डेमोक्रेटिक गवर्नरों ने अपनी अलग टीकाकरण सिफारिशों के लिए एक गठबंधन किया था। कहा था, ट्रंप प्रशासन पर स्वास्थ्य को जोखिम में डाल रहा है।

### प्रवासी बच्चों की वापसी का विरोध

**मैकलीन।** अमेरिका में वकीलों ने एक याचिका दायर करके अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों को पिछले वर्ष शुरू की गई उस संघीय नीति पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है, जिसके तहत बिना अभिभावकों के देश में प्रवेश करने वाले प्रवासी बच्चों पर स्वेच्छा से वापस जाने के वास्ते जोर दिये जाने का प्रावधान है। मानव तस्करी पीड़ित संरक्षण पुनः अनुमोदन अधिनियम के अनुसार, बिना अभिभावकों के देश में अवैध प्रवेश करते हुए सीमा पर पकड़े गए प्रवासी बच्चों को एक अलग संघीय एजेंसी ऑफिस ऑफ रिफ्यूजी रीसेटलमेंट के तहत संचालित आश्रयस्थल में भेजना अनिवार्य है।

## सीआईए की ईरान में मुखबिरों को मदद की पेशकश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान में सैन्य हमलों पर विचार करने के बीच अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने मंगलवार को ईरान में संभावित मुखबिरों को मदद की पेशकश की और सुरक्षित रूप से संपर्क करने के तरीकों के बारे में फारसी भाषा में निर्देश दिए। फारसी, कोरियाई, रूसी और मंदारिन भाषाओं में भेजे गए भर्ती संदेशों की श्रृंखला में यह हालिया पोस्ट है जिनमें केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) से संपर्क करने के सुरक्षित तरीके बताए गए हैं। मंगलवार को एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट किया गया फारसी भाषा का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिका-ईरान संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और ईरान की सरकार को देश में नए विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ रहा है।

ईरान के साथ तनाव बढ़ने के कारण अमेरिका ने पश्चिम एशिया में पिछले कुछ दशकों में अपनी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति तैनात की है। ट्रंप ने जनवरी में ईरान में हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर सरकार की कड़ी कार्रवाई के जवाब में सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके बाद उन्होंने ईरान को विवादित परमाणु कार्यक्रमों के संबंध में समझौता करने की चेतावनी दी।

## अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी, दो को जेल

- दिल्ली की कोर्ट ने टिप्पणी को गंभीर माना, दंपती को दी सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपी एक दंपती को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दंपति को बुधवार को मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पूर्वोत्तर की रहने वाली अपनी तीन पड़ोसियों पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को रूबी जैन और उसके पति हर्ष को गिरफ्तार किया था।

मालवीय नगर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के बाद दंपती को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, 20 फरवरी को किराए के मकान में मरम्मत कार्य को लेकर हुए विवाद के दौरान रूबी जैन ने अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पुलिस ने प्राथमिकी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा को भी शामिल किया है। पुलिस ने बताया कि शुरू में मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था, जिनमें आपराधिक धमकी, महिला की गरिमा का अपमान और विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने से संबंधित आरोप शामिल हैं।

### अत्याचार को सहन नहीं करेंगे : रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रीजीजू और खांडू दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ हुई उस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनके पड़ोसियों द्वारा कथित तौर पर नस्लीय टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह और उनका कार्यालय संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने यहां कहा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से पुलिस से बात की है और इस मामले पर नजर रख रहा हूं। हम आरोपियों को ऐसा सबक सिखाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पूर्वोत्तर के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे।

## ब्रिटेन में अब भारतीयों के लिए ई-वीजा अनिवार्य

- ब्रिटिश सरकार ने लागू की यात्रा में डिजिटल प्रणाली

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में बुधवार से लागू हो रहे नए नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। हाल के वर्षों में चरणबद्ध तरीके से लागू किए गए इस कार्यक्रम के तहत नई प्रक्रिया कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी।

हालांकि, नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

ब्रिटेन के प्रवासन और नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा कि मैं ब्रिटेन की यात्रा करने के इच्छुक सभी लोगों से आग्रह करूंगा कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और उनके पास आवश्यक अनुमति हो, ताकि उनकी यात्रा सुगम हो सके। ब्रिटेन आने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल यात्रा अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा, यदि उनके पास ई-वीजा, ईटीए या अन्य वैध दस्तावेज नहीं हैं तो एयरलाइन उन्हें विमान में सवार होने से रोक सकती है। ब्रिटेन ने पिछले साल ई-वीजा प्रणाली शुरू की थी, इस सप्ताह तक भौतिक दस्तावेज स्वीकारे।

## श्रीलंका में पूर्व खुफिया प्रमुख गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सैली को सीआईडी ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे। उनकी गिरफ्तारी 2019 के ईस्टर संडे धमाकों से जुड़ी है। साल 2019 में ईस्टर पर कोलंबो के गिरजाघरों और पांच सितारा होटलों में हुए हमलों में 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हुई थी। हमलों के समय सैली विदेश में राजनयिक पद पर तैनात थे। सेवानिवृत्त मेजर जनरल सैली 2015 से पहले राजपक्षे सरकार के दौरान राज्य खुफिया सेवा के प्रमुख रह चुके थे।

## पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद

- सीमावर्ती गांव में दहशतगर्दों ने बना रखा था अपना ठिकाना

मेंढर/जम्मू, एजेंसी

सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाया और दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) तथा एक पिस्तौल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी मेंढर क्षेत्र के सैलानी कसबलारी गांव में सेना और स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा चलाए गए एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि एक गुफा के भीतर छिपाकर रखे गए इन सामान में दो हथगोले और पिस्तौल के 24 कारतूस भी शामिल थे। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने स्रोतों और पुलिस से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, व्हाइट नाइट कोर के जवानों और एसओजी पुंछ ने मिलकर गनी वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया।

अभियान के तहत विस्तृत तलाशी के दौरान मौके से एक बड़ा और एक छोटा आईईडी, दो चीनी हथगोले, नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ एमएम के दो कारतूस और 7.62 एमएम के 22 कारतूस बरामद किए गए। आईईडी और हथगोलों को नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज का दिन अत्यधिक शुभ रहने वाला है। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा।

**मिथुन** आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए पूरी योजना बना लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी।

**कर्क** आज किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें।

**सिंह** आज आप किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा।

**कन्या** आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिये आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**तुला** आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** आज पारिवारिक कलह का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें।

**धनु** आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है।


**मकर** आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। धार्मिक विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी।

**कुंभ** आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन** आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 27 फरवरी 12.33 तक तत्पश्चात एकादशी।

दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। **ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**- मृगशिरा 12.11 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

### सुडोकू -73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

## चर्चित लूव्र संग्रहालय की निदेशक ने दिया इस्तीफा

- संग्रहालय से बेशकीमती गहनों की चोरी के बाद उठाया कदम

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के सबसे चर्चित लूव्र संग्रहालय से अक्टूबर में बेशकीमती गहनों की चोरी की घटना के बाद संग्रहालय की निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। गहनों की चोरी की घटना के बाद दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले इस संग्रहालय में सुरक्षा चूक, कर्मचारियों के असंतोष और कथित टिकट घोटाले को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने एक चुनौतीपूर्ण वर्ष के बाद पद छोड़ा।

पूर्व शाही महल रहे इस प्रतिष्ठित संस्थान को अपोलो गैलरी से आभूषण चोरी, मोना लिसा के पास फरवरी मध्य में पाइप फटने की घटना, पानी के रिसाव से दुर्लभ पुस्तकों को नुकसान, कर्मचारियों के असहयोग और भीड़भाड़ व स्टाफ की कमी को लेकर अचानक हड़ताल जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा। हाल के सप्ताहों में तब दबाव और बढ़ गया जब फ्रांसीसी अधिकारियों ने संग्रहालय से जुड़े एक दशक से जारी कथित टिकट धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा किया, जिससे लूव्र संग्रहालय को लगभग एक करोड़ यूरो का नुकसान होने का अनुमान है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दे कार्स का इस्तीफा स्वीकार करते हुए इसे जिम्मेदारी का कदम बताया और कहा कि इस समय लूव्र को सुरक्षा उन्नयन की आवश्यकता है।

नवाचार | वायासेट और बीएसएनएल ने शुरू किया देश में पहला पाठ्यक्रम

## सैटेलाइट संचार क्षेत्र में कौशल को देंगे बढ़ावा

- संयुक्त उपक्रम के तहत मिलेगा विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान

जबलपुर, एजेंसी

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और वायासैट इंडिया ने सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (टीआईआरटीसी) के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले साल गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की। वायासैट के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष (एडवांस्ड एनटीएन सॉल्यूशंस) संदीप मूर्ति और दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। सैटेलाइट एवं सैटेलाइट प्रौद्योगिकी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और करियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट जे. रवि ने कहा, नवाचार को बढ़ावा देने और देशज क्षमताओं का निर्माण करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप वायासैट के साथ गठबंधन के तहत हमारा प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर हमें वास्तव में बहुत प्रसन्नता है। हम भविष्य में इस गठबंधन का विस्तार करने को प्रतिबद्ध हैं।



### देश को दूरसंचार सेवा में अग्रणी बनाना मकसद

इसका उद्देश्य संचार के उन्नत क्षेत्र में अत्यधिक कुशल जनशक्ति तैयार करना और भारत को दूरसंचार डिजाइन, विकास, विनिर्माण और सेवाओं में अग्रणी बनने में मदद करना है। वायासैट कॉमर्शियल के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर ने कहा, भविष्य के लिए तैयार सैटेलाइट संबंधी प्रतिभा की पाइपलाइन का निर्माण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपनी डिजिटल एवं उभरती टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षा को लेकर आगे बढ़ रहा है। भविष्य में एक उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित करेंगे जहां छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला सिर्फ छक्कों की होड़ का नहीं होगा। हमारी टीम का फोकस टी20 विश्व कप के अहम मैच में केवल बड़े शॉट लगाने पर नहीं बल्कि हर मौके का पूरा फायदा उठाकर ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर है।


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार ,26 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### एनआरएआई के राष्ट्रीय जज कोर्स में 47 प्रतिभागी शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने बयान में कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, इस कोर्स में रिकॉर्ड प्रतिभागियों की उपस्थिति से भारतीय निशानेबाजी में निष्पक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने वाले कुशल जज का मजबूत समूह तैयार करने के लिए एनआरएआई की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उनका समर्पण विश्व स्तर पर भारत की निरंतर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। एनआरएआई अब अगले महीने आईएसएसएफ बी जज कोर्स का आयोजन करेगा।

### सेना का चैंपियनशिप का खिताब बरकरार

**गुलमर्ग, एजेंसी :** सेना ने बुधवार को यहां खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में अपना टीम चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखा। इसके लिए उन्होंने गुलमर्ग चरण में आठ स्वर्ण सहित कुल नौ पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के आखिरी दिन हिमाचल प्रदेश चार स्वर्ण पदक के साथ उप विजेता रहा। इन खेलों का समापन समारोह बृहस्पतिवार को यहां गोल्फ कोर्स में होगा। इन खेलों का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में हुआ था। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेना और हिमाचल प्रदेश ने बराबर चार-चार स्वर्ण मेडल जीते जबकि मेजबान जम्मू-कश्मीर ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

### आईटीएफ कलबुर्गी टूर्नामेंट एक मार्च से

**कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी।** उभरती स्टार वैष्णवी अडकर उन कई भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो यहां एक से आठ मार्च तक होने वाले आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर का हिस्सा है और इसकी कुल पुरस्कार राशि 30,000 अमेरिकी डॉलर है।

## टी-20 वर्ल्ड कप: न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रनों से हराकर किया टूर्नामेंट से बाहर

**कोलंबो, एजेंसी**



न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में श्रीलंका को 61 रन से हराकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया। जबकि श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैण्ड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा के तीन झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैककांकी (नाबाद 31रन)ने शानदार वापसी करते हुए बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के सुपर आठ मैच में टीम को सात विकेट पर 168 रन तक पहुंचा दिया। श्रीलंका को न्यूजीलैण्ड ने जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 107 रन ही बना सकी। इससे पूर्व न्यूजीलैंड ने 9.3 और 12.1 ओवर के बीच में नौ रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।इसमें तीक्षणा (30 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में मैच का रुख पलट दिया। मैककांकी ने अंत में मोर्चा संभाला जबकि सैंटनर ने महत्वपूर्ण समय पर सात विकेट के लिए महज 47 गेंद में 84 रन की अहम साझेदारी की।

## एफआईएच प्रो-लीग में भारत की पहली जीत

**होबार्ट, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराया



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो-लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।

पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलाानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रो-लीग का राउरकेला चरण भारत के लिए निराशाजनक रहा था जहां वह अपने सभी चार मैच में हार गया था।

# भारत-जिम्बाब्वे मैच आज : करो या मरो की चुनौती

### सेमीफाइनल में जाने के लिए दोनों को ही जीतना होगा यह मुकाबला

**चेन्नई, एजेंसी**



कल गुरुवार को टी20 विश्व कप का हाईवोल्टेज मैच भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेला जाएगा। सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद गिरे भारत के रनरेट ने चुनौती को और बढ़ा दिया है। भारत को यदि सेमिफाइनल में जगह बनानी है तो किसी भी हालत में कल का मैच जीतना ही होगा। सही कहा जाये कि यह स्थिति करो या मरो की है। ऐसा नहीं है कि ये हालात केवल भारत के लिए ही हैं। यही स्थिति जिम्बाब्वे के लिए भी है। उसे भी यदि सेमिफाइनल में जाना है तो जीतना है। यह बात की स्वीकारोक्ति आज प्रेस कॉन्फ्रेन्स में जिम्बाब्वे ऑलराउंडर रयान बर्ल ने की। माना कि दोनों ही टीमों के सामने चुनौती बड़ी कठिन है।

भारत के पास एक प्लस प्वाइंट ये है कि मैच भारत की ही धरती पर हो रहा है। लेकिन यही बात भारतीय टीम पर घरेलू दर्शकों के सामने खेलने और अहम मैच को जीतने का दबाव भी होगा। यह दबाव सूर्यकुमार यादव की टीम पर भारी न पड़े इसके लिए सूर्य कुमार और पूरी टीम को धैर्य के साथ एकाग्रचित्त होकर खेलना होगा।

सुपर आठ के पिछले मुकाबले में जहां भारत दक्षिण अफ्रीका से हारा था वहीं जिम्बाब्वे को वेस्टइंडीज के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी में विविधता उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। वहीं भारत के पास आक्रामक बल्लेबाज हैं जो पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते हैं। साथ ही किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। भारत का गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छा है। जिम्मबाब्वे के पास बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, दाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, दो लेग स्पिनर हैं और एक ऑफ स्पिनर है, एक बाएं हाथ का ऑफ स्पिनर है। जिम्बाब्वे की यही विविधता भारत को चुनौती है।

### नंबर-3 पर खेल सकते हैं संजू सैमसन

**चेन्नई, एजेंसी।** टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले अहम मैच से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बड़े संकेत दिए। यहां आउट ऑफ फॉर्म खिलाड़ियों का बचाव किया। वहीं क्रम में बदलाव कीसंभावना से इनकार भी नहीं किया। नंबर-3 पर संजू सैमसन को उतारने के सवाल पर कोटक ने साफ कहा कि विचार जरूर होगा। क ने माना कि टीम कॉम्बिनेशन को लेकर मंथन चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के दो बल्लेबाज ओपनर हैं और नंबर-3 पर भी बाएं हाथ का बल्लेबाज है। विपक्षी टीम स्पिन का इस्तेमाल कर रही है, ऐसे में बदलाव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

### विश्व कप जीतना है तो दबाव सहना ही होगा: कोटक



**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बुधवार को स्वीकार किया कि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनकी टीम पर दबाव रहेगा। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी इससे निपटने में सफल रहेंगे। बता दें कि अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के पहले मैच में 76 रन से हारने के बाद भारत को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे। जिम्बाब्वे के बाद वह रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। कोटक ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'विश्व कप भारत में खेला जा रहा है इसलिए दबाव और उम्मीद होना स्वाभाविक है।' कोटक को भारतीय खिलाड़ियों की मानसिक दृढ़ता पर कोई संदेह नहीं है। अगर हम विश्व कप जीतना चाहते हैं तो हमें दबाव से निपटना होगा।'

### भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना बहुत बड़ी चुनौती: बर्ल



**चेन्नई, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर रयान बर्ल ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना बहुत बड़ी चुनौती है। लेकिन कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप का अहम मैच खेलने का दबाव सूर्यकुमार यादव की टीम पर भारी पड़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हारने के कारण सुपर आठ का यह मैच भारत और जिम्बाब्वे दोनों के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। बर्ल ने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह हमारे लिए करो या मरो जैसा मैच है, लेकिन भारत की स्थिति भी हमारे जैसे ही है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को कल का मैच हर हाल में जीतना होगा। उन्होंने कहा, हमें भारत के साथ ज़्यादा खेलने का मौका नहीं मिलता, इसलिए हम इस मैच का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे।

## भारत को टीम कॉम्बिनेशन बदलना होगा : रवि शास्त्री

**चेन्नई, एजेंसी:** टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी है। अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली पराजय के बाद भारत को अब बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे से खेलना है। पिछले टी-20 विश्व कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा, आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है, लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जायेगा।'शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा,अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा।

## डोगरा के 'हेड-बट' से तनाव, जम्मू-कश्मीर छह विकेट पर 527 रन

**हुबली,एजेंसी**



शॉट खेलते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा। ● अमृत विचार

कप्तान पारस डोगरा (70 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन कर्नाटक के स्थानापन्न खिलाड़ी केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) की उनकी हरकत ने जम्मू-कश्मीर की अच्छी बल्लेबाजी पर पानी फेर दिया। जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टंप तक छह विकेट पर 527 रन बना लिए। डोगरा के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधावन (70), साहिल लोत्रा (नाबाद 57 रन) सभी ने अच्छा योगदान दिया।

कर्नाटक के गेंदबाजों के लिए यह दिन मुश्किल रहा जिसमें सिर्फ प्रसिद्ध कृष्णा (29 ओवर में 90 रन देकर तीन विकेट) ही प्रभाव डाल सके। हालांकि 21 सत्र के रणजी खिलाड़ी डोगरा के बर्ताव ने सभी को हैरान कर दिया। प्रसिद्ध की गेंद पर एक बाउंड्री लेने के बाद 'सिली प्वाइंट' क्षेत्ररक्षक अनीश को ''हेड-बट'' मारने की घटना कैमरे में कैद हो गई। यह साफ नहीं था कि अनीश की किसी भी बात से डोगरा को बुरा लगा होगा। उन्होंने अनीश से बहस की और फिर उनके हेलमेट पर सिर से धक्का दिया। इसके बाद उनके सीनियर साथी मयंक अग्रवाल बीच बचाव करने आए और दोनों के बीच खड़े हो गए। अग्रवाल को डोगरा के साथ बातचीत करते देखा गया, इसके बाद मैदानी अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गंधे ने बीच-बचाव किया। कुछ देर बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भी अंपायरों से बात करते और डोगरा के बारे में शिकायत करते देखा गया।

### डोगरा पर लग सकता है मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**हुबली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा पर बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन कर्नाटक के स्थानापन्न क्षेत्र रक्षक केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लग सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मैच रेफरी नारायणन कुट्टी की तरफ से जुर्माने की आधिकारिक घोषणा मैच खत्म होने के बाद ही होगी। लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के साथ मारपीट करने पर सजा और मैच प्रतिबंध लगता है। इस मामले में हालांकि घरेलू क्रिकेट के इस स्टार को कम सजा मिल सकती है। डोगरा पहले दिन नौ रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह दूसरे दिन अब्दुल समद के रूप में जम्मू-कश्मीर का तीसरा गिरने पर वापस क्रीज पर आए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 41 साल के कप्तान डोगरा का स्वागत लगातार शॉर्ट गेंद फेंककर किया। वहीं करीब के क्षेत्ररक्षकों ने इस पर मैदान पर कुछ फब्तियां भी कीं जिसमें ''सिली प्वाइंट'' पर खड़े अनीश भी शामिल थे। पारी के 101वें ओवर में डोगरा ने प्रसिद्ध की गेंद को अजीब तरह से खेला और यह खाली थर्ड स्लिप से बाउंड्री के लिए निकल गई। फिर देखा गया कि डोगरा मैदानी अंपायर अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गांधे का ध्यान दिलाने के बाद अनीश की ओर दौड़े और धीरे से अनीश को सिर से मारा जिन्होंने भी करीब से क्षेत्ररक्षण करने के कारण हेलमेट पहना हुआ था। फिर मयंक अग्रवाल भागे और बीच बचाव करने आए। फिर उनकी बहस हो गई जिसके बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल खुश नहीं थे।

## शतरंज में बेईमानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया: गुकेश

**प्राग, एजेंसी**



विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश ऑनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिये उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी, जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी।

हालांकि हाल ही में आई एक मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। गुकेश ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा , मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिये।'

इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्काडी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी।

## मानस धामने महा ओपन एटीपी चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में

**पुणे, एजेंसी**



वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ी मानस धामने ने बुधवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कभी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शामिल रहे बेलारूस के इल्या इवाश्का चोट के कारण मैच के बीच से हट गए, जिससे धामने ने अंतिम आठ में जगह बनाई। उस समय धामने 3-6 से पीछे चल रहे थे। धामने का अगला मुकाबला क्रोएशिया के डुजे अजदुकोविच से होगा।

धामने और गैर वरीयता प्राप्त अजदुकोविच के अलावा ग्रेट ब्रिटेन के एलस्टेयर ग्रे और इटली के छठी वरीयता प्राप्त फेडेरिको सिना क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। अजदुकोविच ने पुर्तगाल के पांचवीं वरीयता प्राप्त के फ्रेडरिको फरेरा सिल्वा को 6-2, 6-2 से हराया। ब्रिटेन के ग्रे ने एक सेट से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त इलिया सिमाकिन को 4-6, 7-6(7), 7-5 से हराकर उलटफेर किया। युगल के पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिद्धांत बंठिया (भारत) और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया) ने लुका कैस्टेलनुओवो (स्विट्जरलैंड) और उइसुंग पार्क (कोरिया) को 7-6(5), 6-2 से हराया।

**शिखर धवन की बड़ी जीत** | दिल्ली कोर्ट ने कहा-ऑस्ट्रेलियाई 'प्रॉपर्टी सेटलमेंट' भारतीय कानूनों के खिलाफ

# एक्स-वाइफ को दिया 5 .72 करोड़ लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन को दिल्ली के पटियाला हाउस फैमिली कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को लगभग 5.72 करोड़ रुपये (ऑस्ट्रेलियाई डॉलर में AU$812,397.50 AU$82,000) वापस करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया के फैमिली कोर्ट द्वारा दिए गए ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' के आदेश भारत में लागू नहीं होंगे, क्योंकि यह भारतीय कानूनों के हिसाब से खासकर हिंदू मैरिज एक्ट के विपरीत है।



### कोर्ट के मुख्य आदेश

- आयशा को प्रॉपर्टी बिक्री से मिली कुल रकम (AU$812,397 .50 AU$82,000) धवन को लौटानी होगी।
- इस राशि पर मुकदमा दायर करने की तारीख से अंतिम भुगतान तक 9% सालाना ब्याज भी देना होगा।
- आयशा की ओर से ऑस्ट्रेलियाई आदेश के आधार पर Rs 16 .9 करोड़ की मांग को खारिज किया गया।
- मामला एकतरफा चला क्योंकि आयशा ने दिल्ली कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

धवन और आयशा (ऑस्ट्रेलियाई नागरिक) की शादी 2012 में हुई थी, लेकिन 2021 में अलगाव के बाद 2023 में दिल्ली कोर्ट ने ''क्रूरता'' के आधार पर तलाक दे दिया। तलाक के बाद ऑस्ट्रेलियाई फैमिली कोर्ट ने ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' के तहत धवन को ऑस्ट्रेलिया में दो प्रॉपर्टी (बेरविक और क्लाइड नॉर्थ) की बिक्री से मिली रकम का बड़ा हिस्सा आयशा को देने का आदेश दिया था। भारतीय कानून में ऐसी संपत्ति का ''मैरिटल पूल'' बनाकर 60% तक पत्नी को देने का कोई प्रावधान नहीं है। धवन ने दिल्ली कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट में वे अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि पूर्व पत्नी की धमकियों के कारण पेश हुए थे। आयशा ने धमकी दी थी कि अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया तो करियर-बर्बाद करने वाला मटेरियल फैलाया जाएगा। कोर्ट ने माना कि यह सहमति जबरदस्ती, धोखे और धमकी से ली गई थी, इसलिए वह फाइनेंशियल एग्रीमेंट रद्द है।

### जज ने कहा:

"ऑस्ट्रेलियाई फैमिली लॉ एक्ट, 1975 के तहत ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' का कॉन्सेप्ट भारतीय पब्लिक पॉलिसी, हिंदू मैरिज एक्ट, ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट और अन्य कानूनों के खिलाफ है। विदेशी आदेश भारत में स्वत: लागू नहीं होते, खासकर जब वे भारतीय मैट्रिमोनियल लॉ से मेल नहीं खाते।

## भारतीय बधिर टीम ने पहला एडीसीए टी-20 एशिया कप जीता

**कटक, एजेंसी।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां श्रीलंका को छह विकेट से हराकर पहला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम ने इससे पहले प्रतियोगिता के पहले मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराया था और फिर नेपाल पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।श्रीलंका ने टूर्नामेंट के तीसरे मैच नेपाल के खिलाफ छह विकेट से हराया था।

श्रीलंका ने फिर उलट मुकाबले में नेपाल को 157 रन से हराया जबकि भारत को एक रन से करीबी जीत के लिए कड़ी मेहनत करवाई। भारत ने अपने अगले मैच में नेपाल को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

फाइनल में साई आकाश को 14 गेंद में 27 रन बनाने के साथ दो विकेट लेने के लिए ''प्लेयर ऑफ द मैच'' चुना गया।